बैशाख कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 3 मई 2024
वर्ष 4, अंक 75, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास 14

नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज वाजपेयी 13

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
फेस्टिवल ऑफर
₹5/- प्रतिदिन

## एक नजर

### राजपाल लेघा बने भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के अपर निदेशक



राजपाल लेघा को निदेशक का कार्यभार सौंपा गया है। औद्योगिक विकास खनन अनुभाग के अपर सचिव लक्ष्मण सिंह की ओर से बीते बुधवार को जारी शासनादेश में भूतत्व एवं खनिकर्म के निदेशक एसएल पैट्रिक को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद अपर निदेशक का कार्यभार संभाल रहे राजपाल लेघा को निदेशक के पद पर नियुक्त किया गया है।

### सिसोदिया ने हाईकोर्ट में लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में जमानत के लिए गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सिसोदिया की जमानत याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए भेजा गया और इस पर तीन मई को सुनवाई होगी। 'आप' नेता ने दोनों मामलों में जमानत मांगी है, एक ईडी द्वारा दर्ज है और दूसरे की जांच सीबीआई कर रही है।

### दिल्ली-दुबई के बीच ए350 का परिचालन

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए350 विमान का परिचालन किया। अंतर्राष्ट्रीय मार्ग पर ए350 विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान है। कंपनी की योजना आने वाले महीनों में और अधिक विदेशी मार्गों पर इस बड़े आकार के विमान का इस्तेमाल करने की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन अब दिल्ली और दुबई के बीच दैनिक सेवा संचालित कर रही है, जिसमें विमान में 316 सीट के साथ तीन श्रेणी के केबिन हैं।

## केंद्र सरकार ने कहा, हमारे नियंत्रण में नहीं सीबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- प. बंगाल सरकार के एक वाद पर सुप्रीम कोर्ट में दिया जवाब

केंद्र सरकार ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय में कहा कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) उसके 'नियंत्रण' में नहीं है। केंद्र ने पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से दायर वाद पर अपनी आपत्तियों में यह बात कही।

दरअसल बंगाल सरकार ने अपने वाद में कहा है कि सीबीआई राज्य की पूर्वानुमति के बिना कई मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है जिसमें आरोप लगाया गया है कि सीबीआई प्राथमिकी दर्ज कर रही है और अपनी जांच आगे बढ़ा रही है जबकि राज्य ने अपने अधिकार क्षेत्र में संघीय एजेंसी को मामलों की जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि राज्य ने जो वाद दायर किया है और उसमें जिन मामलों का जिक्र है वे केन्द्र ने दर्ज नहीं किए हैं बल्कि सीबीआई ने दर्ज किए हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। राजपुर थाना क्षेत्र के ब्राह्मणवाला गांव में एक फ्लैट से आईपीएल मैचों के लिए ऑनलाइन सट्टा लगवाया जा रहा था। मौके से आठ लैपटॉप, 50 मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, एक डेबिट कार्ड समेत अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को राजपुर क्षेत्र में आईपीएल मैचों में ऑनलाइन सट्टा लगाने वाले अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के संबंध में सूचना मिली थी। एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी मसूरी अनुज कुमार के नेतृत्व में कई



देहरादून पुलिस द्वारा पकड़े गए ऑनलाइन सट्टा गिरोह के सदस्य

टीमों को इसकी खोज में लगा दिया। पुलिस टीमों ने राजपुर क्षेत्रान्तर्गत ब्राह्मणवाला गांव में पुरूकुल रोड के किनारे स्थित एक फ्लैट में छापा मारकर ऑनलाइनसट्टा लगवाने वाले नौ अभियुक्तों को दबोच लिया।

पकड़े गए अभियुक्तों से छत्तीसगढ़ के सिराज मेमन पुत्र अब्दुल फरीद निवासी (26) सिविल लाइन निकट साई मंदिर, जिला दुर्ग, सौरभ पुत्र जानकी राम (23) निवासी गली नंबर 2, जिला चिलवाड़ा, विवेक अधिकारी पुत्र इंद्र अधिकारी (20) निवासी कोरबा, मोनू पुत्र हरीश (24) निवासी अंबिकापुर जनपद सरगुआ, शिवम पुत्र अरुण निवासी (23) जनपद रायपुर, लोकेश गुप्ता पुत्र सीताराम (29) निवासी पीपल चौराहा, करोड़ मध्य प्रदेश, बिहार के सोनू पुत्र उपेंद्र सिंह (23) निवासी मिन्हे कॉलेज, औरंगाबाद, विकास पुत्र हरेंद्र (33) निवासी कर्जा (मुजफ्फरपुर), शत्रुघन पुत्र राजकुमार (21) निवासी जीवन नाथ थाना सरैया (मुजफ्फरपुर) शामिल हैं। अभियुक्तों के कब्जे से ऑनलाइन सट्टा लगाने में इस्तेमाल हो रहे कुल 8 लैपटॉप, 50 मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व अन्य सामग्री हुई बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक ऑनलाइन सट्टे का पूरा नेटवर्क दुबई से शुभम नाम के व्यक्ति द्वारा संचालित किया जाता है तथा देहरादून में सट्टे का काम सिराज मेनन देखता था। अभियुक्त मोबाइल फोन के जरिये ऑनलाइन सट्टे की साइट, लेजर, टाइगर तथा ऑल पैनल पर जाकर सट्टा खिलवाते हैं। सट्टे की सारी धनराशि ऑनलाइन गूगल पे के माध्यम से ली जाती है। आज अभियुक्तों द्वारा आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाकर लगभग सवा नौ लाख का कलेक्शन किया था तथा पूरे मैच में लगभग एक करोड़ का कलेक्शन किया जाना था।

**कार्रवाई**

- राजपुर के ब्राह्मणवाला गांव में एक फ्लैट से आईपीएल मैचों के लिए चल रहा था ऑनलाइन सट्टा
- दुबई से जुड़े हैं ऑनलाइन सट्टा गिरोह के तार, बैंक खातों में 9.25 लाख रुपये फ्रीज कराए

# चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले पूर्ण करें सभी तैयारियां : रतूड़ी

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने केदारनाथ व बदरीनाथ में पुनर्निर्माण का लिया जायजा

ब्यूरो देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने चारधाम यात्रा शुरू होने से पूर्व केदारनाथ एवं बदरीनाथ का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने धामों में पुनर्निर्माण में तेजी लाने समेत कई जरूरी दिशा निर्देश दिए। जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त मानव संसाधन लगाने को भी कहा।

मुख्य सचिव रतूड़ी गुरुवार की सुबह करीब पौने आठ बजे हवाई मार्ग से केदारनाथ पहुंचीं। उन्होंने मंदाकिनी-सरस्वती घाट, गेस्ट हाउस, अस्पताल, आस्था पथ, केदारनाथ मंदिर परिसर सहित अन्य निर्माणाधीन योजनाओं का जायजा लिया और डेडलाइन से पहले सभी निर्माण पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिरिक्त मजदूर लगाकर आस्था पथ एवं वाटर एटीएम समय पर लगाने को कहा ताकि यात्रा में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो। डीएम को अधिक संसाधनों का प्रयोग कर निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए गोल चबूतरे से मंदिर परिसर तक कॉरिडोर तेजी से बनवाने के निर्देश दिए। चारधाम यात्रा 10 मई से शुरू हो



श्री केदारनाथ धाम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करतीं मुख्य सचिव राधा रतूड़ी व साथ में मौजूद अन्य अधिकारी

रही है। इसी दिन केदारनाथ धाम के कपाट खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 10 मई को कपाट खुलने से पूर्व सभी काम हो जाएं। सभी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामाग्री में गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी।

इसके बाद उन्होंने श्रीबद्रीनाथ धाम के लिए उड़ान भरी। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुल रहे हैं। धाम में पहुंचने पर उन्होंने यात्रा व्यवस्थाओं और पुनर्निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और सुविधाजनक बनाने के लिए समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। मुख्य के साथ वैकल्पिक मार्गों को भी सुचारू रखा जाए। उन्होंने शेष नेत्र व बद्रीश झील, अराइवल प्लाजा, अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यों की पूरी जानकारी ली। इस दौरान पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, पर्यटन विभाग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भास्कर खुल्बे, पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे आदि मौजूद रहे।

### बर्फबारी से तैयारियों में बाधा

**देहरादून :** चारधाम यात्रा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं, लेकिन मौसम का बदलता मिजाज केदारनाथ धाम की तैयारियों में खलल डाल रहा है। मई के महीने में भी केदारनाथ धाम में रोजाना दोपहर बाद बर्फबारी हो रही है, जिससे मजदूरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रथम चरण में ग्लेशियर काटकर पैदल मार्ग को आवाजाही के लिए तैयार कर लिया गया है। वहीं, अब द्वितीय चरण का पुनर्निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया है। केदारनाथ धाम यात्रा की तैयारियों में मौसम सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। मई जैसे गर्म महीने में भी धाम में आए दिन दोपहर बाद बर्फबारी हो रही है।

## जंगल की आग की चपेट में आने से नेपाली लीसा श्रमिक की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विधानसभा सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में गुरुवार को भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और वह गांव की सीमा की ओर बढ़ने लगी। इस बीच जंगल में लीसा निकालने में जुटे चार लीसा श्रमिक भी आग की लपटों के बीच फंस गए। आग बुझाने का प्रयास कर रहे एक श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हवालबाग के ज्येष्ठ प्रमुख आनंद सिंह डंगवाल ने बताया कि गुरुवार को प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन के पैतृक गांव स्यूनराकोट के जंगल में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। वनाग्नि की इस घटना के दौरान जंगल में लीसा निकालने का काम कर रहे चार नेपाली श्रमिक आग की लपटों के बीच फंस गए। चारों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया। लेकिन भीषण लपटों के बीच वे आग अपने आप को नहीं बचा सके और झुलस गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वनाग्नि की इस घटना में दीपक बहादुर (35) नाम के नेपाली श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य श्रमिक ज्ञानेश, तारा और पूजा गंभीर रूप से झुलस गए। आनन -फानन में ग्रामीणों की मदद से घायलों को जंगल से बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लीसा ठेकेदार और पूर्व प्रमुख रमेश भाकुनी ने बताया कि हादसे की सूचना प्रशासन समेत इमरजेंसी सेवा 108 को दी गई। लेकिन, सूचना के चार घंटे बाद भी एबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। जिस कारण घायलों को स्थानीय वाहनों से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। तीनों घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, वे 80 फीसदी से अधिक झुलस गए हैं। उन्हें हायर सेंटर रेफर किया जा रहा है। इधर, प्रभागीय वनाधिकारी दीपक सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल वन विभाग की टीम को मौके की ओर रवाना कर दिया गया था। अचानक हुए इस हादसे के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।



- तीन अन्य लपटों की चपेट में आने से झुलसे गंभीर हालत में बेस अस्पताल भर्ती
- जंगल में लीसा निकालने गए थे श्रमिक अचानक लगी आग के बीच घिर गए

स्यूनराकोट क्षेत्र में वनाग्नि की घटना सामने आई है। इस हादसे में एक नेपाली मूल के लीसा श्रमिक की मौत और तीन लीसा श्रमिकों के घायल होने सूचना मिली है। घायलों को हरसंभव मदद पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

**मोहन राम, रेंजर, वन विभाग, अल्मोड़ा**

## अब यूपी में बन रहीं मिसाइल और तोप... पाकिस्तान में बरसेंगे गोले

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- गृहमंत्री अमित शाह ने बरेली की जनसभा में कांग्रेस और सपा पर साधा निशाना
- बोले-वोट बैंक खिसकने के डर से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए

**अमृत विचार :** गृहमंत्री अमित शाह ने यह कहते हुए समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा कि उसके शासन में यूपी में देसी कट्टे बनाने के कारखाने थे, अब मिसाइल और तोप बन रही हैं जो पाकिस्तान पर गोले बरसाने का काम करेंगी। उन्होंने कांग्रेस पर अयोध्या में राम मंदिर के मामले को 70 साल तक लटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार में राम मंदिर बनने के बाद प्राण प्रतिष्ठा भी हुई पर कांग्रेस और सपा के नेता निमंत्रण के बाद भी वोट बैंक खिसकने के डर से वहां नहीं गए।

गृहमंत्री गुरुवार को बरेली के हार्टमन रामलीला मैदान पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के सामने घमंडिया इंडी गठबंधन चुनाव लड़ रहा है। शहजादे राहुल बाबा ने चुनाव की शुरुआत भारत जोड़ो यात्रा से की थी, लेकिन आज बरेली में कहकर जा रहा हूं कि चार जून के बाद कांग्रेस ढूंढो यात्रा से इसका समापन होगा। उत्तर प्रदेश की जनता एक बार फिर गुंडाराज और परिवारवाद को नकारकर भाजपा के विकासवाद को चुनने जा रही है। दो चरणों के चुनाव में कांग्रेस दूरबीन लेकर ढूंढने से भी नजर में नहीं आ रही है।

## प्रज्ज्वल के खिलाफ लुकआउट नोटिस

कलबुर्गी (कर्नाटक), एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**



- 24 घंटे में पेश न होने पर एसआईटी करेगी गिरफ्तार

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने गुरुवार को कहा कि महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हासन से जनता दल (एस) सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार करने के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। प्रज्ज्वल इस समय विदेश में हैं। इस वजह से विशेष जांच दल (एसआईटी) के सामने पेश होने के लिए सात दिन और मांगे जाने पर उन्होंने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय देने का प्रावधान नहीं है। एसआईटी मामले की जांच कर रही है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि यह लुकआउट नोटिस यह पता चलने के तुरंत बाद जारी किया गया कि प्रज्ज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों को इस बारे में बता दिया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री और जद (एस) संरक्षक एचडी देवेगौड़ा के पोते और विधायक व पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के बेटे हैं। इसके पहले हाल के दिनों में हासन में कथित तौर पर सांसद से जुड़े कुछ वीडियो क्लिप प्रसारित होने लगे थे। वे हासन लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के उम्मीदवार हैं। इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान हुआ था। गृहमंत्री परमेश्वर ने कहा कि आरोपी को समय दिए जाने के बारे में एसआईटी के सदस्य कानूनी राय ले रहे हैं। इससे पहले एक महिला ने प्रज्ज्वल और उनके पिता के खिलाफ यौन उत्पीड़न को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता के बयान दर्ज कर लिए गए हैं।

### कोई मंजूरी न तो मांगी गई, न दी गई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जद (एस) सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में न तो उससे कोई राजनीतिक मंजूरी मांगी गई और न ही (कोई मंजूरी) जारी की गई। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है।

## 2जी स्पेक्ट्रम फैसले में संशोधन की केंद्र की याचिका अस्वीकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री का फैसला

सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने 2जी स्पेक्ट्रम मामले में न्यायालय के 2012 के फैसले में संशोधन के अनुरोध वाली केंद्र की याचिका को विचारार्थ स्वीकार करने से संभवतः इनकार कर दिया है।



कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि सरकार देश के प्राकृतिक संसाधनों के हस्तांतरण में नीलामी का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य है। सूत्रों ने बताया कि शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री ने सरकार की याचिका को गलत व्याख्या वाली और स्पष्टीकरण के अनुरोध की आड़ में फैसले पर पुनर्विचार का प्रयास करार दिया। रजिस्ट्रार ने सुप्रीम कोर्ट नियमावली 2013 के प्रावधानों के अनुरूप इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के नियम के अनुसार, रजिस्ट्रार इस आधार पर याचिका लेने से इनकार कर सकता है कि इसमें कोई उचित कारण नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ता इस तरह के आदेश के 15 दिनों के भीतर प्रस्ताव के माध्यम से अपील कर सकता है। शीर्ष अदालत ने दो फरवरी 2012 के अपने फैसले में जनवरी 2008 में दूरसंचार मंत्री के रूप में ए. राजा के कार्यकाल के दौरान विभिन्न कंपनियों को दिए गए 2जी स्पेक्ट्रम लाइसेंस रद कर दिए थे। केंद्र की ओर से अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने 22 अप्रैल को प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला की पीठ के समक्ष अर्जी का उल्लेख किया था।

## जिंदा है गोल्डी बराड़, अमेरिकी पुलिस ने मौत से किया इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी



- फ्रेस्नो गोलीबारी कांड में मारा गया व्यक्ति कोई और था

अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य की पुलिस ने इन खबरों को खारिज किया है कि फ्रेस्नो शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया व्यक्ति कनाडा निवासी आतंकवादी सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ था।

बराड़ को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की घटना का मास्टरमाइंड बताया जाता है। फ्रेस्नो बी अखबार की खबर के अनुसार, फेयरमोंट-होल्ट एवेन्यू की एक गली में गैंगवार की घटना में मारे गए व्यक्ति की पहचान 37 वर्षीय जेवियर ग्लैडनी के रूप में हुई है। पुलिस ने यह भी कहा कि यह घटना भारत में हुई मूसेवाला की हत्या से जुड़े मामले से संबंधित नहीं है। इसने कहा कि भारतीय मीडिया में बुधवार को अटकलें लगाई गईं कि घटना में मारा गया व्यक्ति मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड बराड़ था। अखबार के अनुसार, फ्रेस्नो पुलिस ने कहा कि विभाग को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया से कई कॉल आ रही हैं और अधिकारी भारत तथा अमेरिका में हुईं घटनाओं के बीच संबंध की बात को खारिज करने पर कार्य कर रहे हैं।

## दिल्ली महिला आयोग के 223 कर्मी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के 223 संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी जिसके बाद इस सिलसिले में एक आदेश जारी किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) विभाग ने डीसीडब्ल्यू को इन संविदा कर्मचारियों को बर्खास्त करने का निर्देश दिया है। उसका कहना है कि उन्हें उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना काम पर रखा गया था। वहीं दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने इस आदेश की आलोचना की है।

## 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावला है पड़ोसी मुल्क

आणंद (गुजरात), एजेंसी

**गुजरात में गरजे मोदी, कहा-कांग्रेस पाकिस्तान की मुरीद**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस को 'पाकिस्तान का मुरीद' करार देते हुए आरोप लगाया कि भारत की सबसे पुरानी पार्टी आज जब 'मर' रही है तो उसके लिए पड़ोसी मुल्क के नेता दुआ कर रहे हैं और 'शहजादे' को प्रधानमंत्री बनाने के लिए उतावले हैं क्योंकि देश के दुश्मन यहां एक कमजोर सरकार चाहते हैं। मध्य गुजरात के आणंद शहर में आणंद और खेड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह आरोप भी लगाया कि कांग्रेस देश के संविधान में बदलाव



कर मुस्लिमों को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदायों का आरक्षण देना चाहती है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस को पाकिस्तान के साथ जोड़ने का मोदी का बयान ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले पाकिस्तान में इमरान खान की कैबिनेट में मंत्री रहे चौधरी फवाद हुसैन ने कथित तौर पर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर राहुल गांधी का एक वीडियो साझा किया था और उनकी तारीफ की थी। मोदी ने कटाक्ष किया कि संयोग देखिए, आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। उन्होंने कहा कि यह आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि हम पहले से ही जानते हैं कि कांग्रेस पाकिस्तान की 'मुरीद' है। पाकिस्तान और कांग्रेस की साझेदारी का पर्दाफाश हो गया है।

### निजीकरण लागू कर आरक्षण छीन रही सरकार : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अंधाधुंध तरीके से निजीकरण लागू करके दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों से गुपचुप तरीके से आरक्षण छीनने का गुरुवार को आरोप लगाया और कहा कि उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों को मजबूत करने और रोजगार के दरवाजे खोलने की गारंटी देती है। कांग्रेस नेता ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण समाप्त करने का नरेन्द्र मोदी के अभियान का मंत्र है-'न रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी' मतलब न तो सरकारी नौकरियां रहेंगी और न ही आरक्षण देना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ा वर्ग से आरक्षण छीन रही है। उन्होंने कहा कि 2013 में सार्वजनिक क्षेत्रों में 14 लाख स्थायी पद थे जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8 .4 लाख ही बचे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के शीर्ष उपक्रमों को बरबाद करके सार्वजनिक क्षेत्र से कम से कम छह लाख स्थाई नौकरियां छीन ली गईं।

## सार-संक्षेप



रेस्टोरेंट से पनीर का सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी। ● अमृत विचार

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने प्रतिष्ठानों में मारा छापा

**नैनीताल :** पर्यटन व ग्रीष्म सीजन को लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट हो गया है। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग ने नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। साथ ही खुले में खान-पान के उत्पाद न बेचने की सख्त हिदायत दी। सीनियर फूड सेफ्टी ऑफिसर अभय कुमार सिंह ने बताया कि टीम ने नगर के करीब एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान गाड़ी पड़ाव स्थित एक रेस्टोरेंट में एक्सपायरी मसाला पाए जाने पर स्वामी पर चालान काटा गया। साथ ही कई दुकानों से भी खाद्य पदार्थों के सैंपल लिये गये। जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। अगर कोई भी सैंपल फेल पाया जायेगा उसके संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

### जहां पेयजल संकट वहां टैंकरों से पानी भिजवाए जल संस्थान

**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने भीमताल में जल निगम व जल संस्थान के



अधिकारियों को ओखलकांडा, धारी, रामगढ़ व भीमताल ब्लॉकों के कई गांवों में पेयजल संकट की शिकायत की। उन्होंने कहा कि इस वजह से ग्रामीणों को परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या का समाधान करना अति आवश्यक है। विधायक ने कहा कि सभी ब्लॉकों के जिन-जिन गांवों में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई थी, उक्त गांवों के लिए जल जीवन मिशन योजना में करोड़ों की स्वीकृति मिल चुकी है। सैकड़ों गांवों में इस योजना के अंतर्गत पेयजल लाइन बिछाई जा रही है। इस योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए काम किया जाए। जब तक पेयजल लाइन नहीं बिछाई जाती है तब तक वहां टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाए।



ईओ को विदाई देते व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### व्यापार मंडल व होटल एसो. ने ईओ आनंद को दी विदाई

**नैनीताल :** प्रशिक्षण के तहत नगर पालिका में ईओ व एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी राहुल आनंद ने गुरुवार को पालिका में अपना कार्यभार पूरा किया। सुबह से उन्हें विदाई देने वालों का तांता लगा रहा। लोगों का स्नेह देखकर ईओ भावुक हो उठे। मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने पहाड़ी टोपी, शॉल, प्रतीक चिन्ह व बुके देकर ईओ राहुल आनंद को विदाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष पुनीत टंडन ने कहा कि राहुल आनंद के पदभार ग्रहण करने के बाद छह माह में पालिका की हालत में काफी सुधार आया है। पहले कर्मचारी नदारद रहते थे, ईओ की सख्ती के बाद कर्मचारियों ने ईमानदारी से काम करना शुरू किया। इधर, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी ईओ राहुल आनंद को विदाई दी। अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने कहा कि नैनीताल नगर में ईओ राहुल आनंद ने अनेक सराहनीय कार्य करवाए गए। इस दौरान सचिव वेद साह, उपसचिव रमनजीत सिंह मौजूद रहे।

### नशेड़ी ने मुख्य बाजार में मचाया उत्पात



**कालाढूंगी :** मुख्य बाजार में गुरुवार को एक नशेड़ी ने जमकर उत्पात मचाया। करीब एक घंटे के हंगामे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी सूचना। मौके पर पहुंची पुलिस ने नशेड़ी युवक को पकड़ लिया। लेकिन युवक पुलिस से ही उलझने लगा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। थाना अध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया नशेड़ी युवक का मेडिकल कराकर कर चालान काटा गया है।

# नैक ने कुविवि की शैक्षणिक गुणवत्ता परखी

## टीम विश्वविद्यालय, डीएसबी और भीमताल परिसर का दो दिवसीय करेगी निरीक्षण, रिपोर्ट से तय होगा विवि का ग्रेड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) की पीयर टीम ने कुमाऊं विश्वविद्यालय का पुनर्मूल्यांकन शुरू कर दिया है। नेशनल असेसमेंट एंड एक्रिडिएशन काउंसिल की नैक पीयर टीम कुमाऊं विश्वविद्यालय परिसर, डीएसबी परिसर और भीमताल परिसर का दो दिवसीय निरीक्षण करेगी।

पूर्व में नैक की ग्रेडिंग से कुमाऊं विश्वविद्यालय संतुष्ट नहीं था। जिसके बाद कुलपति के विशेष अनुरोध पर नेक की टीम गुरुवार को पुनः मूल्यांकन के लिए विश्वविद्यालय पहुंची है। निरीक्षण के दौरान नैक की टीम ने विश्वविद्यालय के दोनों परिसरों में शिक्षकों, बुनियादी सुविधाओं, सर्वोत्तम और अभिनव प्रथाएं, शैक्षणिक गुणवत्ता एवं शोध कार्य का निरीक्षण करने के साथ ही छात्र संघ के पदाधिकारी से शैक्षणिक कार्यों समेत सुविधाओं की जानकारी ली।

नैक टीम के विश्वविद्यालय पहुंचने पर एनसीसी कैडेट ने गार्ड




कुमाऊं विश्वविद्यालय में बैठक करती नैक की टीम। ● अमृत विचार

ऑफ ऑनर दिया गया। जिसके बाद प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने नैक टीम का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की पिछले पांच वर्ष की सभी गतिविधियों, उपलब्धियों, पाठ्यक्रमों, एकेडेमिक एक्सलेंस, सामाजिक जुड़ाव जैसे सभी बिन्दुओं पर विश्वविद्यालय के कार्यों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया। इसके बाद आईक्यूएसी का प्रजेन्टेशन निदेशक प्रो. संतोष कुमार ने दिया। जिसके बाद नैक टीम ने केंद्रीय पुस्तकालय का भ्रमण कर उपलब्ध पुस्तकों-जर्नल के बारे में पूछताछ की। वहीं यूजीसी-एचआरडीसी, एनसीसी, कैंटीन, डिस्पेंसरी का भी निरीक्षण किया। नैक टीम ने प्रशासनिक भवन, वित्त, प्रशासन, मान्यता, परीक्षा अनुभाग, गोपनीय अनुभाग, ईआरपी सेल, शोध अनुभाग, केंद्रीय पुस्तकालय एवं यूजीसी-मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर में जाकर जानकारी प्राप्त कर संपत्ति कार्यालय, खेल अनुभाग एवं स्वास्थ्य केंद्र आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नैक टीम ने जहां डीएसबी परिसर में जाकर सभी विभागों की पिछले पांच वर्ष की सभी गतिविधियों, उपलब्धियों, पाठ्यक्रमों, एकेडेमिक कार्य, छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान निदेशक डीएसबी परिसर प्रो. नीता बोरा, निदेशक सर जेसी बोस परिसर प्रो. एलके सिंह, कुलसचिव दिनेश चंद्रा, वित्त नियंत्रक अनीता आर्या, परीक्षा नियंत्रक डॉ. महेंद्र राणा, प्रो. अतुल जोशी, प्रो. एमएस मावरी, प्रो. कुमुद उपाध्याय, प्रो. जीत राम, प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. संजय पंत, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. एमसी जोशी, प्रो. ललित तिवारी समेत मौजूद रहे।

### नैक टीम में यह रहे शामिल

नैक पीयर टीम में चेयरमैन प्रो. टीवी कट्टीमनी कुलपति इंदिरा गांधी नेशनल ट्राइबल यूनिवर्सिटी आन्ध्र प्रदेश, प्रो. अपूर्बा रतन घोष निदेशक यूजीसी एकेडमिक स्टाफ कॉलेज, द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्दवान वेस्ट बंगाल, प्रो. दिनेश कुमार मेहता एमएम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हरियाणा, प्रो. मुरलीकृष्णा चालला उस्मानिया यूनिवर्सिटी तेलंगाना, प्रो. चंद्रकांत बाविस्कर, स्वामी रामानंद तीर्थ मराठवाडा यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र, प्रो. हेमंत शर्मा प्रो. वाइस चांसलर जीएनए यूनिवर्सिटी पंजाब सम्मिलित हैं।

## बिना पंजीकरण के चल रहा होटल सील

**नैनीताल, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव के निर्देश पर जिला प्रशासन व विभिन्न विभागों की संयुक्त टीमों ने होटल और रेस्टोरेंटों का निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता मिलने पर एक होटल सील किया गया। साथ ही गंदगी, खाद्य सामग्री एक्सपायर मिलने पर नौ लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई।

गुरुवार को एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में प्रशासन, नगर पालिका, पर्यटन विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस टीम ने नगर के होटल व रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया। निरीक्षण में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को मसाले और ब्रेड एक्सपायर मिला। एक रेस्टोरेंट से पनीर के सेंपल भी भरे गए। वहीं कई रेंस्टोरेंटों में गंदगी मिली। जिसके चलते नौ रेस्टोरेंट संचालकों के खिलाफ एसडीएम के निर्देशों पर नोटिस जारी कर उनका चालान काटा गया। वहीं होटल फ्लैटीज में पहुंची प्रशासन की टीम को होटल का पंजीकरण पर्यटन विभाग में दर्ज नहीं मिला। जिस पर एसडीएम ने तत्काल टीम को होटल सील करने के निर्देश दिए। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जब विद्यालयों में प्रवेश ही नहीं तो कैसा उत्सव

**रामनगर, अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में छात्र नामांकन बढ़ाने को लेकर जहां एक ओर दुनिया भर की कवायद की जा रही है। दूसरी ओर एक विपरीत आदेश के चलते अभी तक कक्षा एक में प्रवेश को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इससे अभिभावक एवं शिक्षकों में बेचैनी है।

शिक्षक संगठन उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने बताया कि जहां एक ओर आयु सीमा वृद्धि वाले शासनादेश एवं इसमें भाषा की तकनीकी त्रुटि के कारण सामान्य प्रवेश संभव नहीं है। वहीं दूसरी ओर प्रवेश उत्सव के नाम पर प्रवेश कैसे बढ़ाए जा सकेंगे यह अपने आप में विचारणीय है। कहा कि उन्होंने उक्त प्रकरण से एक माह पूर्व ही मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, महानिदेशक शिक्षा एवं निदेशक को अवगत कराया था। जिसके बाद विभाग के प्रस्ताव पर शासन की सहमति पर मुख्यमंत्री ने भी अनुमोदन प्रदान किया था, लेकिन इसके बाद भी अभी तक आदेश जारी नहीं होने से प्रदेश में उहापोह की स्थिति बनी हुई है।

# छापेमारी में आधा दर्जन क्लीनिक सील

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर लालकुआं व हल्दूचौड़ में ताबड़तोड़ छापेमारी कर आधा दर्जन क्लीनिक सील किये। साथ ही क्लीनिक स्वामियों को प्रपत्रों के साथ तीन दिन के अंदर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत होने के निर्देश दिये। इस कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मचा रहा।

तहसीलदार मनीषा बिष्ट एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रजत भट्ट के नेतृत्व में चिकित्सा एवं राजस्व कर्मचारियों की टीम ने सबसे पहले हल्दूचौड़ स्थित डीके क्लीनिक में छापा मारा। जहां क्लीनिक के संचालक



छापेमारी के दौरान क्लीनिक सील करती प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

धर्मवीर सिंह नेचरोपैथी योगा की डिग्री थी, परंतु इसकी आड़ में वह मिनी मेडिकल स्टोर चला रहा था। जिसमें भारी मात्रा में इंजेक्शन एवं दवाएं बेची जा रही थीं। टीम ने क्लीनिक को सील करते हुए संचालक का 10 हजार का चालान किया। इसके बाद टीम हल्दूचौड़ के कमलेश मेडिकल स्टोर व मंडल क्लीनिक में पहुंची। टीम ने दोनों संचालक क्रमशः अमर सिंह व मंडल क्लीनिक के स्वामी का 10 हजार रुपए का चालान करते क्लीनिक सील कर दिया। यहां से टीम लालकुआं पहुंची, जहां गौला रोड स्थित आर रस्तोगी डेंटल क्लीनिक में छापेमारी की।

संचालक रिंकू रस्तोगी के पास कोई भी वैध डिग्री नहीं मिली। जबकि क्लीनिक में डेंटिस्ट का कार्य किया जा रहा था। एलोपैथिक मेडिसिन एवं शून्न करने के इंजेक्शन भी मौके में बरामद हुए। जिस पर टीम ने संचालक 10 हजार रुपए का चालान काटकर क्लीनिक सील कर दिया। इसके साथ ही मुख्य बाजार स्थित ओम क्लीनिक में भी छापेमारी की। टीम में वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल लसपाल, चिकित्साधिकारी डॉ. लव पांडे और डॉ. केएम गुप्ता सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### सात जून से शुरू होगा गवर्नर्स गोल्फ कप

**नैनीताल :** नैनीताल राजभवन में आगामी 7 जून से गवर्नर्स गोल्फ कप का शुभारंभ होने जा रहा है, जो 9 जून तक चलेगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह करेंगे। गवर्नर गोल्फ कप प्रतियोगिता से पूर्व 12 मई से स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए अंतर स्कूली गोल्फ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए गुरुवार को राजभवन गोल्फ कोर्स में बच्चों के लिए 10 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। जिसमें शहर के दर्जन भर से अधिक स्कूलों के 100 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,
हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

### अगले चार दिन और तपेगी तराई, लू भी चलेगी

**काशीपुर :** अगले चार दिन तराई का तापमान तीन डिग्री तक बढ़ने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। पंतनगर विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि गुरुवार को तराई का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस रहा है।

## पालिका ने साफ कराए सार्वजनिक शौचालय

खबर का असर

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** गंदगी से पटे सार्वजनिक शौचालयों की सफाई शुरू हो गई है। गुरुवार को नगर पालिका के सफाई कर्मियों ने पानी डालकर शौचालयों की सफाई की। अमृत विचार ने बुधवार को 'गंदगी से पटे शौचालय, पर्यटक परेशान' शीर्षक से मामले को उठाया था। जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन भवाली की आंख खुली और शौचालयों की सफाई शुरू हो गई है। गुरुवार को पालिका के सफाई कर्मियों ने शौचालयों की साफ-सफाई की। जिससे लोगों के साथ ही पर्यटकों को राहत मिली है। नगर



शौचालय की सफाई करता कर्मचारी।

पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जल संस्थान ने नगर पालिका को पानी देना बंद कर दिया था, जिससे शौचालयों की सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई। सभी शौचालयों को साफ कर दिया गया है।

# वार्डवार कैंप लगाकर छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ें और त्रुटि में सुधार करें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा की शिकायत के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को 7 दिनों में वार्डवार विशेष कैंप लगाकर नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद एवं नगर निगम की मतदाता सूचियों में छूटे हुए मतदाताओं के नाम जोड़ने और त्रुटियों में सुधार करने के निर्देश दिए हैं। इसकी रिपोर्ट 15 दिनों में राज्य निर्वाचन आयोग को सौंपनी होगी।

राज्य निर्वाचन आयोग के संयुक्त सचिव राहुल कुमार गोयल ने राज्य के 13 जिलों के जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (निकाय) को पत्र लिखकर कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने बीती 29 अप्रैल को शिकायत दर्ज कर बताया कि निकायों की मतदाता सूचियों में कई मतदाताओं के नाम नहीं है तो कई के नामों में त्रुटियां हैं। उन्होंने कहा कि नामावली में लिपिकीय या प्रिंटिंग त्रुटि को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संशोधित कर सकता है। इसी तरह जिलाधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी छूटे हुए मतदाताओं की जांच कराएंगे। यदि यह शिकायत सही मिलती है तो जिलाधिकारी के माध्यम से इसकी सूचना राज्य निर्वाचन आयोग को भेजेंगे।

सख्ती

यातायात में सुधार के लिए अधिकारियों ने किया निरीक्षण, 20 से अधिक अतिक्रमण हटाए

# गैस गोदाम रोड पर पार्किंग के लिए भूमि चयनित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** एसडीएम राहुल शाह की अध्यक्षता में गठित समिति ने गुरुवार को यातायात व्यवस्था के मद्देनजर शहर के विभिन्न मार्गों पर अतिक्रमण को चिह्नित करने के लिए निरीक्षण किया। समिति ने करीब 20 से अधिक अस्थायी अतिक्रमण हटाए। वहीं गैस गोदाम रोड पर पालिका की भूमि को छोटे वाहनों की पार्किंग के लिए चयनित किया।

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि कोटद्वार मार्ग में पर्वतीय सभा मोड, तहसील तिराहा और अन्य तीन स्थानों पर रोड सेफ्टी मिरर लगाने के लिए ट्रैफिक निरीक्षक और नगर पालिका ईओ को निर्देश दिए गये हैं। रानीखेत रोड पर टूव्हीलर एवं चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग चिन्हित की गई। शहर में मोड़ों पर नालियों को कवर




रामनगर में अतिक्रमण को चिन्हित करते प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

करते हुए सड़क को चौड़ी करने के निर्देश पालिका को दिए हैं। इससे जाम की समस्या दूर होगी। सड़क पर अवैध रूप से पार्क 8 से अधिक वाहनों के विरुद्ध चालान काटे गए हैं। इसके साथ ही गैस गोदाम पर स्थित नगर पालिका की खाली भूमि की चारदीवारी करते हुए उसे पार्किंग के रूप में चिन्हित किया गया है। इसका नगर पालिका को एस्टिमेट बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण में 20 से अधिक अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। भारी वाहनों के लिए अस्थाई पार्किंग सिंचाई विभाग की भवानी गंज में स्थित भूमि, रेलवे ग्राउंड, कोसी बैराज एवं नए पुल के मध्य भूमि को चिन्हित किया गया है।

प्रस्तावित पार्किंग स्थानों के अतिरिक्त अन्य सभी मार्गों को नो पार्किंग जोन बनाने की संस्तुति समिति ने की। अभियान में 8 प्रतिष्ठानों का कुल 28000 का चालान नगर पालिका ने किया है।

## पुलिस कर्मियों को दी धाराओं की जानकारी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आईपीसी की धाराओं में संसोधन के बाद अब पुलिस कर्मियों को इसकी जानकारी देनी शुरू कर दी गई है। गुरुवार को कोतवाली सभागार में 'भारतीय न्याय संहिता' का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि सभी पुलिस अधिकारी व कर्मियों को ऑफलाइन तथा ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पुलिस प्रशिक्षण केंद्र से आए मास्टर ट्रेनर थाना प्रभारी, उपनिरीक्षकों, हेड मोहरिर्र, मालखाना मोहरिर समेत आरक्षियों को दिवसवार ट्रेनिंग दे रहे हैं। भारतीय न्याय संहिता में कुल अध्याय 20, 358 धाराएं हैं। जबकि आईपीसी में 23 अध्याय और 511 धाराएं हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023 में 19 प्रावधानों को निरस्त किया गया है। 33 अपराधों में कारावास के दंड की वृद्धि की गई है। 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम दंड लागू किया गया है।



## एक नजर

### डीएम आज हैड़ाखान मार्ग का करेंगी निरीक्षण

**हल्द्वानी :** अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि जिलाधिकारी वंदना सिंह शुक्रवार को सुबह 9 बजे काठगोदाम-हैड़ाखान-मीडार मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण करेंगी। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के अधिकारी सभी सूचनाओं सहित सुबह 9 बजे काठगोदाम में अनिवार्य रूप से मौजूद होंगे।

### दो वारंटी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** लंबे समय से फरार दो वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुखानी थाना पुलिस के मुताबिक गैस गोदाम रोड गांधी फार्म कुसुमखेड़ा निवासी मोहित कांडपाल और लालडांठ रोड निवासी दीपक सिंह कुशवाहा उर्फ गुलशन के खिलाफ वर्ष 2024 व 2021 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शहरों में लगने वाली आग के बाद अब डरा रही जंगल की आग, वर्ष 2012 में हुई सबसे ज्यादा 3,314 घटनाएं, गर्मियों में अधिक होती हैं आग की घटनाएं

# 23 साल में 40 हजार बार धधकी देवभूमि, खाक हुई 600 करोड़ की संपत्ति

सर्वेश तिवारी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड राज्य बनने के बाद से अब तक राज्य के विभिन्न जिलों में करीब 40 हजार बार आग लग चुकी है। आग में 600 करोड़ रुपये की संपत्ति जलकर खाक होने का अनुमान है। शहरों में लगने वाली इस आग के बाद वनाग्नि भी सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है। अप्रैल 2024 तक वनाग्नि के 5,710 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं और जंगल अब भी धधक रहे हैं।

उत्तर प्रदेश से अलग होकर 9 नवंबर 2000 में उत्तराखंड राज्य का गठन हुआ। सूचना का अधिकार अधिनियम में हुए खुलासे के मुताबिक वर्ष 2001 से 2022 के बीच राज्य के विभिन्न शहरों, कस्बों और गांवों के घरों में 37,287 बार आग लगी। इस अग्निकांड में 545.61 करोड़ रुपये की संपत्ति खाक हो गई। बड़ी बात यह है कि इन अग्निकांड में 262.66 करोड़ रुपये की संपत्ति को दमकल ने बचा भी लिया।

आग की सबसे कम घटनाएं वर्ष 2005 में दर्ज की गईं। इस वर्ष आग की सिर्फ 301 घटनाएं हुईं। जिसमें 1,28,79,120 रुपये के नुकसान का आंकलन किया गया। आग की सबसे ज्यादा घटनाएं वर्ष 2012 में हुईं और इस साल 3314 बार आग लगी। जबकि राज्य गठन के पहले वर्ष में आग की सिर्फ 630 घटनाएं दर्ज की गई थीं। इस वर्ष 4,12,18,334 रुपये की संपत्ति के जलने का अनुमान लगाया गया था। यानी बढ़ते वर्ष के साथ-साथ आग और आग से होने वाला नुकसान भी बढ़ रहा है। वर्ष 2024 तक आग की 40 हजार घटनाएं हो चुकी हैं और इसमें 600 करोड़ की संपत्ति जल चुकी है। वर्तमान में शासन-प्रशासन के लिए जंगलों की आग बड़ी चुनौती बनी हुई है। आग से इसी साल अब तक करोड़ों की वन संपदा राख हो चुकी हैं।



#### वर्ष 2023 में जिलेवार हुई वनाग्नि की घटनाएं

| जनपद | घटनाएं | जनपद | घटनाएं |
|---|---|---|---|
| अल्मोड़ा | 299 | हरिद्वार | 42 |
| बागेश्वर | 75 | नैनीताल | 207 |
| चमोली | 99 | पिथौरागढ़ | 213 |
| चम्पावत | 120 | रुद्रप्रयाग | 31 |
| देहरादून | 48 | टिहरी गढ़वाल | 115 |
| गढ़वाल | 378 | ऊधमसिंह नगर | 183 |
| | | उत्तरकाशी | 40 |

"नैनीताल जिले में वनाग्नि की घटनाओं पर तुरंत ही एक्शन लिया जा रहा है। लोगों से भी अपील की जा रही है कि वह वनाग्नि की घटनाओं पर तुरंत सूचना दें और अराजकतत्वों की भी जानकारी दें।
**- निशांत वर्मा**, अपर प्रमुख वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदाप्रबंधन

#### पांच साल में वनाग्नि से हुआ नुकसान और मौतें

- 2019 में 2158 वनाग्नि की घटनाएं हुईं, जिसमें 2981.55 हेक्टेयर वन क्षेत्र चपेट में आया। इन हादसों में 15 लोग घायल हुए और 1 व्यक्ति व 6 वन्यजीवों की मृत्यु हो गई। इससे वन विभाग को 55 लाख 92 हजार के राजस्व का नुकसान हुआ और करीब 7000 हजार हरे पेड़ जल गए।
- 2020 में वनाग्नि की 135 घटनाएं हुईं। जिसमें 172.69 हेक्टेयर भूमि प्रभावित हुई। 2 लोगों की मौत हुई और 4 लाख 44 हजार रुपये का नुकसान हुआ।
- 2021 तक वनाग्नि की 2813 घटनाएं हुईं, जिसमें 3944 हेक्टेयर जंगल खाक हो गया। 8 लोगों, 29 वन्यजीवों की मौत हुई। 3 लोग और 24 वन्यजीव घायल हुए। 1 लाख 20 हजार पेड़ जल गए और इस अग्नि से 1 करोड़ 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ।
- 2023 तक वनाग्नि की 2186 घटनाओं में 3226 हेक्टेयर वन भूमि चपेट में आई। 7 लोग घायल हुए और 2 लोगों की मौत हो गई। जबकि 39 हजार पेड़-पौधे जले और 89 लाख 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ।
- 1 नवंबर से 1 मई 2024 तक वनाग्नि की 761 घटनाएं हो चुकी हैं और 948.86 हेक्टेयर भूमि जल चुकी है। इसमें 4 लोग घायल हुए हैं।

# 59 वन खत्तों के विद्यालयों में पेयजल संयोजन तक नहीं

### गर्मी के मौसम में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे विद्यार्थी, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ओखलकांडा के हाल भी खराब

संवाददाता, भीमताल



- बच्चों को अपने घर से लाना पड़ रहा है पानी
- जल संस्थान को समस्या बताई पर नहीं हुआ समाधान

**2** सौ विद्यार्थियों को नहीं मिल रहा पानी अटल आदर्श जीआईसी ओखलकांडा में

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में शहर से लेकर गांव तक पेयजल समस्या बढ़ती जा रही है। लोगों के साथ-साथ अब विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। जनपद नैनीताल के 59 वन खत्तों के विद्यालय ऐसे हैं, जहां एक भी पेयजल संयोजन नहीं हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भीषण गर्मी में इन विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी किस तरह अपने दिन गुजार रहे होंगे।

जंगलों में आग लगने और बारिश न होने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वहीं अब इसका अभाव विद्यालयों में भी दिखाई देने लगा है। जनपद के 59 वन खत्तों के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। विभागीय अधिकारी बताते हैं कि वन भूमि होने के कारण विद्यालयों में संयोजन देना संभव नहीं है। इधर, सहायक अभियंता समग्री शिक्षा गोकुल नेगी ने बताया कि इन विद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। उधर, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज ओखलकांडा में भी कई दिनों से पानी की समस्या बनी हुई है। बच्चों को अपने घर से पानी लाना पड़ रहा है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष दीपक बर्गली ने सहायक अभियंता जल संस्थान को पत्र लिखकर परेशानी से अवगत कराया लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि भोजन माताओं को आधा किमी दूर वन विभाग के कार्यालय से पानी लाना पड़ रहा है। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने बताया कि विद्यालय में पढ़ने वाले 200 विद्यार्थियों के लिए पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है।

#### रोस्टिंग और लो वोल्टेज होने से बढ़ रही समस्या

**भीमताल :** नगर में बिजली की रोस्टिंग और लो वोल्टेज की वजह से पानी की समस्या बढ़ रही है। हालांकि जल संस्थान के अवर अभियंता हर्षित कुमार ने बताया कि पानी का संकट नहीं है। लोगों की मांग के अनुरूप आपूर्ति की जा रही है। मल्लीताल बाजार में जल स्रोत से पानी की आपूर्ति की जाती है। वहीं ऊंचाई वाले क्षेत्रों में नियमित तौर पर पेयजल आपूर्ति हो रही है, मगर कुछ दिनों से बिजली की रोस्टिंग और लो वोल्टेज के कारण आपूर्ति में असर पड़ा है। लोगों ने जल संस्थान से प्रत्येक वार्ड में पानी के टैंकरों से नियमित आपूर्ति कराने की मांग की है।

## पढ़ने को 5 से 6 किमी. दूर जाना मजबूरी

संवाददाता, भीमताल



ज्ञापन सौंपते सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चंद्र बौद्ध।

**05** किमी. की दूरी तक बबियाड़ के तोक ग्याठ में कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है

- राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भुमका और बबियाड़ के तोक का मामला

**अमृत विचार :** राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय भुमका में कई वर्षों से रिक्त अध्यापक व प्रधानाध्यापक के पद भरने, छह किलोमीटर पैदल चलकर विद्यालय जा रहे छात्र-छात्राओं को एस्कॉर्ट भत्ता देने सहित धारी ब्लॉक स्थित बबियाड़ गांव के तोक में प्राथमिक विद्यालय खोलने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश चंद्र 'बौद्ध' ने जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही शीघ्र मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की।

उन्होंने बताया कि बीती एक मई को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुमका में शिक्षक अभिभावक संघ की बैठक हुई, जिसमे गांव के बच्चों द्वारा स्कूल में कक्षा 6 में प्रवेश न लिए जाने पर चर्चा की गई। अभिभावकों और शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय में केवल दो ही शिक्षक कार्यरत हैं। हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी के शिक्षक सहित प्रधानाध्यापक का पद रिक्त है। वर्तमान में छात्र संख्या भी केवल 23 रह गयी है अलग-अलग विषय के शिक्षक नहीं होने से अभिभावक बच्चों को छह किलोमीटर दूर राजकीय इंटर कॉलेज नाई में भेजने को मजबूर हैं। वर्तमान में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुमका में कक्षा 6 में केवल एक छात्रा ने प्रवेश लिया है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में विद्यालय बंदी के कगार पर पहुंच जाएगा।

मुकेश चंद्र ने कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्राथमिक विद्यालय 1 किलोमीटर के अंतर्गत खोलने का प्रावधान है, लेकिन बबियाड़ ग्राम सभा के तोक ग्याठ में 5 किमी. की दूरी तक कोई प्राथमिक विद्यालय नहीं है। बच्चों को खतरनाक चट्टान के रास्ते से होकर 5 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है।

## 10वीं में फेल होने से हताश छात्रा ने जहर खाकर जान दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**दुखद**

- डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत
- छात्रा ने बीते बुधवार शाम उठाया आत्मघाती कदम

**अमृत विचार :** हाईस्कूल में फेल होने पर एक छात्रा ने जहर खा लिया। उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

संजयनगर बिन्दुखत्ता लालकुआं निवासी शानू आर्या (16 वर्ष) हाईस्कूल की छात्रा थी। 30 अप्रैल को उत्तराखंड बोर्ड का परीक्षा परिणाम आया था, जिसमें शानू फेल हो गई। पुलिस के मुताबिक फेल होने से वह बुरी तरह आहत थी और इसी वजह से बुधवार शाम उसने जहर खा लिया। जब घर में उसकी हालत बिगड़ी तो परिजनों को जहर खाने का पता चला। आनन-फानन में उसे डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया, जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी इंचार्ज प्रवीण तेवतिया ने बताया कि जान देने के पीछे हाईस्कूल में फेल होने की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गार्ड को वाहन ने टक्कर मारी, मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** खाना खाने निकले एक गार्ड को नैनी विहार के पास अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बुरी तरह घायल गार्ड को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने बताया कि मूलरूप से ततियाल बजवाड़ अल्मोड़ा निवासी 50 वर्षीय दीवान सिंह यहां मानपुर पश्चिम में किराए के घर में रहते थे और रामपुर रोड स्थित एक मॉल में गार्ड की नौकरी करते थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फोरलेन पर महालक्ष्मी मंदिर व आंवला चौकी गेट के पास कट खोलने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



नगला-काठगोदाम फोरलेन का निरीक्षण करते एसडीएम परितोष वर्मा व अन्य।

**अमृत विचार :** प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ नगला-काठगोदाम फोरलेन का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रशासन ने पानी की निकासी और जनता की सुरक्षा को देखते हुए कट खोलने के निर्देश दिए। साथ ही सर्विस रोड की जद में आ रहे भवनों का निरीक्षण किया। जल्द ही इन निर्माण को ध्वस्त किया जाएगा।

एसडीएम परितोष वर्मा ने एनएचएआई की अपर परियोजना निदेशक मीनू के साथ नगला से काठगोदाम तक बरेली फोरलेन का स्थलीय निरीक्षण किया। सबसे पहले रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज का निरीक्षण किया और तकनीकी एवं फिजिकल समस्याओं को देखा। इस बीच जनता ने आंवला चौकी गेट, महालक्ष्मी मंदिर के पास समेत तीन-चार जगह कट खोलने की मांग की। नियमानुसार फोरलेन पर आबादी वाले क्षेत्रों में कट नहीं खोला जाता है। इस पर एसडीएम वर्मा ने जनता की सहूलियत और सड़क सुरक्षा को देखते हुए कट खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क का लेवल ऊपर नीचे होने से पानी की निकासी नहीं हो रही है, इसमें सुधार किया जाए। जल संस्थान की नई पेयजल लाइन को शिफ्ट किया जाए। वहीं, सड़क की जद में दो-तीन सरकारी स्कूल आ रहे थे। इनमें एक स्कूल के 6 कमरे तोड़े गए थे। इन क्लास रूम को अस्थायी तौर पर टिनशेड पर संचालित किया जा रहा था। एसडीएम ने पक्के भवन बनाने और जिस स्कूल की बाउंड्री तोड़ी थी उसकी चाहरदीवारी बनाने को कहा। इसके बाद फोरलेन की सर्विस रोड की जद में आ रहे भवनों का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जब इन भवनों को तोड़ना है तो पुलिस फोर्स की मांग की जाए और ध्वस्तीकरण किया जाए। इधर, एसडीएम के निर्देशों के बाद एनएचएआई ने काम शुरू कर दिया है।

# राजपुरा के विद्यालयों में अराजक तत्वों का आतंक

**अमृत विचार पड़ताल**

संवाददाता, हल्द्वानी



राजपुरा के उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय में पढ़ाई करती छात्राएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजपुरा राजकीय प्राथमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय सरकारी तंत्र की काहिली को दिखा रहा है। यहां कम कमरे होने से विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। दोनों विद्यालय एक ही परिसर में हैं। प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 236 बच्चे और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कुल 327 बच्चे हैं। यहां कमरों में क्षमता से दोगुने बच्चों को बैठाया जाता है। खासकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में व्यवस्था बदतर है। हाईस्कूल कक्षा के कक्ष को छोड़कर सभी कक्षों का यही हाल है। कक्षा आठ में 71 बच्चे हैं जबकि यहां 40-45 बच्चों के बैठने की व्यवस्था है। कक्षा नौ में 50 बच्चे हैं लेकिन यहां भी कक्ष छोटा होने के कारण बच्चों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। कक्षा सात में 57 बच्चे हैं। कई बार बच्चों को बाहर बैठाना पड़ता है या बेंच हटाकर दरी बिछाकर बच्चों को बैठाया जाता है। विद्यालय में यूरिनल की व्यवस्था नहीं है और केवल दो शौचालय हैं जिससे बच्चों के साथ ही विद्यालय के स्टाफ को भी दिक्कतें होती हैं।

सबसे बड़ी समस्या अराजकता से संबंधित है। यहां असामाजिक तत्व आकर विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। विद्यालय में पानी की टंकी में लगी टोंटिया तोड़ दी गई हैं। शिक्षकों ने बताया कि हर बार टोंटी लगाते हैं लेकिन फिर कुछ दिनों बाद ही अराजक तत्व इसे तोड़ देते हैं। हैरानी की बात है कि कुछ माह पूर्व भोजनमाता कक्ष में रखे दो सिलेंडर चोरी हो गए। शिक्षिका ने बताया कि विद्यालय में बिजली के तार तक चोरी हो गए, पानी की टंकी और नल भी तोड़ दिए गए। विद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था न होने के कारण अराजक तत्व विद्यालय परिसर की संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं। विद्यालय में बिजली-पानी की समस्या भी है। क्षेत्र में अधिकांश समय बिजली गुल रहने से बच्चे गर्मी में पढ़ने को मजबूर हैं। पंखे शोपीस बने हुए हैं।

#### अधिकांश बच्चे कूड़ा बीनने और भीख मांगने वालों के

विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में अधिकांश बच्चे कूड़ा बीनने और भीख मांगने वालों के हैं। बताया कि कई बार बच्चे विद्यालय आना छोड़ कूड़ा बीनने चले जाते हैं। उनके अभिभावकों को समझाने और बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाने के बाद भी बच्चे विद्यालय में नहीं आते।

#### आधे बच्चे ही आते हैं विद्यालय

प्राथमिक विद्यालय और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोनों का एक ही जैसा हाल है। यहां शिक्षा सत्र में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम रहती है। प्रत्येक शिक्षा सत्र में विद्यार्थियों की कुल संख्या में से उपस्थिति केवल 30-40 प्रतिशत रहती है। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए उनके अभिभावकों को जागरूक भी किया जाता है और बच्चों को भी प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाता है लेकिन इसके बावजूद बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं।

#### बोले अधिकारी

"बच्चों के बैठने के लिए एक कमरा तैयार किया जा रहा है। जल्द ही यह विद्यालय को हस्तांतरित हो जाएगा। यूरिनल का प्रस्ताव भी भेजा गया है। अराजक तत्व विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत है। **- गीता गुरूरानी**, प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजपुरा

"कई बार नए कमरों के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा लेकिन अभी तक प्रस्ताव स्वीकृत नहीं हुआ। अराजक तत्वों से बहुत परेशान हैं। सुरक्षा व्यवस्था की जानी चाहिए। छात्र संख्या के अनुसार शौचालय भी कम हैं। **- अमिता पंत**, प्रभारी प्रधानाचार्य, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयराजपुरा

**सूरते हाल** — 2019 के चुनाव में नगर पालिका में कुल मतदाताओं की संख्या 35117 थी, जो अब पांच साल में 35557 ही पहुंची

# ...तो नगर पालिका रामनगर में पांच साल में बढ़े 440 वोटर

विनोद पपनै, रामनगर



रामनगर का नगर पालिका कार्यालय भवन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश में नगर निकाय चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में नगर पालिका रामनगर में मतदाताओं की संख्या वाला आंकड़ा चौंकाने वाला है। वर्ष 2019 के चुनाव में नगर पालिका में कुल मतदाताओं की संख्या 35117 थी, जो अब 35557 ही पहुंची है। पांच साल में कुल 440 मतदाताओं का बढ़ना अपने आप में कई सवाल खड़े कर रहा है।

नगर क्षेत्र में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए सिर्फ पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना उचित नहीं है। आम नागरिकों की उदासीनता भी इसके लिए जिम्मेदार है। लोग घर में नए मतदाता का नाम स्वयं जोड़ने, दिवंगत हो चुके सदस्य व नगर छोड़ चुके सदस्य का नाम मतदाता सूची में कटाने के प्रति भी जागरूक नहीं है। मतदान के दिन नाम न होने पर नाराजगी व्यक्त करना एक परिपाटी बन गया है। वहीं घर-घर मतदाताओं की जानकारी जुटाने के बावजूद नाम मात्र संख्या बढ़ने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि जनवरी 2024 में ही घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी जुटाई गई थी और नगर निकाय निर्वाचन ने गृह स्वामी को रसीद दी थी। बहरहाल, इस मामले की गहनता से जांच किये जाने की जरूरत है।

"निकाय चुनाव से संबंधित पांडुलिपियां भीमताल से मंगवाई गई हैं। जिन्हें एक सप्ताह तक नगर पालिका के सभागार में रखा जाएगा। जिसे देखकर मतदाता नाम घटाने व बढ़ाने का आवेदन कर सकेंगे। उस दौरान जो नाम सूची में बढ़ने होंगे या घटाने होंगे उन्हें युद्धस्तर पर किया जाएगा। **- महेंद्र यादव**, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका



"पांच साल में मात्र 440 मतदाता बढ़ने के मामले की जांच होनी चाहिए, यह गंभीर मसला है। लोकसभा चुनाव में भी यह दिक्कत आयी थी। नए मतदाता को शत-प्रतिशत मतदाता सूची से जोड़ना राज्य निर्वाचन की जिम्मेदारी है। मतदाता सूची में नाम न जुड़ने से वंचित रहने की दिशा में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए। **- नरेंद्र शर्मा**, सामाजिक कार्यकर्ता

## बाघ ने गाय के बछड़े को बनाया निवाला

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** चकलुवा क्षेत्र में बाघ और गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना है। गदगदिया रेंज से सेट गांव रतनपुर में बीती रात आबादी क्षेत्र में बाघ ने दीवान सिंह गिरधारी के गाय के बछड़े को निवाला बना दिया। मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने जानकारी ली। सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन बसेड़ा ने कहा बाघ लगातार जानवरों पर हमला कर रहा है। लेकिन वन विभाग के अधिकारी कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं। बाघ लगातार आबादी के बीच में आ रहा है। उन्होंने वन विभाग से शीघ्र बाघ को पकड़ने की मांग की है।

# बयानों में विरोधाभास से बरी हुआ आरोपी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कार और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में स्कूटी सवार घायल हो गया था। मामले में कार चालक के खिलाफ केस चला और बयानों में विरोधाभास के चलते उसे न्यायालय ने बरी कर दिया।

आरोपी धर्मवीर सिंह की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि घटना 9 अक्टूबर 2019 की है। धर्मवीर अपनी कार से हल्द्वानी से लालकुआं जा रहे थे। सोयाबीन फैक्ट्री हल्दूचौड़ के पास सामने आए स्कूटी सवार दुर्गापालपुर मोतीराम पंचायतघर डूंगरपुर निवासी लक्ष्मीदत्त तिवारी पुत्र शंकर दत्त तिवारी से टक्कर हो गई। धर्मवीर कार घटना स्थल पर छोड़ कर चले गए। जिनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया। न्यायालय में पीड़ित की ओर गवाहों के बयानों में विरोधाभास पाए जाने पर अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गुलिस्तां अंजुम ने धर्मवीर को बरी कर दिया। राजन के मुताबिक घटना में दोष लालकुआं की खस्ताहाल सड़क था। कई स्थानों पर एक ओर की सड़क से दोनों ओर का यातायात गुजारा जा रहा था, जिसकी वजह से हादसा हुआ।

# डांडा के जंगल में लगी आग, 1.35 हेक्टेयर वन संपदा राख

## 31 कर्मचारियों ने बुझाई आग, तराई पूर्वी वन डिवीजन के किशनपुर, रामनगर के फतेहपुर व नैनीताल के भवाली रेंज में भी धधकी आग

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन एवं वन विभाग वनाग्नि रोकने के लिए सक्रिय है। पश्चिमी वन वृत्त के वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने बताया कि तराई पूर्वी वन डिवीजन की किशनपुर रेंज में गुरुवार की सुबह 5:30 बजे आग की सूचना मिली। इस पर 12 कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची और तीन घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। रामनगर वन डिवीजन के फतेहपुर रेंज में मोटर मार्ग से 2 किमी की पैदल दूरी पर 14 कार्मिकों ने आग बुझाई। जहां आग लगी थी उक्त क्षेत्र अत्यंत ढंगारी व तीव्र ढलान होने के से टीम को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

उन्होंने बताया कि हल्द्वानी वन डिविजन की टांडा रेंज में 8 किमी की पैदल दूरी पर 31 कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। रेंज में आग से 1.35 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ। नैनीताल वन डिवीजन की भवाली रेंज में अत्यन्त चट्टानी, ढालदार पहाड़ी क्षेत्र होने से वनाग्नि नियंत्रण में कठिनाई आ रही है।

**वनाग्नि की सूचना इन नंबरों पर दें :** वन संरक्षक भार्गव ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वन क्षेत्र में कोई भी अग्नि दुर्घटना होने पर विभागीय टोल फ्री नंबर 18001804141, आपदा कंट्रोल रूम 05942-231179, पश्चिमी वृत्त 05946-220003 एवं दक्षिणी वृत्त 05946-235452 पर सूचना दे सकते हैं।



हल्द्वानी के जंगल में लगी आग को बुझाते वन कर्मचारी। ● अमृत विचार

## वनाग्नि रोकने को 306 गांवों में हुईं बैठकें

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम के लिए सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए गुरुवार को जिले के आठों ब्लॉकों में ग्रामसभा स्तर पर आपातकालीन आमसभा की खुली बैठक की गई। इसमें सार्वजनिक रूप से कूड़ा जलाने पर प्रतिबंध लगाने और आग लगाने वालों के खिलाफ वन अधिनियम, पंचायत राज अधिनियम एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम में कार्रवाई का प्रस्ताव पारित किया गया।

जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि पिछले तीन दिनों से रोस्टर के अनुसार बैठकें हो रही हैं। गुरुवार को धारी ब्लॉक की देवनगर, च्यूरीगाढ़, दीनी तल्ली/मल्ली, महतोलिया गांव, शशबनी व सुन्दरखाल, भीमताल ब्लॉक के रौशिल, भौर्सा, चकबहेड़ी, ल्वेशाल, अघौड़ा, मंगोली, स्यूड़ा व गेठिया, ओखलकांडा ब्लॉक के टांडा, पुटपुड़ी, हैड़ाखान, कोटली, साल, गौंनियारो, हरीशताल, कोटला, महतोली, भुमका, हरीनगर, थलाडी, कैड़ागांव, कुकना व पजैना, कोटाबाग ब्लॉक के अमतोली व पतलिया, बेतालघाट ब्लॉक के तिवाड़ीगांव, चापड़, बारगल, गरजौली, दाड़िमा व ओड़ाबासकोट, रामगढ़ ब्लॉक के उमागढ़, गहना, दाड़िमा, हरीनगर व सतखोल, गंगोरी, सुयालगांव, कफूड़ा, टिकुरी, सतबूंगा व दियारी, रामनगर ब्लॉक के बैड़ाझाल, पूछड़ी, पीपलसाना, कन्दरा, कानिया, किशनपुर छोई, चोरपानी, शिवलालपुर पाण्डे, तेलीपुरा, मालधनचौड़, गोपालनगर, देवीपुरा, थारी, सख्खनपुर, धर्मपुर औलिया, राजपुरा व बसई आदि ग्राम सभाओं में आमसभा हुईं। उन्होने बताया कि जनपद के 8 ब्लॉकों की 479 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 306 ग्रामसभाओं में वनाग्नि की रोकथाम को लेकर आमसभा हो गई हैं। बैठक में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम स्तरीय कार्मिक ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

## छह घंटे के संघर्ष के बाद बचाया जंगल

**संवाददाता, गरमपानी**

**अमृत विचार :** वन पंचायत से धधकी आग की लपटों के जंगलात के नजदीक पहुंचने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने छह घंटे की मशक्कत के बाद बामुश्किल आग की लपटों पर काबू पाया। समय पर फायर लाइन काट लपटों को जंगल तक पहुंचने से रोक लिया गया। हालांकि वन पंचायत क्षेत्र में ग्रामीण के दो घास के लुट्टे आग की भेंट चढ़ गए।

छियोडी धुरा वन पंचायत क्षेत्र में भीषण आग धधक उठी। देखते ही देखते आग की लपटें विकराल होती चली गईं। आग ने स्थानीय पशुपालक डूंगर सिंह के घास के दो लुट्टे जलाकर राख कर दिए। आबादी तक आग पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई।

ग्रामीणों ने आग पर बामुश्किल काबू पाया। कुछ ही देर में आग ने गांव से सटे बांज व चीड़ के घने जंगल की ओर रुख कर लिया। सूचना पर वन विभाग की उत्तरी वन क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से जंगल को बचाने की कवायद शुरु की गई। वन कर्मियों ने फायर लाइन काटनी शुरू की। आग की भीषण लपटों ने कई बार वन कर्मियों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया, बावजूद कर्मियों ने हार नहीं मानी। करीब छह घंटे तक चले अभियान के बाद आखिरकार जंगल तक पहुंचने से पहले ही आग पर काबू पा लिया गया। जंगल के बचने के बाद वन विभाग व गांव के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। इस दौरान नर सिंह अधिकारी, करन सिंह नेगी, मोती राम, चंदन सिंह आदि जुटे रहे।

### गांव की सरकार संभालेंगी कमान

**गरमपानी :** रामगढ़ के दियारी गांव में ग्राम प्रधान लीला देवी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत की बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि अब जंगलों को बचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कदम उठाए जाएंगे। ग्रामीणों, स्वयं सहायता समूह, महिला समूह, नव युवक मंगल दल, महिला मंगल दल सदस्यों ने एकजुट होकर जंगलों को आग से बचाने का संकल्प लिया। ग्राम प्रधान लीला देवी ने जंगलों को आग लगाने वालों की सूचना वन विभाग व प्रशासन को देने का आह्वान किया। यहां संरपच नीरज तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी संजय टम्टा, चंद्रशेखर, पूरन कबडवाल रहे।

## एटीएम खराब होने से उपभोक्ता परेशान

**गरमपानी, अमृत विचार :** मुख्य बाजार क्षेत्र में एक महीने से भी अधिक समय से बैंक ऑफ बड़ौदा का एटीएम खराब है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि कई बार शिकायत के बावजूद बैंक प्रबंधक अनदेखी पर आमादा है। बेतालघाट मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम पर सैकड़ों लोग निर्भर हैं। गांव के लोग खरीदारी को पैसे निकालने एटीएम पहुंचते हैं पर मशीन खराब होने का हवाला दिए जाने पर लोग मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय ललित जोशी के अनुसार मशीन के खराब होने से दिक्कत बढ़ते जा रही है। क्षेत्रवासियों ने उपेक्षा पर आंदोलन की रणनीति बनाने की चेतावनी दी है।

## निशुल्क मिलेगा बॉक्सिंग प्रशिक्षण

**बेतालघाट, अमृत विचार:** बेतालेश्वर सेवा समिति के अध्यक्ष राहुल अरोरा के सहयोग से बेतालघाट में अब बच्चों को निशुल्क बॉक्सिंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। राहुल अरोरा ने बताया कि शुक्रवार से प्रभु प्रेम भवन बेतालघाट में बच्चों को निशुल्क बॉक्सिंग प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद कुछ बच्चों का चयन किया जाएगा, जो स्टेट लेवल में प्रतिभाग करेंगे। राहुल अरोरा बच्चों के लिए निशुल्क संगीत क्लास, डांस क्लास, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर और शिक्षा को लेकर क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी करा रहे हैं।

## सार-संक्षेप



सायंकालीन स्कूल को मदद पहुंचाने वाले गुरुनानक स्कूल के बच्चे व शिक्षक।

### गरीब बच्चों को गुरुनानक के बच्चों ने दी आर्थिक मदद

**रामनगर :** रचनात्मक शिक्षक मंडल की ओर से श्रमिक परिवारों के बच्चों के लिए विगत तीन वर्षों से नई बस्ती, पूछड़ी में ज्योतिबा फुले सांयकालीन स्कूल संचालित किया जा रहा है। जिसे गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों व स्टाफ ने 15 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी है। शिक्षक मंडल के संयोजक नवेंदु मठपाल ने गुरुनानक स्कूल के बच्चों, स्टाफ व प्रबंधक का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षक मंडल जनसहयोग से इन स्कूलों को संचालित करता है। तीन स्कूल संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 200 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाती है। उन्हें शैक्षणिक सामग्री भी दी जाती है। गुरुनानक स्कूल की प्रधानाचार्य रितु सक्सेना ने भविष्य में भी सहयोग देने की बात कही। सांयकालीन स्कूल को जयश्री मठपाल ने दो पंखे, एमपी इंटर कॉलेज के रिटायर्ड शिक्षक नरीराम स्नेही ने 15 जोड़ी बेंच, मेज और दो पंखे दिए। इस दौरान गुरुनानक स्कूल प्रबंधक हरमिंदर सिंह आनंद, जगजीत सिंह सेठी, प्रधानाचार्य रीतू सक्सेना, शबनम, नंदराम आर्य, सुजल कुमार मौजूद रहे।



भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते विधायक दीवान सिंह बिष्ट।

### निकाय चुनाव में जी-जान से जुटें कार्यकर्ता

**रामनगर :** नगर निकाय चुनाव का समय नजदीक है। इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता वार्ड एवं पालिकाध्यक्ष के चुनावों में अभी से जुट जाएं। यह बात विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक लेते हुए कही। नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस बार निकाय चुनाव में हर हाल में वार्डों के साथ-साथ चेयरमैन पद पर जीत का संकल्प लेकर तैयारी करनी होगी। कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में जीत दर्ज करने का संकल्प लिया। बैठक में मीडिया प्रभारी कुलदीप शर्मा, महामंत्री राजेंद्र मित्तल, गणेश रावत, नवीन करगेती, भूपेंद्र खाती, पूरन नैनवाल, सत्य प्रकाश शर्मा, जेसी लोहनी, माया रावत, भावना भट्ट, नीमा मठपाल, दीप्ति रावत, आशा बिष्ट, भावना जोशी मौजूद रहे।



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

### आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग

**हल्दूचौड़ :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष खीम सिंह बिष्ट के नेतृत्व में व्यापारियों ने आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई है। उन्होंने विधायक डॉ. मोहन सिंह बिष्ट और तहसीलदार मनीषा बिष्ट को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आवारा पशुओं के कारण लोगों में डर का माहौल है। आये दिन पशु दुकानों और घरों में घुस रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में महामंत्री जीवन पांडेय, कोषाध्यक्ष हरमोहन बिष्ट, उपाध्यक्ष रोहित जोशी, मीडिया प्रभारी संतोष भट्ट, संगठन मंत्री प्रवीन शर्मा, संरक्षक महेश जोशी, सचिव राजेश सुयाल, जिला मंत्री भाष्कर सुयाल, संरक्षक राकेश सिंह धपोला शामिल रहे।

## कार का शीशा तोड़ म्यूजिक सिस्टम को किया क्षतिग्रस्त

**संवाददाता, हल्दूचौड़**

**अमृत विचार:** पुलिस चौकी से चंद कदम दूरी पर मां दुर्गा कॉलोनी जग्गीबंगर में कार को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है।

यहां भाजपा नेता मनोज फर्त्याल के घर के बाहर खड़ी कार से देर रात चोरों ने कार के शीशों को तोड़कर म्यूजिक सिस्टम चुराने का प्रयास किया, असफल हुए तो कार कार को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित मनोज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रोजाना की भांति उन्होंने अपनी कार बाउंड्री वॉल के अंदर खड़ी थी। सुबह उठकर देखा तो कार की पिछली सीट की खिड़की का शीशा टूटा था और अंदर लगा म्यूजिक सिस्टम क्षतिग्रस्त था। कोतवाल दिनेश चंद्र फर्त्याल ने कहा कि दोषियों पर कार्रवाई होगी।



### पुलिस कर्मियों की कमी से बढ़े क्षेत्र में अपराध

**गौतम भट्ट, हल्दूचौड़ :** करीब 10 वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई गैर रिपोर्टिंग हल्दूचौड़ पुलिस चौकी में कर्मियों की संख्या कम होने से क्षेत्र में अपराध बढ़ रहे हैं। चौकी में दो सब इंस्पेक्टर और 3 जवान ही तैनात हैं। इन पर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की सुरक्षा का जिम्मा है। 10 वर्ष बीतने के बाद भी न तो यह रिपोर्टिंग चौकी बन पाई और न ही यहां गश्त के लिए कोई वाहन मुहैया हो पाया है। पर्याप्त पुलिस बल न होने से क्षेत्र में अपराधियों के हौंसले बुलंद हो गए हैं। चौकी क्षेत्र में चोरी, लूटपाट, मारपीट के साथ ही जुआ-सट्टा व अवैध शराब व अन्य मादक पदार्थों का कारोबार धड़ल्ले से बढ़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने चौकी को रिपोर्टिंग चौकी बनाने व पुलिस बल बढ़ाकर गश्त शुरू कराने की मांग उठाई है।

## क्या ठेकेदारों पर भी आचार संहिता लागू होती है : भगत

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने आचार संहिता से पहले शुरू हुए विकास कार्यों में देरी पर अधिकारियों की क्लास लगाई। उन्होंने सभी कार्य एक माह में पूरा करने की हिदायत दी।

लोक निर्माण विभाग गांधी आश्रम ताड़केश्वर महादेव मंदिर से इंटर कॉलेज लामाचौड़ से कमलुवागांजा तक संपर्क मार्ग का चौड़ीकरण कर रहा है। वहीं, गांधी आश्रम ओवरहेड टैंक से पेयजल वितरण लाइन बिछाई जा रही है, जिसमें ठेकेदार ठीक से काम नहीं कर रहा है। इस वजह से ग्राम पंचायत की लगभग पांच हजार की आबादी गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से जूझ रही है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से काम में तेजी लाने की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। निराश ग्रामीणों ने विधायक बंशीधर भगत से शिकायत की। इस पर विधायक भगत गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंचे और लोनिवि एवं जल संस्थान अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने अधिकारियों की क्लास लगाई और कहा कि आचार संहिता से पूर्व के शुरू हुए कामों में भी ढिलाई हो रही है। इसके पीछे आचार संहिता का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने आक्रोशित स्वर में पूछा कि क्या ठेकेदारों पर भी आचार संहिता लागू होती है। राज्य में मतदान हो चुका है, ऐसे में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

विधायक भगत ने जल संस्थान अधिकारियों को 15 दिनों में ग्राम पंचायत के आधे हिस्से तक ओवरहेड टैंक से एक नई 6 इंच की पाइप लाइन बिछाने और शेष में पुरानी लाइन से पेयजल की आपूर्ति करने को कहा है। वहीं, लोनिवि को ताड़केश्वर महादेव मंदिर के सामने दुर्घटना को दावत दे रही पुलिया की मरम्मत, सड़क चौड़ीकरण से पूर्व अतिक्रमण चिन्हित कर सीमांकन जल्द से जल्द संपन्न कर एक माह में सड़क बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बिना किसी भेद भाव के अतिक्रमण सख्ती के साथ हटाया जाए। इस दौरान ग्राम प्रधान मीना निगल्टिया, विनोद निगल्टिया, गोविन्द भट्ट, नारायण भारती, कैलाश जोशी, बीडीसी सदस्य तरुण बिष्ट, सुरेंद्र निगल्टिया, जमन सिंह, बृजेश पांडे, तनुज जोशी आदि मौजूद रहे।



लामाचौड़ क्षेत्र में मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का जायजा लेते विधायक बंशीधर भगत।

## राममूर्ति मेडिकल कॉलेज और जीएमसी हल्द्वानी ने जीते मैच

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**क्रिकेट**

- एसआरएमएस के स्टेडियम में शुरू हुआ मेडिकल क्रिकेट कप
- जीएमसी हल्द्वानी ने जीएमसी बदायूं जीएमसी को हराया

**अमृत विचार :** एसआरएमएस के मैदान पर गुरुवार को तृतीय मेडिकल क्रिकेट कप शुरू हुआ। उद्‌घाटन मैच रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के बीच हुआ, जिसे एसआरएमएस ने आठ विकेट से जीता। दूसरे मैच में जीएमसी हल्द्वानी ने जीएमसी बदायूं को 52 रन से हराया।

पहले मैच में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज ने टॉस जीतकर रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। रुहेलखंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 38 रनों तक उसके पांच बल्लेबाज पैवेलियन लौट गए। अर्जुन मलिक के 39 और अभिषेक के 12 रनों की मदद से टीम ने 14.5 ओवर में 100 रन बनाए।

एसआरएमएस के लरैब अली खान ने 17 रन देकर चार विकेट लिए। जवाब में एसआरएमएस ने 9.4 ओवर में आठ विकेट से जीत हासिल की। एसआरएमएस के एसआरएमएस के कप्तान डॉ. रेहान को 38 गेंदों पर 74 रन बनाने पर मैन आफ द मैच चुना गया। दूसरे मैच में जीएमसी बदायूं के कप्तान आनंद कुमार सिंह ने टॉस जीतकर जीएमसी हल्द्वानी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया।

हल्द्वानी की टीम ने शाहबाज अली के 22, चीकू के 56 और करन सिंह के 22 रनों की बदौलत 19.4 ओवर में 167 रन बनाए। जवाब में जीएमसी बदायूं की टीम 17.3 ओवर में 115 रन ही बना पाई। जीएमसी बदायूं के लिए गर्व दीप ने 44 रन और अश्विनी ने 12 रन बनाए। हल्द्वानी के चीकू को 38 गेंदों पर 56 रन बनाने और 3 विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## मंदिर से सामान चुराने का आरोपी पकड़ा

**संवाददाता, रामनगर**

**अमृत विचार :** सिद्धेश्वर मंदिर से नगदी और चांदी के जेवरात चुराने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है।

सिद्देश्वर मंदिर घासमंडी में अज्ञात चोर ने दानपात्र से 500 रुपये, चांदी के लॉकेट व 6-7 चांदी के बिछुए चोरी कर लिए थे। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि 24 घंटे के अंदर पुलिस टीम ने आरोपी तनवीर अंसारी उर्फ तन्नू पुत्र मुन्ना अंसारी ठेकेदार निवासी छप्पर वाली मस्जिद खताड़ी को हुण्डीवाल गार्डन के पीछे रेलवे पड़ाव रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 2 सफेद धातु के लोकेट, 7 सफेद धातु के बिछुए, 1 मंगल सूत्र, एक गले का लॉकेट बरामद हुआ है।

## जल जीवन मिशन योजना में अनियमितता का आरोप

**संवाददाता, गरमपानी**

**जांच की मांग**

- तल्ला व मल्ला बज्यूठिया गांव में किए गए कार्यों की जांच की मांग
- ग्रामीणों ने लगाया मानकों की अनदेखी करने का आरोप

**अमृत विचार :** सूदूर गांवों में महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना सरकारी बजट ठिकाने लगाने का जरिया बन चुकी है। रामगढ़ ब्लॉक के बज्यूठिया गांव में योजना के तहत किया गया कार्य इसकी हकीकत बयां कर रहा है। मानकों को ताक पर रख उपभोक्ताओं को आधा इंच के पाइप से पेयजल मुहैया कराया गया है। ग्रामीणों ने तल्ला व मल्ला बज्यूठिया गांव में किए गए कार्यों की जांच की मांग उठाई है। सहायक अभियंता जल संस्थान दिलीप सिंह बिष्ट के अनुसार निरीक्षण कर लिया गया है, ठेकेदार को पाइप लाइन बदलने के निर्देश दिए गए हैं।

जल जीवन मिशन योजना में तमाम अनियमितता के मामले सामने आने के बावजूद अफसर बेपरवाह बने हुए हैं। गांवों में योजना से जुड़े कार्यों में लगातार हिलाहवाली की जा रही है। जिसका खामियाजा भविष्य में गांवों के बाशिंदों को भुगतना पड़ सकता है। रामगढ़ ब्लॉक के सूदूर बज्यूठिया गांव में विभागीय अनदेखी ग्रामीणों पर भारी पड़ रही है। गांव में पानी का सूखा खत्म करने को जेजेएम योजना के तहत करीब 64 लाख रुपये की भारी भरकम धनराशि खर्च की गई। उम्मीद जगी की ग्रामीणों को अब पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्य शुरु होने के साथ ही ठेकेदार की मनमानी भी शुरु हो गई। विभागीय अफसरों की अनदेखी का फायदा उठाकर ठेकेदार ने नियमों को ताक पर रख मानक के उलट आधा इंच की पाइप लाइन बिछाकर गांव में आपूर्ति सुचारु कर दी। बकायदा गांव के समीप बोर्ड लगाकर कार्य पूर्ण का बोर्ड भी स्थापित कर दिया गया। गांव के लोगों ने मामले में गहरी नाराजगी जताई है। स्थानीय करन सिंह नेगी के अनुसार आधा इंच के पाइप बिछाकर बजट ठिकाने लगा दिया गया है।



### हल्द्वानी के दक्षिणी जौलासाल रेंज में तेंदुआ और लालकुआं के डॉली रेंज में बाघ की मौत पर आईवीआरआई में भेजे गए थे सैंपल

# संक्रमित श्वान के शिकार से बाघ-तेंदुए में पहुंचा कैनाइन डिस्टंपर वायरस

- मस्तिष्क, लार, आंत और फेफड़े के सैंपल की कैडरेड में हुई थी जांच, वर्तमान में 30 से अधिक श्वान भी संक्रमण की चपेट में



संवाददाता, बरेली/हल्द्वानी

**अमृत विचार :** श्वान में वायरस से होने वाली कैनाइन डिस्टंपर बीमारी का संक्रमण जंगली जानवरों तक पहुंच गया है।

हल्द्वानी के साउथ जौलासाल फॉरेस्ट रेंज में तेंदुआ और लालकुआं के डॉली फॉरेस्ट रेंज में बाघ की मौत पर आईवीआरआई भेजे गए सैंपल की जांच में इस संक्रमण की पुष्टि हुई है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने संक्रमित श्वान का शिकार किया होगा, जिससे वे संक्रमित हुए। हालांकि, अभी मौत का कारण सामने नहीं आया है। आईवीआरआई ने इस संबंध में वन विभाग को गाइडलाइन जारी करने का सुझाव दिया है।

आईवीआरआई के कैडरेड विभाग प्रभारी संयुक्त निदेशक डॉ. केपी सिंह ने बताया कि दो दिन पहले संस्थान के वन्य प्राणी उद्यान की ओर से जौलासाल रेंज में मृत पाए गए तेंदुआ और लालकुआं के डॉली रेंज में बाघ के लार, मास्तिष्क, फेफड़े, आंत के सैंपल को जांच के लिए कैडरेड विभाग में भेजे गए थे। जांच में कैनाइन डिस्टंपर वायरस होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट वन्य प्राणी उद्यान को सौंपी गई है। वन्य प्राणी उद्यान के प्रभारी प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अभिजीत पावड़े ने बताया कि कैनाइन डिस्टंपर बीमारी मूल रूप से श्वान वर्ग की बीमारी है, जिसमें वायरस की चपेट में आने से श्वानों में संक्रमण के चलते मस्तिष्क, आंखे, आंत, गुर्दे, त्वचा प्रभावित होते हैं। वहीं, श्वान वर्गीय बीमारी बिल्ली वर्गीय जानवरों में आने का मुख्य कारण संक्रमित श्वान का मांस खाना होता है। वन्य पशुओं में लक्षणों में पेट में दर्द होने से पैरालिसिस व अन्य लक्षण कुत्तों के समान ही होते हैं।

### बोले वैज्ञानिक- दोनों रेंज के आसपास रहने वाले कुत्तों का टीकाकरण जरूरी

वैज्ञानिकों के अनुसार रेंज में रहने वाले वन्य पशु शिकार की तलाश में आसपास के ग्रामीण इलाके में पहुंचकर कुत्तों को आहार बनाते हैं। ऐसे में संक्रमण की पुष्टि के बाद ही सीमावर्ती इलाकों में कुत्तों का टीकाकरण होना आवश्यक है। साथ ही कुत्तों की आवाजाही पर भी रोक लगानी होगी। हल्द्वानी और लालकुआं की रेंज पर निगरानी बढ़ाने का सुझाव दिया गया है। वन्य पशुओं के ग्रसित होने पर वैक्सीन की सुविधा नहीं है, जबकि श्वान के संक्रमित होने पर टीका मौजूद है।

### गिर अभ्यारण्य और इटावा लॉयन सफारी में संक्रमित शेरों की हुई थी मौत

वर्ष 2018 में गुजरात के गिर अभयारण्य में 21 शेरों की मौत के लिए भी नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और भारतीय पशु अनुसंधान संस्थान ने कैनाइन डिस्टंपर को ही जिम्मेदार माना था। जांच में पता लगा था कि कुत्तों, सियार को मारकर झुंड में बांटकर खाने से 21 शेर कैनाइन डिस्टंपर की चपेट में आए थे। इससे पहले इटावा लायन सफारी के शेरों की भी कैनाइन डिस्टंपर से मौत हुई थी।

### शहरी क्षेत्र के 30 से अधिक श्वान में कैनाइन डिस्टंपर की पुष्टि

आईवीआरआई के रेफरल वेटेनरी पॉली क्लीनिक में अप्रैल में करीब 100 श्वानों की जांच की गई है। इनमें 30 से अधिक में कैनाइन डिस्टंपर संक्रमण की पुष्टि हुई है। आरवीसी प्रभारी डॉ. अमरपाल ने बताया कि मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों की ओर से संक्रमित श्वानों का उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

# सेवानिवृत्त कार्मिकों का सम्मान समारोह 31 को

- राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में ब्लॉक अधिवेशन कराने पर चर्चा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को राजकीय शिक्षक संघ की जनपद कार्यकारिणी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए सभी कार्मिकों के लिए सम्मान समारोह आयोजित करने और ब्लॉक अधिवेशन कराने पर चर्चा हुई।

सभी ने एकमत होकर सम्मान समारोह आयोजित करने की बात कही। इसका प्रस्ताव बनाकर जनपद कार्यकारिणी प्रांत को भेजेगी। अटल स्कूल के संबंध में बैठक में प्रस्ताव रखा गया, जिसमें अटल में कार्यरत शिक्षकों को उनकी सेवाओं का लाभ दिए जाने, शीघ्र ही अटल में चयनित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए आदेश जारी करने व अनुरोध स्थानांतरण में मौका देने की बात रखी गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डॉ. विवेक पांडेय व संचालन जिला मंत्री नमिता पाठक ने किया। डॉ. विवेक पांडे ने बताया कि प्रधानाचार्य की सीधी नियुक्ति को लेकर सभी शिक्षक संगठन विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को इस संबंध में बैठक की जाएगी। इस दौरान जिला कार्यालय मंत्री भुवन चन्द्र पांडे, संरक्षक रेखा धानिक, जिला उपाध्यक्ष गिरीश जोशी, त्रिलोक ब्रजवासी व रश्मि पांडे, गिरधर मनराल, दिनेश जोशी, मदन गिरी गोस्वामी, हरीश पाठक, मनीष त्रिपाठी, मनोज बनकोटी आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### नवाबी रोड क्षेत्र में आठ घंटे गुल रही बिजली



**हल्द्वानी :** नवाबी रोड क्षेत्र में गुरुवार आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके चलते लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी झेलनी पड़ी। इन दिनों बिजली विभाग की ओर से पेड़ों की कटाई-छटाई कराई जा रही है, जिसके चलते नियमित शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में बिजली कटौती की जा रही है। बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि पेड़ों की लापिंग का काम चल रहा है। पूर्व में ही कटौती का रोस्टर जारी कर दिया गया था। कार्य पूरा होने के बाद बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी जा रही है।

### वाहन धुनाई सेंटर का कनेक्शन काटा

**हल्द्वानी :** पानी की बर्बादी रोकने के लिए प्रशासन की ओर से धुनाई सेंटरों को बंद रखने का आदेश दिया गया है, लेकिन अभी भी कई जगहों पर वाशिंग सेंटरों पर पानी की बर्बादी की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को लामाचौड़ इलाके में एक धुलाई सेंटर पर जल संस्थान व प्रशासन की टीम ने छापेमारी की तो वाशिंग सेंटर संचालित पाया गया। जिस पर धुलाई सेंटर का कनेक्शन काटने की कार्रवाई की गई है। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि धुलाई सेंटरों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है, अभी तक 75 सेंटरों की नोटिस दिया जा चुका है।

### छड़ायल में नलकूप खराब, लोग परेशान

**हल्द्वानी :** छड़ायल क्षेत्र में नलकूप खराब होने से पेयजल संकट बना हुआ है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सिंचाई विभाग के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूप की मरम्मत का कार्य चल रहा है जो 3 से 4 दिन में पूरा हो जायेगा। जिसके बाद आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी। इधर, ईसाई नगर में जल संस्थान का खराब नलकूप ठीक हो गया है। जिससे लोगों को राहत मिली है। नलकूप पिछले 7 दिनों से खराब था। जिस कारण लोगों को टैंकरों से पानी मंगवाकर प्यास बुझानी पड़ रही थी।

### पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण को टीम गठित




गवर्नमेंट पेंशनर्स की बैठक को संबोधित करते वक्ता।

**हल्द्वानी :** गवर्नमेंट पेंशनर्स वैलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की एक बैठक गुरुवार को रोडवेज स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। जिसमें पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए 12 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। टीम पेंशनर्स के स्वास्थ्य और उपचार सहित किसी भी मामले के निस्तारण में होने वाली हीलाहवाली और उपेक्षापूर्ण बर्ताव का प्राथमिकता से निस्तारण करेगी। टीम में लक्ष्मण सिंह गौनिया, जेएस खोलिया, आरएस बोरा, योगेन्द्र पांडे, नेत्र प्रकाश गौढ, वीके मिश्रा, श्याम सिंह रावत, डीके पांडे, भुवन चन्द्र पांडे, एससी तिवारी, दिनेश चन्द्र पन्तोला और नवीन चन्द्र जोशी शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता लीलाधर पांडेय और संचालन रमेश चंद्र पांडेय ने किया।

### जयंती पर याद किए गए फिल्मकार सत्यजीत राय

**रामनगर :** 20वीं शताब्दी के सर्वोत्तम फिल्म निर्देशक, लेखक सत्यजीत राय को उनकी 103वीं जयंती पर राजकीय इंटर कॉलेज ढेला में याद किया गया। इस दौरान बच्चों ने उनके द्वारा निर्देशित फिल्म सद्गति भी देखी। कार्यक्रम के दौरान अंग्रेजी प्रवक्ता नवेंदु मठपाल ने कहा कि सत्यजीत राय ऐसे भारतीय फिल्मकार हैं, जिन्होंने पश्चिम के भी फिल्म निर्देशकों को प्रभावित किया। उन्होंने पिक्चर फिल्म, डॉक्यूमेंट्री व लघु फिल्मों सहित 36 फिल्में निर्देशित की। 32 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते जिसमें 6 पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के थे। अकादमी पुरस्कार ने उन्हे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा। उन्हें 1992 में देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस मौके पर प्रेमचंद लिखित 'सद्गति' कहानी का फिल्मांकन भी देखा गया। जिसका निर्देशन सत्यजीत राय ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राम यादव, मनोज जोशी, सीपी खाती, संत सिंह, बालकृष्ण चंद, जया बाफिला, उषा पवार, सुभाष मौजूद रहे।

# अतिक्रमणकारी नहीं बनने दे रहे सड़क

### तिकोनिया चौराहे से रोडवेज तक जगह-जगह अस्थायी वर्कशॉप से सड़क बनाने में आ रही अड़चनें, जिम्मेदार मौन




तिकोनिया चौराहे से रोडवेज स्टेशन को जाने वाली वर्कशाप लाइन में सड़क के किनारे अतिक्रमण का दृश्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अतिक्रमणकारी सड़क ही नहीं बनने दे रहे हैं, जी हां पढ़कर चौंकिए मत। तिकोनिया चौराहे से रोडवेज तक की वर्कशॉप लाइन वाली निर्माणाधीन सड़क का यही हाल है। इस सड़क पर जगह-जगह अतिक्रमण से सड़क नहीं बन पा रही है।

हैरानी की बात यह है कि लोनिवि, प्रशासन सभी जिम्मेदार विभागों ने इस अतिक्रमण के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। लोनिवि निर्माण विभाग तिकोनिया चौराहे से वर्कशॉप लाइन, रोडवेज, केमू बस अड्डे से रेलवे स्टेशन तक सड़क बना रहा है। मतदान से पूर्व सड़क पर बजरी बिछा दी गई थी। हाल ही में सड़क पर डामरीकरण किया गया है, लेकिन यह भी ढंग से नहीं हो सका है। दरअसल, तिकोनिया चौराहे से रोडवेज तक 50-60 कार, बाइक, मोटर, वेल्डिंग की दुकानें हैं। इन दुकानों का सारा कामकाज सड़क पर ही होता है। सुबह होते ही कार, बाइकों की मरम्मत सड़क पर शुरू हो जाती है। मोबिल ऑयल, डीजल, पेट्रोल गिरने और मरम्मत से सड़क की सेहत खराब होती है। जगह-जगह से बजरी उखड़ना शुरू हो जाती है। इधर, इस सड़क का डामरीकरण हो रहा है, लेकिन अस्थायी वर्कशॉप से डामरीकरण पर तेल वगैरह गिरने से गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अतिक्रमण से सड़क पर कहीं-कहीं निर्माण हो रहा है तो कहीं-कहीं नहीं हो रहा है। लोनिवि के ईई अशोक कुमार ने बताया कि सड़क बनाते वक्त गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समय-समय इसकी मॉनिटरिंग भी कराई जाती है, सड़क पर डामरीकरण के बाद सूखने के लिए 24 घंटे का वक्त चाहिए। वर्कशाप लाइन की सड़क के किनारों पर अतिक्रमण के चलते वाहनों के सारा काम सड़क पर ही होता है, जिससे सड़क की डामरीकरण पर भी असर पड़ता है।

### घोड़ाखाल मंदिर मार्ग का पुनर्निर्माण शुरू

**भवाली, अमृत विचार :** सुप्रसिद्ध घोड़ाखाल गोल्ज्यू मंदिर को जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग का पुनर्निर्माण कार्य शुरू हो गया है। मार्ग में लंबे समय से खस्ताहाल था। गड्ढों के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही मंदिर आने वाले पर्यटकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लोगों ने कई बार मार्ग को ठीक करने की मांग उठाई, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ। आखिरकार मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। क्षतिग्रस्त मार्ग में सोलिंग का कार्य चल रहा है। इस मार्ग के बनने से श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने में आसानी होगी।



घोड़ाखाल मंदिर मार्ग में बिछाई गई रोड़ी। ● अमृत विचार

## 200 से घट कर 74 क्यूसेक पहुंचा सिंचाई का पानी

**हल्द्वानी :** गर्मी बढ़ने और बारिश न होने के कारण गौला नदी के जल प्रवाह में 15 फीसदी की कमी आई है। खेतों की सिंचाई के लिए मिलने वाला पानी 200 से घट कर 74 क्यूसेक पहुंच गया है। गौला नदी में जल स्तर कम होने से लामाचौड़ से लेकर लालकुआं तक खेती पर असर पर पड़ रहा है। हल्द्वानी में करीब 9987.60 हेक्टेयर भूमि पर खेती की जाती है। इसमें से 9897.55 हेक्टेयर भूमि सिंचित और 90.05 हेक्टेयर जमीन असिंचित है। इसके लिए सिंचाई विभाग 4 नहरों से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति करता है। सामान्य दिनों की बात करें तो गौला नदी से सिंचाई के लिए नियमित 200 क्यूसेक पानी दिया जाता है, लेकिन गर्मी में तापमान बढ़ने से नदी सूख रही है। पिछले 2 सप्ताह की स्थिति देखें तो बीते सोमवार को जल प्रवाह 91 क्यूसेक था, जबकि गुरुवार को घट कर 74 क्यूसेक पहुंच गया।

सिंचाई विभाग के जेई मनोज तिवारी ने बताया कि जल संस्थान को 30 क्यूसेक पानी नियमित दिया जा रहा है। नहरों को रोटेशन के आधार पर पानी की आपूर्ति की जा रही है।

# कैंपस प्लेसमेंट में 60 छात्राओं ने दी परीक्षा

- महिला डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग में हुआ कार्यक्रम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** महिला डिग्री कॉलेज के वाणिज्य विभाग में गुरुवार को कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें बीटूआर (बिजनेस टू रूरल) कंपनी की ओर से ऑफर किए गए पदों पर लिखित परीक्षा हुई। प्रथम चरण के लिए 60 छात्राओं ने परीक्षा दी।

महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि प्लेसमेंट के लिए कुल 198 छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। जिसमें बीते दिनों आयोजित कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राएं भी शामिल हुई। प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने बताया कि पूर्व में हुए एमओयू के तहत कंपनी ने दूसरी बार महाविद्यालय में प्लेसमेंट कार्यक्रम आयोजित किया है। कंपनी के ऑपरेशन प्रबंधक तरुण बिष्ट ने छात्राओं को कंपनी प्रोफाइल के बारे में बताया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. फकीर नेगी ने बताया कि कंपनी में बैकग्राउंड वेरिफिकेशन के एसोसिएट पद के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। एचआर प्रबंधक बसंत ने साक्षात्कार प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया दो चरणों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहले चरण में लिखित परीक्षा और इसके बाद साक्षात्कार आयोजित कर चयनित छात्राओं को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललिता जोशी ने किया। इस अवसर डॉ. राजेश चौनाल, डॉ. रुचि रजवार आदि उपस्थित रहे।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं सम्मानित

**रामनगर :** खुशीराम राजकीय इंटर कॉलेज मालधन में उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य आनन्द सिंह बिष्ट, अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोशिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष मदन कुमार शिल्पकार, राजकीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष मौ. अजीम सैफी ने माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। 12वीं में नेहा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, आंचल ने 90 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय और श्रुति ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेहा को प्रदेश की मेरिट में 23वां स्थान मिला है। इस दौरान अजय सिंह, महेश चन्द्र पाठक, उपेन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद, महातम यादव, संजय वत्सल, शत्रुघ्न सिंह, नरेन्द्र राणा, सरिता मौजूद रहे।

# रडार पर लापरवाह वाहन चालक 437 पर हुई कार्रवाई, 3 गिरफ्तार

- जिले में चलाया गया विशेष वाहन चेकिंग अभियान
- 6 वाहन सीज, 23 के निरस्त होंगे ड्राइविंग लाइसेंस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** नशे में धुत होकर वाहन चलाना चालक और उसके साथ बैठने वालों को भारी पड़ गया। पुलिस ने वाहन चालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 437 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस के साथ यातायात पुलिस और सीपीयू ने अभियान चलाया। रामनगर में आमडंडा बैरियर पर बाइक संख्या यूके 05 बी 7757 पर सवार तीन युवकों को रोका गया। चेक किया तो बाइक चला रहा टाना बैराट पंखु पिथौरागढ़ निवासी नरेश सिंह पुत्र मनोहर सिंह नशे में मिला। जिस पर उसे और अन्य दो सवार दीपक कार्की व दीपक काडाकोटी को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही बाइक सीज कर दी गई। इसके अतिरिक्त 437 वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। 6 वाहन सीज किए गए, 23 के लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही कर 1,94,500 रुपये जुर्माना वसूला गया। जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाला एक, ओवर लोडिंग में 3, ओवर स्पीड में 9, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 4 वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही की गई।




सड़क पर वाहनों की चेकिंग करती पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**तैयारी** — लोकसभा चुनाव में कम मतदान से लिया सबक, निकाय चुनाव को लेकर कमर कसी

# हर घर के साथ हर मतदाता तक पहुंचेगी भाजपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा निकाय चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। लोकसभा चुनाव से सबक लेते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए इस चुनाव में भाजपा हर बूथ के हर घर नहीं, बल्कि मतदाता सूची के आधार पर हर मतदाता तक पहुंचेगी और मतदान को प्रेरित करेगी। इस बाबत प्रदेश से मंडल स्तर पर तैयारियां तेज हो गई हैं।

लोकसभा चुनाव-2024 में नैनीताल संसदीय सीट पर 61.75 प्रतिशत मतदान हुआ जो कि वर्ष 2019 की सापेक्ष 7.70 प्रतिशत कम था। लोकसभा के तुरंत बाद निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने हैं। भाजपा निकाय चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें साफ निर्देश दिए गए हैं कि जिला प्रशासन की ओर से सात दिनों तक वार्डवार विशेष कैंप लगाकर छूटे हुए मतदाता और नाम वगैरह में त्रुटि के लिए संशोधन किया जाएगा। इसमें भाजपा कार्यकर्ता नए मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराने के साथ ही अंतिम प्रकाशित नामावली के आधार पर प्रत्येक मतदाता तक जाएंगे और केंद्र व राज्य की उपलब्धियां बताएंगे। इसके अलावा नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद और नगर निगम के दायरे में आने वाले मंडल अध्यक्षों के साथ भी बैठक की जा रही है, ताकि संगठन को मजबूत किया जा सके। जनता को मतदान के लिए प्रेरित करने में धरातल पर आ रही समस्याओं को भी जाना जाएगा और उनका निस्तारण कराया जाएगा। इधर, जनपद नैनीताल में रामनगर और नैनीताल नगर की मंडल अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हो गई है।

### उम्मीदवारों की घोषणा से पूर्व प्रदेश से आएगा प्रतिनिधि मंडल

जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि निकाय चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए हाईकमान के निर्देशानुसार प्रतिनिधि मंडल आएगा। यह प्रतिनिधि मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेगा और रिपोर्ट सौंपेगा। अंत में हाईकमान जो निर्णय लेगा वही मान्य होगा।

> निकाय चुनाव को लेकर कमर कस ली है। अभी हमारा लक्ष्य नए मतदाता को जोड़ना और अंतिम मतदाता सूची के आधार पर प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना है। निकाय चुनाव में आने वाले मंडल अध्यक्षों को लेकर रामनगर और नैनीताल की बैठक हो गई है। जल्द ही अन्य स्थानों पर भी बैठकें होंगी।
>
> **-प्रताप सिंह बिष्ट,** जिलाध्यक्ष भाजपा नैनीताल

# विवि प्रतिनिधियों को क्रेडिट आईडी बनाने की जानकारी दी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को छात्रों के शैक्षणिक दस्तावेजों की क्रेडिट आईडी बनाने में समस्या आती है।

भविष्य में इस तरह की समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने विभिन्न विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों को प्रायोगिक तौर पर एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स के साथ क्रेडिट मैपिंग की जानकारी दी। इस दौरान 'समर्थ' पोर्टल के विशेष प्रतिनिधियों की टीम ने 'समर्थ' कार्यप्रणाली से सभी को अवगत कराया। देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी देहरादून में आयोजित कार्यशाला में सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लेकर एबीसी आईडी की कार्यप्रणाली को समझा। उच्च शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक डॉ. दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि हमारा उद्देश्य एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करना है, जिससे सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालय छात्रों की क्रेडिट आईडी बनाने का काम तेजी से कर सकें। इस दौरान देवभूमि उत्तराखंड विश्वविद्यालय के अध्यक्ष संजय बंसल, गौरव खरे, आलोक तोमर, रोहित सिंह, इंद्रेश रमोला, केआर भट्ट, डीएस बिष्ट, प्रो. डॉ. प्रीति कोठियाल, उपकुलपति डॉ. आरके त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।



कार्यशाला में उपस्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए प्रतिनिधि।

## नव प्रवेशी नौनिहालों का शानदार स्वागत

**गरमपानी :** कोसी घाटी स्थित विद्यालयों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा। सामूहिक भोज भी किया गया। जीआइसी ढोकाने, अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बेतालघाट व राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में संचालित योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

प्रधानाचार्य दिनेश चंद्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की। कार्यक्रम का संचालन सत्यदेव सिंह ने किया। जीआइसी ढोकाने में नव प्रवेशी नौनिहालों को मिष्ठान वितरित किया गया। प्रधानाचार्य बीके सिंह ने एनसीसी पाठ्यक्रम शुरु होने तथा विद्यालय के पीएम श्री योजना में शामिल होने की जानकारी दी गई। राजकीय प्राथमिक विद्यालय खैरना में सहभोज किया गया।

## सार संक्षेप

### वार्ड-30 का पोलिंग बूथ बदलने पर भड़के ठुकराल


डीएम कार्यालय में ज्ञापन देने जाते ठुकराल।

**रुद्रपुर :** वार्ड-30 आदर्श कॉलोनी का पोलिंग बूथ बदलने को लेकर खफा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने डीएम से मुलाकात की और बूथ को यथास्थिति बनाने की मांग की। उनका कहना था कि पिछले कई सालों से वार्ड-30 आदर्श कॉलोनी का पोलिग बूथ जनता इंटर कॉलेज में था, लेकिन वर्तमान में वार्ड का पोलिग बूथ सुभाष कॉलोनी में बना दिया गया है जो कि वार्ड से काफी दूर है और मतदाताओं के अलावा दिव्यांग मतदाताओं को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा और वोटिंग ग्राफ भी गिरेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद गौरव खुराना, सतीश मनचंदा, सुरेंद्र बठला, अनिल कुमार, मंजीत सिंह मौजूद रहे।

### चोरी के माल सहित युवक को दबोचा

**किच्छा :** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान से सामान चोरी कर फरार हो रहे एक युवक को गृह स्वामी ने स्थानीय युवक की मदद से चोरी के माल सहित दबोच लिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सरकारी अस्पताल परिसर निवासी संजय ने बताया कि कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर 2, बंगाली कॉलोनी क्षेत्र में उसके मकान के निर्माण का कार्य चल रहा है। पीड़ित ने बताया कि बुधवार की सुबह वह मकान की देखरेख करने मौके पर पहुंचा तो एक युवक मकान के अंदर से सफेद रंग के कट्टे में सामान भरकर बाहर निकलता दिखाई दिया। बताया कि शक होने पर जब उसने आरोपी को रुकने के लिए कहा तो आरोपी मौके से भागने लगा। इसी दौरान ग्राम आजाद नगर निवासी खेत स्वामी राजीव कुमार की मदद से आरोपी युवक को पकड़ लिया गया तथा आरोपी के कब्जे से चोरी के तीन बंडल सरिया तथा एक हैंडपंप बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम पता ग्राम इंदिरा नगर, वार्ड नंबर 20, थाना पुलभट्टा निवासी तस्लीम अंसारी बताया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### प्रभारी प्रधानाचार्य व अनुसेवक के बीच विवाद

**जसपुर :** एक विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य व अनुसेवक के बीच हुआ विवाद पुलिस तक पहुंच गया। बृहस्पतिवार को जसपुर क्षेत्र के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवराजपुर पट्टी के प्रभारी प्रधानाचार्य और अनुसेवक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस मामले में अनुसेवक ने थाना कुंडा में तहरीर दी है ।

### सात मई को होगी एनएसएस की परीक्षा

**काशीपुर :** राष्ट्रीय सेवा योजना की बी और सी प्रमाण पत्र की परीक्षा सात मई को होगी। इसके लिए एनएसएस के अधिकारी तैयारी कर रहे हैं। गुरुवार को एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि सात मई को काशीपुर के उदयराज इंटर कालेज व जीजीआईसी में परीक्षा सुबह 11:30 बजे से एक बजे तक आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि काशीपुर में करीब 300 एनएसएस के छात्र प्रमाण पत्र बी और सी के लिए परीक्षा देंगे।

### घर-घर जाकर एलपीजी ग्राहकों को दी जानकारी

**सितारगंज :** इंडेन गैस के अधिकारियों ने अपने ग्राहकों के लिए सुरक्षा अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर एलपीजी ग्राहकों को सुरक्षा संबंधित जानकारियां दीं। ग्रामसभा गौरीखेड़ा पहुंचे डिविजनल एलपीजी सेल्स हेड स्वर्ण सिंह, एलजी सेल्स के मैनेजर दीपक राणा और सितारगंज गैस सर्विस के प्रबंधक राजेंद्र सिंह गड़िया ने उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उनके एलपीजी इंस्टॉलेशन की बुनियादी सुरक्षा की जांच की।


सितारगंज में जानकारी देते अधिकारी।

### घुड़चढ़ी के दौरान मारपीट में दो गिरफ्तार

**जसपुर :** घुड़चढ़ी के दौरान दो समुदायों के लोगों के बीच मारपीट के मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जसपुर के मोहल्ला पट्टी चौहान जोशियान में 25 अप्रैल को दूल्हे की घुड़चढ़ी के दौरान दो समुदायों के लोगों के बीच झगड़ा हो गया था। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी फैजान निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान व पथराव के आरोपी उस्मान निवासी मोहल्ला पट्टी चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक इस मामले में कुल 8 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और 3 आरोपियों के गैर जमानती वारंट प्राप्त किए गए हैं।

### पूर्व सीएम के भतीजे का हृदयगति रुकने से निधन



**खटीमा :** अल्केमिस्ट एकेडमी के कॉर्डिनेटर और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के भतीजे दरवान सिंह रावत का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। अल्केमिस्ट एकेडमी रोड निवासी दरवान सिंह रावत (43) की गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ गई। इस पर परिजन उन्हें लेकर तत्काल नागरिक अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दरवान सिंह रावत अल्केमिस्ट एकेडमी में कोर्डिनेटर पद पर थे। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र व एक पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। अल्केमिस्ट स्कूल की चेयरपर्सन दिव्या रावत एवं प्रबंधक वीरेंद्र रावत उनके पार्थिव शरीर को अंत्येष्टि के लिए पैतृक गांव भतरौजखान लेकर रवाना हो गए है। जहां उनका शुक्रवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### सीएचसी में कूड़े के ढेर में आग से हड़कंप

**जसपुर :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में कूड़े के ढेर में आग लगने से हड़कंप मच गया। बीती रात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर के परिसर में कूड़े के ढेर में आग लग गई। इससे चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने पर फायर स्टेशन जसपुर से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्याम बहादुर थापा के निर्देशन में फायर ब्रिगेड तत्काल घटनास्थल पहुंची। फायर यूनिट ने आग पर काबू पाया।

# अवैध खनन में लिप्त वाहन होंगे सीज

## डीएल निरस्तीकरण के साथ होगी एफआईआर दर्ज, डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर


अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि जनपद में किसी भी प्रकार के अवैध खनन एवं परिवहन न हो इसके लिये सभी संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्रों में कार्ययोजना बनाकर अवैध खनन परिवहन को रोकें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन व बिना रॉयल्टी के संचालित वाहनों को सीज किया जाए और उनके डीएल व रजिस्ट्रेशन को निरस्त करने के साथ ही एफआईआर दर्ज की जाए।

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने के लिए जनपद के सभी उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, उप निदेशक खनन व शासन द्वारा अधिकृत संस्थान कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के अधिकारियों के सख्त निर्देश दिए। वाहन रॉयल्टी से अधिक खनिज, उपखनिज एवं मिट्टी के परिवहन में पकड़े जाते हैं उनके विरूद्ध कार्रवाई करें। साथ ही रॉयल्टी क्रेता एवं विक्रेता (स्टोन क्रेशर, स्क्रीनिंग प्लांट, मोबाइल स्टोन क्रेशर मोबाइल स्क्रीनिंग प्लांट, पल्वराइजर प्लांट, हॉटमिक्स प्लांट, रेडीमिक्स प्लांट, रिटेल भंडारकर्ता, पट्टाधारक एवं अनुज्ञा धारक ) के विरूद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि अवैध खनन परिवहन के कारण कानून व्यवस्था बिगड़ने पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी दशा में राजस्व की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कैलाश रिवर बेड मिनरल एलएलपी के प्राधिकारी को भी निर्देश देते हुए कहा कि चैकिंग के दौरान अपने आईडी कार्ड पहने जिससे उनकी पहचान हो सके।

### निकाय की मतदाता सूचियों में सुधार के लिए शिविर लगाएं

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय) उदयराज सिंह ने नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद एवं नगर निगम की मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नाम न होने और त्रुटियों का सुधार किए जाने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश जनपद के सभी निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व उप जिलाधिकारी को दिए।

### 31 से पूर्व सभी नाले नालियों की सफाई हो

**रुद्रपुर :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने दैवीय आपदा (बाढ़) को लेकर आयोजित बैठक में अधिकारियों को बरसात से पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उसके लिए किये गये सुरक्षात्मक कार्यों का विवरण शीघ्र उपलब्ध कराएं। साथ ही 31 मई से पूर्व सभी निकाय नाले-नालियों की सफाई के साथ दवाइयों का छिड़काव करने के निर्देश दिए। एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन क्षेत्रों में जलभराव होता है उन्हें चिन्हित कर जलभराव से निजात दिलाने के लिए कार्य प्रारंभ करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, डीएफओ यूसी तिवारी, एडीएम पंकज उपाध्याय मौजूद रहे।

# ऊधमसिंह नगर में गन्ने का सर्वे शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

- छह जोन में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों की देखरेख में हो रहा सर्वे
- टीम जीपीएस सिस्टम के माध्यम से कर रही है खेतों की नापजोख

> विगत वर्ष की भांति इस बार भी जीपीएस सिस्टम से गन्ने का सर्वे शुरू कर दिया गया है। सर्वे 30 जून तक चलेगा। इसके लिए जनपद में छह जोन बनाये गये हैं। सभी जोनों में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों के नेतृत्व में जीपीएस सिस्टम के माध्यम से गन्ने के रकबे की नापजोख की जा रही है।
> -कपिल मोहन, सहायक गन्ना आयुक्त

**अमृत विचार:** ऊधमसिंह नगर जनपद में एक मई से गन्ने का सर्वे शुरू हो गया है। यह सर्वे 30 जून तक चलेगा। इसके लिए गन्ना विकास विभाग ने छह जोन बनाकर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों के नेतृत्व में सर्वे किया जा रहा है। यह सर्वे जीपीएस सिस्टम के माध्यम से किया जा रहा है।

वर्ष 2022 में ऊधमसिंह नगर में किसानों ने 26714.407 हेक्टेयर में गन्ना बोया था। जबकि वर्ष 2023 में किसानों ने 24077.590 हेक्टेयर में ही गन्ना बोया यानि 2636.818 हेक्टेयर की कमी आयी है। सितारगंज में वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में गन्ने के रकबे में 11.92 हेक्टेयर और गदरपुर में 15.26 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है, जबकि अन्य स्थानों पर गन्ने के रकबे में कमी आयी थी। विभाग को इस बार गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ने की उम्मीद है।

विभाग के अधिकारियों के अनुसार गन्ने का सर्वे छह जोन बनाकर किया जा रहा है। इसमें नादेही को पहले, काशीपुर को दूसरे, बाजपुर को तीसरे, गदरपुर को चौथे, किच्छा को पांचवे, सितारगंज को छठे जोन बनाया गया है। इन सभी जोनों में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों के नेतृत्व जीपीएस सिस्टम के माध्यम से सर्वे किया जा रहा है। इससे रकबे की नापजोख में ओवरलैपिंग की संभावना कम होगी।

# दूसरे दिन भी नहीं मिला एचएम का छात्र राजा

संवाददाता, खटीमा


शारदा नहर में छात्र को तलाशतीं टीमें।

**अमृत विचार :** झनकईया स्थित शारदा नहर में नहाते समय पैर फिसलकर बहे राजा रसीला की तलाश में लगातार दूसरे दिन पुलिस, जल पुलिस, एसडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें जुटी रही। देर शाम तक सफलता मिली। इधर उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, तहसीलदार हिमांशु जोशी पूरे दिन जमे रहे।

नगर स्थित एक शिक्षण संस्थान के हॉस्टल में रहकर होटल मैनेजमेंट का कोर्स कर रहे छात्र राजा रसीला (19) निवासी डीडीहाट पिथौरागढ़ अपने दो साथियों के साथ शारदा नहर में नहाने गया था। नहर में नहाने उतरा राजा नाहर में बहने लगा और लापता हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बृहस्पतिवार को एसडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं और शाम करीब आठ बजे तक सर्च लाइट के साथ राजा की तलाश करते रहे। सुबह ही नहर के पानी को बंद करा दिया गया था जो देर शाम तक बंद रहा। एसडीएम रविंद्र बिष्ट और तहसीलदार हिमांशु बिष्ट लगातार घटना स्थल पर जमे रहे। उपनिरीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि कल शुक्रवार को भी तलाश जारी रहेगी।

### जिलाधिकारी उदयराज ले रहे थे फीडबैक

**खटीमा।** शारदा नहर में बुधवार को दुबे एचएम के छात्र की तलाश में जुटी टीमों के संबंध में जिलाधिकारी उदयराज सिंह लगातार स्थानीय प्रशासन से फीडबैक ले रहे थे। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने बताया कि शुक्रवार को डीएम घटना स्थल पर पहुंच सकते हैं।

### नाम बदलकर संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

शक्तिफार्म। नगर की युवती के साथ राहुल बनकर संबंध बनाने वाले आरोपी अफजल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी अफजल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

बुधवार को नगर में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अफजल नाम के युवक ने राहुल बनाकर उसे प्रेमजाल में फंसाया और उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। साथ ही, आरोपी के परिजनों ने उस पर जबरन धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। युवती ने बताया कि आरोपी के माता-पिता और भाई ने उसका धर्म परिवर्तन करने के लिए उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया और गुरुवार को आरोपी अफजल को गिरफ्तार कर लिया।

युवती मूल रूप से बहेड़ी की रहने वाली है। वह यहां अपने नाना- नानी के पास रहती है। नगर के एक टाइपिंग सेंटर में टाइपिंग सीखने के दौरान चार वर्ष पहले उसकी मुलाकात वार्ड नंबर 2 निवासी अफजल से हुई। युवती ने बताया कि अफजल ने उसे अपना नाम राहुल बताया और उससे दोस्ती बढ़ाकर उसे झांसे में लिया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती ने बताया कि उस वक्त वह नाबालिग थी। कोतवाल भूपेंद्र सिंह बृजवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान चुघ ने अपना इस्तीफा वापस लिया

संवाददाता, गदरपुर


नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान को सरोपा भेंट करते लोग।

**अमृत विचार :** सिख समाज के लोगों की गुरुद्वारा सिंह सभा में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सिख समाज के लोगों ने नानकमत्ता गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान द्वारा दिए गए इस्तीफे को वापस लेने की बात कही। इस पर उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया।

गुरुवार को सिख समाज की एक बैठक गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के सैकड़ों सिख समाज के लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान सिख समाज के लोगों का कहना था कि नानकमत्ता गुरुद्वारे के जत्थेदार तरसेम सिंह हत्याकांड में शामिल लोगों को पकड़ा जा चुका है। सरकार निर्दोष लोगों को नाजायज परेशान न करे। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के डायरेक्टर निर्मल सिंह हंसपाल का कहना था कि गुरुद्वारे में कमेटी के लोगों को कार्य नहीं करने दिया जाता जो कार्य करते हैं उनके खिलाफ कुछ लोग झूठे मुकदमे दर्ज करवाकर दबाव की राजनीति कर रहे हैं। भारतीय सिख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी का कहना था कि गुरुद्वारा नानकमत्ता के जत्थेदार तरसेम सिंह हत्याकांड में नामजद लोगों को पुलिस ने जांच के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पकड़े गए लोगों से गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरबंस सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह, प्रीतम सिंह संधू नामजद लोगों का अगर कोई लिंक सामने नहीं आया तो उनके नाम पुलिस एफआईआर से हटाए। संतोख सिंह का कहना था कि गुरुद्वारे में कार्यरत कर्मचारी गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को कार्य नहीं करने देते अपनी मर्जी से कार्य करते हैं। इसके अलावा सिख समाज के लोगों ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी नानकमत्ता से इस्तीफा दे चुके प्रधान हरबंस सिंह चुघ को अपना इस्तीफा वापस लेने की मांग की। सिख समाज और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की मांग पर उन्होंने अपना इस्तीफा वापस ले लिया। इस दौरान पत्रकारों से वार्ता उन्होंने कहा कि तरसेम सिंह हत्याकांड में उनका कोई लेना-देना नहीं है सरकार सीबीआई से जांच करा ले जांच में जो भी दोषी पाया जाए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र ग्रोवर, हरि सिंह, बलजीत सिंह, रणजीत सिंह, मलकीत सिंह, कर्मजीत सिंह, सतनाम सिंह, गुरसेवक सिंह, जसवीर सिंह, शिव तेज सिंह, हरदेव सिंह, प्रितपाल सिंह, हंसपाल सिंह आदि शामिल थे।

# छोड़ सारी दुनिया में आया तेरे द्वारे....

संवाददाता, दिनेशपुर


दिनेशपुर के श्री हनुमंते बालाजी मंदिर में भजन सुनते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री हनुमंते बालाजी मंदिर नई बस्ती चक्कीमोड़ में महंत महेश ठठोला के सानिध्य में भव्य दरबार सजाया गया। श्री हनुमंते बालाजी मंदिर चक्कीमोड़ में श्री बालाजी महाराज के दरबार का शुभारंभ अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया। महंत महेश ठठोला पर दूत महाराज का आवाह्न हुआ। सभी भक्तों ने दूत महाराज से परिवार में सुख- शांति व समृद्धि की कामना का आशीर्वाद लिया। इस दौरान भजनों की श्रृंखला में गुरमेल सिंह ने श्रीराम जय राम जय जय राम..., अंकित जोशी ने छोड़ सारी दुनिया में आया तेरे द्वारे... आदि भजन सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, सुरेश जोशी, प्रयाग दत्त कांडपाल, जगदीश ठठोला, सौरभ मिश्रा, महेंद्र सिंह पानू मौजूद रहे।

# बगवाड़ा मंडी से कारोबार शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर

- लोकसभा चुनाव के चलते व्यापारियों को कर दिया था किच्छा बाईपास शिफ्ट
- व्यापारियों के विरोध के चलते प्रशासन को लेना पड़ा निर्णय

**अमृत विचार:** बगवाड़ा मंडी में कारोबार की अनुमति मिलने पर व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। साथ ही व्यापारियों ने बगवाड़ा मंडी से अपना कारोबार भी शुरू कर दिया है। कारोबार शुरू होने पर व्यापारियों ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की और बुके देकर स्वागत किया।

गुरुवार को जिलाधिकारी से मुलाकात के बाद व्यापारी नेता संजय जुनेजा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर बगवाड़ा मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। इस कारण मंडी समिति की ओर से कारोबारियों को 15 से 20 अप्रैल तक एफसीआई के सामने मैदान में कारोबार करने को कहा था, जबकि 21 अप्रैल से बगवाड़ा मंडी में ही कारोबार करने की बात कही थी। कारोबारी मतगणना के बाद मंडी समिति में सचिव से मुलाकात करने गए और मंडी सचिव को कारोबार करने की इजाजत मांगी, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। इससे उनका कारोबार प्रभावित हो रहा था। इससे व्यापारी आक्रोशित हो गये और सब्जी और फल की सप्लाई बंद करने का ऐलान कर दिया था। इसके बाद व्यापारियों ने एसडीएम से मुलाकात की। अब बगवाड़ा मंडी में कारोबार करने की इजाजत मिलने से व्यापारियों ने खुशी जतायी है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेश बंसल, नगर अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, राजीव मिड्ढा, मनोज राजदेव, वीरेंद्र सोनकर, बृज राजदेव, हैप्पी छाबड़ा, केतन गुगलानी, राजन मुंजाल, अफसार खान, सोनू मनोचा उपस्थित थे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर

संख्या : जि.रजि.प्रा./स्थाई पंजीकरण/2023-24/4107 — आवश्यक सूचना — दिनांक : 02/05/2024

नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 की धारा 24 से 30 एवं उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली, 2015 के नियम संख्या 16 के अधीन निम्नवत् नैदानिक स्थापनों को अधिनियम / नियमावली में वर्णित प्राविधानों के अन्तर्गत स्थाई पंजीकरण निर्गत किया जाना है। जिसकी सूचना जनसाधारण की जानकारी के लिए और आक्षेप, यदि कोई हो के लिए संम्प्रदर्शित करी जा रही है :-

| क्र० सं० | नैदानिक स्थापन का नाम व पता | स्वामी का नाम | प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | M/S. SANJIVANI HOSPITAL, KASHIPUR ROAD RUDRAPUR | DR. RAJEEV KUMAR SETIYA | DR. RAJEEV KUMAR SETIYA MBBS-Reg-No-2118 |
| 2 | M/S.METROCITY HOSPITAL AND RESEARCH CENTRE, RUDRAPUR. | DR. MANDEEP SINGH | DR. MANDEEP SINGH MBBS-Reg-No-7555 |
| 3 | M/S.FUTELA HOSPITAL NAINITAL ROAD RUDRAPUR | DR. RAVI PRAKASH FUTELA | DR. RAVI PRAKASH FUTELA MBBS Reg-No-0243 |
| 4 | M/S. BAYA PATH LAB, GULARBHOJ ROAD GADARPUR | MR. SHIVAM BATHLA | DR. MANISH MBBS Reg-No-5901 |
| 5 | M/S, NEW KHINDA PATHOLOGY, OPPOSITE CIVIL HOSPITAL, KHATIMA | MR. KAMALDEEP SINGH KHINDA | DR. AMANDEEP KAUR MBBS-Reg-No-11159 |
| 6 | M/S AGARWAL HOSPITAL NEAR DR ILA MEHROTRA NURSING HOME KASHIPUR | DR. ANKUR AGARWAL | DR. ANKUR AGARWAL MBBS-Reg-No-656 |
| 7 | M/S, SIDDHI VINAYAK HOSPITAL, PLOT NO-6 NAINITAL ROAD RUDRAPUR. | DR JYOTI PRAKASH GUPTA | DR. ABHISHEK GUPTA MBBS-Reg-No-1577 |
| 8 | M/S, OM HOSPITAL AND MATERNITY HOME, D1D2 2/1 NAINITAL ROAD RUDRAPUR. | DR. AJAY KUMAR RANA | DR. AJAY KUMAR RANA MBBS-Reg-No-2114 |
| 9 | M/S, BHATNAGAR CLINIC BARIA ROAD BAZPUR, BAZPUR | DR. RAMESH CHANDRA BHATNAGAR | DR. ROHIT BHATNAGAR MBBS-Reg-No-6940 |
| 10 | M/S, TRIVENI CLINIC, WARD NO-10 RAMPURA KHATIMA ROAD SITARGANJ | DR. HEMCHAND UPADHYAY | DR. HEMCHAND UPADHYAY MBBS-Reg-No-1360 |

मुख्य चिकित्साधिकारी
उधमसिंह नगर


# पंतनगर विश्वविद्यालय में ठेका कर्मियों को मिलेगा बढ़ा वेतन

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों में वाह्य सेवादाता के माध्यम से कार्यरत (ठेका कर्मी) लगभग 3000 कर्मियों को अप्रैल से बढ़ा हुआ वेतन मिलेगा। बृहस्पतिवार को जारी आदेश से ठेका कर्मियों में खुशी का माहौल है।

सक्षम अधिकारी की संस्तुति पर संयुक्त निदेशक श्रम कल्याण की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि उत्तराखंड शासन के श्रम अनुभाग की अधिसूचना के अनुसार 240 दिन पूर्ण दैनिक वेतन भेगी कर्मियों और विवि में मानव पूर्ति के लिए अनुबंधित बाह्य सेवादाता की ओर से कराए जा रहे विभिन्न कार्यों के लिए उपलब्ध कराए गए कर्मियों की मजदूरी दरें पुनरीक्षित की गई हैं।

इस मामले में विवि प्रबंध परिषद सदस्य एवं पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को प्रति पांच वर्ष पर वेतन पुनरीक्षण का नियम है। इसी क्रम में बीती 15 मार्च से प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का वेतन 20 प्रतिशत वृद्धि के साथ पुनरीक्षित कर लागू किया गया। परंतु पंतनगर विवि के दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को इससे वंचित कर दिया गया था। मैंने कृषिमंत्री गणेश जोशी और सीएम पुष्कर सिंह धामी से मिलकर इसे पंतनगर विवि में भी लागू करवा दिया है। इसके लिए सीएम धामी व कृषिमंत्री सहित कुलपति डॉ. एमएस चौहान व प्रशासनिक अधिकारियों का आभार प्रकट करता हूं। कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि यह उनके प्रयास से हुआ है। जबकि हर पांच वर्ष पर सरकार न्यूनतम वेतन का पुनरीक्षण करते हुए उसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि करती है।

इस मामले में किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहा कि पंतनगर विवि में ठेका कर्मियों की वेतन वृद्धि का मामला मैंने सदन में उठाया था, इसके बाद वेतन पुनरीक्षण हुआ है। जबकि पूर्व विधायक चार दिन पहले सोशल मीडिया में बयान दे रहे थे कि यह वेतन पुनरीक्षण मात्र कल कारखानों के लिए हुआ है और बेहड़ पंतनगर में अपने कार्यकर्ताओं से अपना स्वागत करवा रहे हैं। आज वह कह रहे हैं कि विवि में यह उनके प्रयासों से लागू हुआ है। वह झूठ बोल रहे हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल में यह मुद्दा कभी उठाया ही नहीं था। मेरा प्रयास रंग लाया है, इसके लिए विवि के सभी ठेका कर्मियों को बधाई। मेरा प्रयास जारी रहेगा और ठेका कर्मियों के वेतन में आगे भी बढ़ोत्तरी करवाऊंगा।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

### विदेशी बनकर खाता हैक होने का दिया झांसा, ठग की रुद्रपुर निकली लोकेशन, मुकदमा दर्ज

# विदेशी मूल की महिला से ठगे 1700 यूरो

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** फ्रैकफील्ड डगलस कॉर्क की रहने वाली एक विदेशी मूल की महिला को झांसा देकर 1700 यूरो ठगने का मामला सामने आया है। विदेशी दूतावास व सीबीआई की जांच रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल में ठगी के आरोपी की लोकेशन रुद्रपुर की है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बेल न्यू कोर्ट फ्रैकफील्ड,डगलस कॉर्क निवासी गिलियन ओ महोनी साक्षी ने विदेशी दूतावास को भेजे शिकायती पत्र में बताया कि 14 जून 2023 को 087 नंबर से टेलीफोन कॉल आती है। कॉलर ने बताया कि आपका रिवोल्ट खाता हैक हो गया है और भारत में खाते से बड़े पैमाने पर खरीदारी की गई है। जिससे बचने के लिए रस्टडेस्क नाम का ऐप डाउनलोड करना होगा। जिसके बाद खाते से निकली धनराशि वापस हो जाएगी। विदेशी मूल की पीड़िता का कहना था कि वह एक सप्ताह के लिए पुर्तगाल गई थी। शायद वहीं उसके एटीएम कार्ड को कॉपी कर लिया। कॉलर की बातों में आकर उसने गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर लिया।

उन्होंने बताया कि कॉलर ने अपना नाम डेविड केनी बताया,जबकि भारतीय व्यक्ति ऐसा नाम कभी नहीं रखते हैं। 30 मिनट हुई बातचीत के बाद उसे जब लगा कि उसके साथ धोखाधड़ी का खेल हो चुका है। जब पीड़िता ने अपने खाते की जांच करवाई,तो पता चला कि आठ बार लेनदेन के जरिये उसके टीएसबी खाते से 1700 यूरो निकाले गए हैं।

जो भारतीय मुद्रा में 1.53 लाख रुपये होते हैं। साइबर ठगी होने के बाद पीड़िता ने इसकी शिकायत विदेश दूतावास और भारतीय दूतावास को दी। मामले की प्रारंभिक जांच सीबीआई को दी गई। सीबीआई ने ठगी प्रकरण की पड़ताल की,तो पता चला कि विदेशी मूल की महिला से साइबर ठगी को अंजाम देने वाला रुद्रपुर का रहने वाला है। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज हो गया है और जल्द ही साइबर ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पड़ोस में गई महिला के घर में घुसकर 35 हजार उड़ाए

**काशीपुर :** दो चोरों ने घर में घुसकर हजारों रुपये की नगदी समेत अन्य सामान चोरी कर लिया। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। गौरी कुंज फेस-2 कुण्डेश्वरी निवासी मुन्नी देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीती 24 अप्रैल को दिन में करीब साढ़े 12 बजे उसके घर में घुसकर दो चोर घर का ताला तोड़कर करीब 35 हजार रुपये व अन्य सामान चुरा ले गए। चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी के समय वह पड़ोस में गई हुई थी, जबकि बेटा स्कूल गया हुआ था। उसके पति काम से बाहर रहते हैं।

### नाले को अतिक्रमण मुक्त कर जल निकासी की मांग

**बाजपुर :** बरसात का मौसम शुरू होने से पहले नाले को अतिक्रमण मुक्त कराकर जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग को लेकर एसडीएम दफ्तर पहुंचे ग्रामीणों ने एसडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को ग्राम नंदपुर नरकाटोपा के कुछ ग्रामीण एकत्रित होकर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय जा पहुंचे और वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मिलकर उन्हें समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर कहा कि गांव से होकर गुजर रहे बन्नाखेड़ा-बाजपुर मुख्यमार्ग से मरियमपुर नंबर-तीन की पुलिया तक वर्षों पुराना नाला है। इसी नाले से पूरे गांव के बरसात के पानी की निकासी होती है। आरोप है कि इसी नाले पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है जिससे इसकी चौड़ाई काफी कम हो गई है। ज्ञापन देने वालों में ग्राम प्रधान रेशमा, उप प्रधान ताहिर, भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष दलजीत सिंह रंधावा, शमशाद हुसैन, अमर सिंह, आदित्य, अख्तर मौजूद रहे।

# नामचीन यू-ट्यूबर फरमानी नाज पर अशोभनीय टिप्पणी

▸▸ यू-ट्यूबर ने मुजफ्फरनगर से रुद्रपुर चौकी आकर सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचार:** देश की नामचीन यू-ट्यूबर फरमानी नाज के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। इसके बाद यू-ट्यूबर ने मुजफ्फरनगर से आकर रंपुरा चौकी पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बाद में युवक ने माफी मांगकर गलती का एहसास कर मामले का पटाक्षेप किया।

पिछले कुछ दिनों से नामगिरामी यू-ट्यूबर फरनामी नाज के फेसबुक पेज पर खेड़ा बस्ती रुद्रपुर का रहने वाला एक युवक बार-बार अशोभनीय व अभद्र टिप्पणी कर रहा था। इससे तंग आकर गुरुवार की सुबह तड़के यू-ट्यूबर नाज अपनी टीम के साथ रंपुरा चौकी पहुंची और चौकी प्रभारी नवीन बुधानी से संपर्क कर शिकायती पत्र सौंपा।

यू-ट्यूबर के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी का मामला सामने आते ही पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की और आरोपी युवक की लोकेशन निकालकर खेड़ा बस्ती स्थित उसके आवास से आरोपी को उठा लिया। इसके बाद पुलिस आरोपी युवक को लेकर चौकी आई। जहां यू-ट्यूबर ने आरोपी युवक को खरीखोटी सुनाई। अपनी गलती का एहसास करते हुए युवक ने माफी मांगी और मोबाइल से भेजे गए मैसेज को डिलीट कर दोबारा गलती नहीं करने का आश्वासन दिया। इसके बाद यू-ट्यूबर ने आरोपी को माफ करते हुए अपनी तहरीर को वापस ले ली। उधर, चौकी प्रभारी नवीन बुधानी ने बताया कि यू-ट्यूबर द्वारा खुद चौकी आकर टिप्पणी की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बाद में यू-ट्यूबर द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने की बात कही और आपसी समझौते के आधार पर मामले का पटाक्षेप किया।

## सार-संक्षेप



बाजपुर में सीड प्लांट का स्थलीय निरीक्षण करती संयुक्त टीम। ● अमृत विचार

### दो सीड प्लांटों का निरीक्षण किया, खामियां मिलीं

**बाजपुर :** जिलाधिकारी द्वारा गठित संयुक्त टीम ने गुरुवार को भोना बिराहा रोड पर स्थित दो सीड प्लांटों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें एक सीड प्लांट का स्टाक सही पाया गया, जबकि दूसरी फर्म का स्टाक अभिलेखों से 20 .40 क्विंटल अधिक मिला। इस संबंध में सीड प्लांट स्वामी द्वारा अधिक स्टाक स्वीकार किया गया। इस पर कमेटी द्वारा मंडी समिति स्तर से विधिक कार्रवाई करने के लिए कहा गया जिस पर मंडी समिति द्वारा मंडी शुल्क व विकास सेस के अतिरिक्त 5000 शम्मन शुल्क सहित 6173 वसूल किए गए। निरीक्षण दल में राजस्व निरीक्षक विपिन चौहान, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, प्रभारी सीड सर्टिफिकेशन बल्देव सिंह, प्रमाणीकरण निरीक्षक शिवकुमार व एसके मंडल, कृषि विकास अधिकारी वीरेंद्र कुमार चौहान एवं निरीक्षक रमेश चंद्र, मंडी सहायक सुंदर नयाल, फूल सिंह आदि मौजूद थे।

### बेटी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश

**बाजपुर :** बेटी के साथ छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश करने व शिकायत लेकर पहुंचे उसके भाई के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने का आरोप लगा पीड़िता की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उसने मवेशियों के लिए भूसा खरीदा था जिसे खेत से लाकर सरकारी स्कूल के पास ढेर लगा लिया और वहां से परिवार के लोग थोड़ा-थोड़ा करके घर ले जा रहे हैं। आरोप है कि बुधवार की रात करीब आठ बजे भूसे की गठरी लेकर अकेली घर जा रही उसकी बेटी को अचानक गांव के ही एक युवक ने पीछे से दबोच लिया और जबरन छेड़छाड़ व अश्लील हरकते करने लगा। बेटी के चीखे-चिल्लाने पर मां भी पहुंच गई जिस पर आरोपित दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। आरोप है कि बाद में जब इस बात की शिकायत लेकर उसका बेटा आरोपी के घर गया तो वह उससे भी गाली-गलौज करने लगा तथा मारपीट की गई।

### शादी में गया परिवार, चोरों ने तोड़े घर के ताले

**काशीपुर :** विवाह समारोह में शिरकत करने रामपुर गए एक व्यक्ति के मकान के ताले तोड़ चोर करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी व लाखों रुपये के आभूषण चोरी कर ले गए। तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है। चोरों की तलाश में पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली। थाना आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में कुंडेश्वरा निवासी दिनेश कुमार ने बताया कि 27 अप्रैल की दोपहर घर में ताला लगाकर वह अपने परिवार के साथ चाचा के बेटे की शादी में शिरकत करने रामपुर गया था। उनकी अनुपस्थिति में उसी शाम करीब साढ़े चार बजे एक संदिग्ध युवक बाइक लेकर उनके घर पर आया। इस दौरान चोर ने मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर रखी अलमीरा का लॉक तोड़ दिया। चोर घर से डेढ़ लाख रुपये की नकदी, सोने चांदी के आभूषण, एक मोबाइल चोरी कर ले गया। शाम के 7 बजे वह लौटे तो उन्हें मकान का ताला टूटा मिला। पास के सीसीटीवी कैमरे में बाइक सवार युवक कैद हुआ है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ले ली है।

### जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट

**बाजपुर :** जमीन के बंटवारे को लेकर दो भाइयों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों के किशोरी सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर तीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया है। गुरुवार की सुबह करीब दस बजे ग्राम कनौरी निवासी जमील अहमद, नूर अहमद, गुलफिदा का जमीन के बंटवारे को लेकर अपने भाई शकील अहमद और मोहम्मद आसिम से काफी लंबे समय से विवाद चला आ रहा था। बताया जाता है कि गुरुवार को दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसके बाद कहासुनी होने लगी। लोग जैसे ही आसपास के मामला शांत कराते कि तब तक लाठी-डंडे चल गए। इसमें दोनों ही परिवार के पांच लोग गंभीर घायल हो गए। डा.मनदीप सिंह ने बताया कि जमील अहमद व उसकी पुत्री गुलफिदा और दूसरे पक्ष के शकील अहमद को हल्द्वानी के लिए रेफर कर दिया गया है।

# प्रसव के बाद हुई नवजात की मौत पर अस्पताल में हंगामा

### उपचार में लापरवाही का आरोप, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सिविल लाइन स्थित निजी अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से एक नवजात की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों का कहना था कि का प्रसव पीड़ा के बाद गर्भवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और डिलीवरी के बाद नवजात का जन्म हुआ था और आधे घंटे बाद नवजात की मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए परिजनों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर आदर्श कॉलोनी चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी निवासी राहुल ने बताया कि बुधवार की शाम को उसकी पत्नी तान्या को प्रसव पीड़ा के कारण पत्नी को पहले जिला अस्पताल लेकर गए थे। जहां डॉक्टरों ने निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। बताया कि बुधवार की देर रात दस बजे पत्नी को सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात तीन बजे डिलीवरी हुई। महिला ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। आरोप था कि आधे घंटे पहले नवजात बिल्कुल ठीक था और अचानक अस्पताल के डॉक्टरों ने साढ़े तीन बजे नवजात के पेट में गंदगी चले जाने की बात कहते हुए नवजात को मृत घोषित कर दिया। रात भर डॉक्टर परिजनों को गुमराह करते रहे और गुरुवार की सुबह जब रिश्तेदार पहुंचे और उन्होंने अस्पताल के चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। बाजार चौकी प्रभारी पंकज मेहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं अस्पताल संचालक डॉ. अशोक गर्ग ने बताया कि गर्भवती के भर्ती होने के दौरान ही हालत नाजुक थी। बावजूद डिलीवरी करवाई गई। नवजात के पेट में गंदा पानी चले जाने की वजह से मौत हुई है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार और बेबुनियाद हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत



बाबू अली।

**गदरपुर :** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। वार्ड नंबर दस गदरपुर निवासी बाबू अली खुद का दांतों का क्लीनिक चलाता था। गुरुवार सुबह बाबू अली अपनी बाइक से मुरसैना मिलक खानम किसी काम से गया था। दोपहर करीब तीन बजे जब बाबू अली घर लौट रहा था। जब वह ग्राम सकैनिया स्थित पीएचसी के सामने उसकी बाइक को सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाबू अली बाइक से छिटक कर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बीच चालक मय वाहन के भाग निकलने में कामयाब हो गया। एक्सीडेंट को वहां से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और बाबू अली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने बाबू अली को मृत घोषित कर दिया। बाबू अली की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक बाबू अली के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। मृतक बाबू अली अपने पीछे पत्नी, चार बेटी और दो बेटों को रोते बिलखते छोड़ गया है।

### तीन दिन से लापता अधेड़ का शव मिला

**बाजपुर:** तीन दिन से गायब अधेड़ का शव नेशनल हाइवे-74 पर सड़क किनारे नाले में मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। घटना की जानकारी से मृतक के स्वजनों में कोहराम मच हुआ है। गुरुवार की सुबह पुलिस को एक व्यक्ति ने सूचना दी कि दोराहा पुलिस चौकी क्षेत्र में एनएच-74 पर पेट्रोल पंप के पास नाले में एक व्यक्ति पड़ा हुआ है। संभवतः उसकी मृत्यु हो गई है। दोराहा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह मय फोर्स के मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने नाले के अंदर पड़े शव को बाहर निकाला। कुछ देर बाद उसकी शिनाख्त ग्राम महेशपुरा निवासी नन्हें (50) पुत्र थान सिंह के रूप में हुई। जांच-पड़ताल व पूछताछ करने पर पता चला कि मृतक दिमागी रूप से थोड़ा कमजोर था और नशा करने का आदी था। बताया गया कि मृतक पिछले दो दिन से लापता था। घटना की सूचना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। कुछ देर में परिवार के लोग अन्य ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिए काशीपुर भिजवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही उसकी मौत के बारे में सही पता चल पाएगा।

# बिना नक्शा पास कराए बनाई दुकानें कीं ध्वस्त



दुकानों को ध्वस्त करने पहुंची जेसीबी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** जिला विकास प्राधिकरण ने मानकों के विपरीत बनाए गए दुकानों को ध्वस्त किया है। खड़कपुर देवीपुरा में कई लोगों ने प्राधिकरण से बिना नक्शा कराए दुकानों का निर्माण करा लिया।

गुरुवार को प्राधिकरण के जेई धर्मेंद्र टोलिया के नेतृत्व में मौके पर पहुंची। टीम ने जेसीबी की मदद से कार्रवाई करते हुए दुकानों को ध्वस्त कर दिया। टीम ने बताया कि पहले भी ध्वस्तीकरण कर चालानी कार्रवाई की गई थी। दोबारा से लोगों ने दुकानों का निर्माण शुरू कर दिया। बताया कि अब दोबारा से निर्माण किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किच्छा में भी अवैध कॉलोनियां ध्वस्त कीं

**किच्छा :** तहसील किच्छा में ग्राम बंडिया डिग्री कॉलेज के समीप हल्द्वानी बाईपास रोड एवं ग्राम सोनेरा में 02 अनाधिकृत कॉलोनियों एवं तहसील काशीपुर में ग्राम खड़कपुर देवीपुरा, सत्यम पैलेस के सामने, टांडा रोड पर 01 कॉलोनी एवं ग्राम कुंडा, गुरुद्वारे के सामने, 01 कॉलोनी के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। साथ ही इन कॉलोनियों के अंतर्गत निर्मित 04 दुकान व 01 भवन को सील किया गया।

# मोबाइल चोरी के आरोप में युवक को बांधकर पीटा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगा युवक को खंभे से बांधकर बेरहमी से पिटाई का मामला प्रकाश में आया है।

भोना इस्लामनगर निवासी विशाल ने पुलिस को बताया कि एक मई को दोपहर बाद करीब तीन बजे वह अपने बाल कटवाने के लिए गांव में ही एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर गया था। आरोप है कि वह दुकान पर जाकर बैठा ही था कि तभी दुकान स्वामी दो भाइयों ने उसके ऊपर अपना मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज व मारपीट की। इतना ही नहीं अपने चार-पांच अन्य साथियों के सहयोग से उसे दुकान से घसीट कर बाहर ले आए और पास में लोहे के खंबे से बांध दिया। आरोपितों ने लाठी-डंडों से उसकी बेरहमी से पिटाई की। जान से मारने की नियत से गले में रस्सी का फंदा डाल दिया जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया है तथा गले की हड्डी में फैक्चर आया है। जानकारी मिलने पर पहुंची उसकी मां ने किसी तरह उसे हमलावरों के चंगुल से छुड़ाया।

> सूचना प्राप्त होते ही चीता मोबाइल पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, लेकिन तब तक आरोपित फरार हो चुके थे। घटना की लिखित तहरीर मिली है जिसकी निष्पक्षता से जांच करवाई जा रही है जिसमें जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। -**मनोज रतूड़ी**, कोतवाल

# तीन शव पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम

**दुखद**

▸▸ नाती की शादी में शामिल होने गईं थीं महिलाएं

संवाददाता, शक्तिफार्म



कंचन सरदार।



बिशुखा मंडल।



रेणुका मंडल।

**अमृत विचार:** नाती की शादी में शामिल होने की अरमान लेकर बारात के साथ गईं शक्तिफार्म के बैकुंठपुर व रुदपुर की तीन महिलाओं की सड़क हादसे में मौत के बाद जब शव घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। तीनों शवों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया।

शक्तिफार्म के बैकुंठपुर नंबर 1 निवासी नरोत्तम सरकार पुत्र दीपंकर सरकार की बारात चंदिया हजारा के राहुल नगर जिला पीलीभीत में मंगलवार को गई थी। बारात में जा रही इनोवा कार रात करीब 8:30 बजे के आसपास हाजरा चंदिया से 2 किमी पीछे जंगल में पलट जाने से कार में सवार रुदपुर निवासी नरोत्तम की नानी रेणुका मंडल (70) पत्नी ज्योतिष मंडल, बैकुंठपुर निवासी रिश्ते में दादी कंचन सरदार (65) पत्नी आशु सरदार एवं बिशुखा मंडल (50) पत्नी तापस मंडल की मौके पर ही मौत हो गई।

बैकुंठपुर निवासी नरोत्तम के चचेरे भाई उमेश सरकार पुत्र दिवाकर, रुदपुर निवासी ममेरे भाई गणेश मंडल पुत्र महानंद, गौरांग मंडल पुत्र तारक मंडल, सहित गोविंद, निहाल, मनीष घायल हो गए। घर वालों ने बताया कि गणेश मंडल की हालत गंभीर है। घरवालों का कहना है कि नानी रेणुका मंडल एवं रिश्ते में दादी कंचन सरदार व बिशुखा मंडल अक्सर कहती थीं कि वे नाती की शादी में जरूर जाएंगी। मंगलवार को नाती पुरुषोत्तम की शादी में शामिल होने के लिए तीनों सज-धजकर बारात में शामिल हुई थीं। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। बुधवार शाम परिजन उनके शव लेकर घर पहुंचे रात को तीनों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### गांव के सभी शादी समारोहों के डीजे बंद किए गए

मंगलवार को बैकुंठपुर गांव में भी कई जगह शादियां थीं। शादी समारोह के पंडाल में डीजे बज रहा था। रात को तीनों महिलाओं की मौत की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सभी शादी समारोहों में बज रहे डीजे को बंद कर दिया गया।

# बच्चों को लेकर जा रहा टुकटुक पलटा, कई चोटिल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अटरिया मार्ग पर गुरुवार की दोपहर उस वक्त चीख पुकार मच गई। जब स्कूली बच्चों को लेकर टुकटुक अचानक पलट गया। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और चालक को खरीखोटी सुनाई। चोटिल विद्यार्थियों का नजदीक के ही निजी अस्पताल में उपचार कराया गया।

गुरुवार की दोपहर एक बजे के करीब टुकटुक चालक आवास विकास स्थित एक निजी विद्यालय की छुट्टी होने के बाद सात से आठ स्कूली बच्चों को टुकटुक में बैठाकर ट्रांजिट कैंप की ओर रवाना हुआ। बताया जा रहा है कि जैसे ही टुक टुक अटरिया मार्ग स्थित पुल के समीप पहुंचा तो सड़क खराब होने के कारण टुकटुक अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें बैठे बच्चों में चीख पुकार मचने लगी। आवाज सुनकर राहगीर घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और पलटे टुकटुक के अंदर से बच्चों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर स्कूली बच्चों के अभिभावक भी मौके पर पहुंचे और घायलों को नजदीक के ही निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद चोटिल हुए बच्चों को छुट्टी दे दी।



घायल बच्ची को ले जाते अभिभावक व लगी भीड़। ● अमृत विचार



बाजपुर में सरकारी अस्पताल में भर्ती घायल। ● अमृत विचार

### कार और स्कूटी की टक्कर में तीन महिलाएं घायल

**बाजपुर :** कार और स्कूटी की जबरदस्त टक्कर में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें आसपास के लोगों की मदद से जिला उप चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने सभी को हायर सेंटर रेफर कर दिया। गुरुवार को दोपहर चार बजे शुगर फैक्ट्री निवासी पिंकी (40) पत्नी स्व चंद्रपाल सिंह व मुंडिया कला निवासी प्रीति गुप्ता (40) पत्नी माधोराम स्कूटी से बाजपुर से हरिपुरा हरसान में आंखों का चेकअप कराने के लिए जा रही थी। इसी बीच नैनीताल - मुख्यमार्ग रिवरडेल स्कूल के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने पिंकी की स्कूटी में टक्कर मार दी। केशव नगर वार्ड नंबर 5 निवासी रानी पत्नी (45) स्व उमराम सिंह भी ई-रिक्शे से आंखों का चेकअप कराने के लिए जा रही थी। जब वह ई रिक्शा से उतरकर घटनास्थल पर जा रही थी तो कार ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया। इस दौरान वह बुरी तरह से जख्मी हो गई। हादसे में घायल प्रीति गुप्ता की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। घटनास्थल पर काफी संख्या में भीड़ एकत्र हो गई। कुछ समय के लिए यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई।

# सड़कों पर पशु छोड़े तो लगेगा जुर्माना

▸▸ दो हजार से 25 हजार रुपये तक है जुर्माना राशि

▸▸ पांच करोड़ का गौशाला निर्माण का प्रस्ताव भेजा शासन को

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** सड़कों पर पालतू पशुओं को छोड़ देना अब लोगों को महंगा पड़ सकता है। डेयरी उपविधि के तहत नगर निगम ऐसे पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाएगा। पशुपालकों के खिलाफ दो हजार से 25 हजार तक का जुर्माना लगाने का प्रावधान है।

दरअसल शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़क पर घूम रहे निराश्रित पशुओं के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इनके अचानक सामने आने या फिर रात में बीच सड़क पर बैठे होने से कई हादसे घटित हो जाते हैं। इसमें कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इन निराश्रित पशुओं को लेकर नगर निगम ने कई बार अभियान भी चलाया है और उन्हें पकड़ कर आसपास की गौशालाओं में भी भेजा है। इसके बावजूद निराश्रित पशुओं की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। इसका कारण है कि पशु स्वामियों द्वारा पशु के उपयोग नहीं होने पर उसे सड़क पर छोड़ देना। अब ऐसे पशुपालकों के खिलाफ डेयरी उपविधि के तहत नगर निगम कार्रवाई करेगा। इसमें दो हजार से लेकर 25 हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान भी है।

वर्तमान में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं के लिए पांच करोड़ का गौशाला निर्माण का बजट नगर निगम ने शासन को भेजा है। इसके मिलते ही इस साल तक गौशाला बनने की उम्मीद है। गौशाला के लिए नगर निगम को सूत मिल के पास कचनाल गुंसाई में तीन एकड़ भूमि पूर्व में ही मिल चुकी है। जिसमें करीब 500 पशुओं के रखने की क्षमता सुविधाओं सहित होगी। नगर आयुक्त विवेक राय ने बताया कि डेयरी उपविधि के तहत सड़कों पर पशुओं को निराश्रित छोड़ने वालों के खिलाफ नगर निगम सख्त कार्रवाई अमल में लाएगा। ऐसे पशुपालकों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में सड़कों पर घूम रहे निराश्रित पशुओं के लिए गौशाला निर्माण के लिए पांच करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसकी अनुमति मिलते ही गौशाला निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा।

## सार-संक्षेप


बाजपुर कोतवाली में स्थापित मंदिर में हवन करवाते कोतवाल मनोज रतूड़ी।

### क्षेत्र में शांति के लिए कोतवाली में धार्मिक अनुष्ठान

**बाजपुर :** कोतवाली परिसर में स्थापित मंदिर में गुरुवार को धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें विधिवत पूजा-अर्चना के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था, सुख-समृद्धि व बढ़ते अपराधों को रोकने की मंशा से पुलिस प्रशासन ने मंदिर में हवन-यज्ञ करवाया। इसके मुख्य यजमान कोतवाल मनोज रतूड़ी रहे। हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना पं. गौरव मिश्रा ने संपन्न करवाई। इस मौके पर एसएसआई विनोद फर्त्याल, बरहैनी चौकी प्रभारी गोविंद सिंह मेहता, दोराहा चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी विक्रम सिंह राठौर, एसआई देवेंद्र सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।



हिंद पब्लिक स्कूल में विजेता को सम्मानित करते प्रबंधक नीरज कुमार।

### यूसीमास में धान्या ने फोर्थ रनर अप की ट्रॉफी जीती

**खटीमा :** हिंद पब्लिक स्कूल में चल रहे सेंटर यूसीमास से तीन बच्चों ने 15वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत की। इसमें धान्या अग्रवाल ने फोर्थ रनर अप की ट्रॉफी जीती। रुद्रपुर में 28 अप्रैल को आयोजित यूसीमास में हिंद पब्लिक स्कूल स्थित केंद्र के तीन बच्चों सहित प्रदेशभर से 750 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया था। धान्या अग्रवाल ने पांचवां स्थान हासिल किया जबकि लक्ष्य सिंह अधिकारी और आशुतोष राणा ने मेरिट की ट्रॉफी हासिल की। यूसीमास वर्ल्ड का अग्रणी अबेकस ब्रांड है जो सिक्स फिंगर तकनीक का उपयोग अबेकस सिखाने में करता है। हिंद पब्लिक स्कूल स्थित यूसीमास सेंटर के निदेशक हर्षित पांडे और दीपाली पांडे ने बताया कि यूसीमास के छात्रों ने गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स आदि में अपना नाम दर्ज कराया है।



शैक्षिक भ्रमण के दौरान भारतीय स्टेट बैंक शक्तिफार्म की शाखा में छात्राएं व शिक्षक।

### छात्राओं ने जाना एसबीआई का कामकाज

**शक्तिफार्म :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत ट्रेड आईटीएस के छात्राओं ने भारतीय स्टेट बैंक का शैक्षिक भ्रमण किया। बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल सिंह राणा, सहायक रमेश नेगी एवं अकाउंटेंट गौरब ने बैंक के क्रियाकलाप व योजनाओं से संबंधित जानकारियां दीं। इस दौरान प्रधानाचार्य मनीषा अग्रवाल, जसपाल कौर, रेनू कुशवाह, अम्बिका राणा आदि मौजूद रहीं।

### छात्रसंघ उपाध्यक्ष के माता-पिता के साथ मारपीट

**बाजपुर :** दुकान से सामान लेने गए माता-पिता को घेरकर रंजिशन गाली-गलौज व मारपीट करने व बाद में उसके साथ भी बेरहमी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहल्ला केशवनगर वार्ड नंबर-6 निवासी पंकज पाल ने पुलिस को बताया कि वह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष है। बुधवार की देर रात करीब 9 बजे उसके व्यक्तिगत फोन नंबर पर मोहल्ले के ही पूर्व से रंजिश रखने वाले एक युवक ने व्हाट्सएप्प पर मेसेज भेजकर संगीन आरोप लगाए तथा उसकी छवि खराब करने की कोशिश की। इसी बीच उसे पता चला कि मोहल्ले में दुकान पर कुछ सामान लेने गई उसकी मां व बीचबचाव करने पहुंचे पिता पर रंजिशन गाली-गलौज करते हुए अपने परिवार के साथ मिलकर हमला कर दिया है जिसमें उसकी मां बेहोश होकर वहीं गिर गई। जानकारी होने पर जब पंकज मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उसके साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई है। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था।

### पांच मई को समाप्त हो जाएगा ऐतिहासिक चैती मेला

**काशीपुर :** ऐतिहासिक चैती मेला पांच मई को समाप्त हो जाएगा। मेले में सिलबट्टा बाजार, ढोलक बाजार व झूले आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। गुरुवार को मेला अधिकारी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि बीते नौ अप्रैल को चैती मेला परंपरा अनुसार शुभारंभ किया गया था। बताया कि चैती मेला अभी तक पांच मई तक ही चलाने का निर्णय लिया गया है। चैती मंदिर के मुख्य पंडा विकास अग्निहोत्री ने बताया कि मां बाल सुंदरी देवी का डोला पहुंचते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ जाती है। लोगों की मां बाल सुंदरी देवी के प्रति गहरी आस्था जुड़ी हुई है।

### वरिष्ठ व्यवसायी शिव का आकस्मिक निधन


शिव कुमार रोहेला।

**खटीमा :** प्रतिष्ठित व्यापारी शिव कुमार रोहेला का 102 वर्ष की आयु में निधन हो गया। बृहस्पतिवार को मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उन्हें उनके बेटे नितिन रोहेला ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में दिनेश अग्रवाल, रमेश चंद्र जोशी, मुकेश शर्मा, मनोज वाधवा, मिंटू टंडन, जोगेंद्र डाबर, तरुण ठाकुर, प्रकाश शर्मा, भुवन जोशी, मुकेश गुप्ता, नरेश पांडेय, अनिल बत्रा, भगवान दास, जितेंदर बत्रा, गुरुसेवक सिंह, रवीश भटनागर आदि उपस्थित थे। वरिष्ठ व्यवसायी शिवकुमार रोहेला को उनके पुत्र पप्पू रोहेला, अरुण रोहेला, तरुण रोहेला, नितिन रोहेला और रोबिन रोहेला ने शव यात्रा को कंधा दिया।


खटीमा में जन समस्याएं सुनते भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश जोशी।

### भाजपा का ममता कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बृहस्पतिवार को ममता कॉलोनी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के समक्ष जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनता ने अपनी समस्याएं रखीं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जोशी ने निवासियों की समस्याओं का हर संभव समाधान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, ठाकुर अमित सिंह, अंकित सिंह, करण यादव, राहुल सक्सेना, मीरा, सुशीला देवी, मजहर अंसारी, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं और 12वीं के मेधावी सम्मानित

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में छात्र-छात्राओं से बातचीत कर अनुभव साझा किए, कहा-कठिन परिश्रम कर लक्ष्य को करें प्राप्त

संवाददाता, रुद्रपुर


छात्राओं से बातचीत करते जिलाधिकारी उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तराखंड बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण जनपद के 10वीं व 12वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं, अध्यापकों एवं अभिभावकों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में पुरस्कार सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मेधावी छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं को जाना और अपने अनुभव साझा किये। साथ ही बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं से कहा कि यदि वे करियर को लेकर अभी से मेहनत करेंगे तो निश्चित ही जनपद एवं प्रदेश का नाम तो रोशन होगा। साथ ही उनके परिवार और समाज का भी विकास होगा। उन्होंने कहा कि सामान्य परिवार के बच्चों को परिश्रम से ही सफलता मिलती है। इसलिए और अधिक परिश्रम कर अपनी मंजिल को हासिल करें। छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और प्रधानाचार्यों से अपेक्षा की कि वे छात्रों के कैरियर के लिए आगे भी मार्गदर्शन करेंगे। ताकि ये बच्चे आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर सफलताएं प्राप्त कर सकें। उन्होंने इस वर्ष प्रदेश की मेरिट सूची में जनपद की 5वीं रैंक आने पर शिक्षा विभाग के सभी अधिकारियों, प्रधानाचार्यों, अध्यापकों व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षा विभाग व प्रधानाचार्यों को नये पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। साथ ही छात्र-छात्राओं से अध्ययन के साथ खेल-कूद, योग आदि में भी रूचि लेने के लिए कहा। ताकि मानसिक के साथ शारीरिक स्वस्थता भी बनी रहे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत आदि मौजूद थे।


हाईस्कूल में 20वीं रैंक पाने वाले छात्र नमन नेगी को बधाई देते डॉ. गणेश उपाध्याय।

### 20वीं रैंक पाने वाले नमन को किया सम्मानित

**शांतिपुरी :** उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में 20वीं रैंक पाने वाले शांतिपुरी नंबर चार निवासी नमन नेगी को पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डॉ. गणेश उपाध्याय व उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. लता उपाध्याय ने घर जाकर छात्र एवं परिजनों को बधाई दी। नमन ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में पूरे प्रदेश में 20वीं रैंक हासिल कर 500 में से 478 अंक प्राप्त किए हैं।

### मेरिट में आए मेधावियों को किया सम्मानित

**जसपुर :** रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर महुआडाबरा, जसपुर के हाईस्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षा में मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा निदेशक महावीर सिंह बिष्ट ने विद्यालय पहुंचकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंध समिति के पदाधिकारी पृथ्वीसिंह गहलौत, प्रधानाचार्य नरेश चौहान, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।


खटीमा के जीआईसी चारुबेटा में मेधावी छात्रों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### जीआईसी चारुबेटा में सम्मानित हुए मेधावी छात्र

**खटीमा :** राजकीय इंटर कॉलेज चारुबेटा में सेवारत गणित शिक्षक एवं साहित्यकार रावेंद्र कुमार रवि ने विगत वर्षों की भांति इस वर्ष मेधावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कक्षाओं में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को स्टेशनरी से भरा हुआ स्कूल बैग, पानी की बोतल, लंच बॉक्स भेंट किए। उन्होंने 10वीं की आरती घोष व आर्यन, नवीं की अंविशा, आलिया व सुमित, आठवीं के आदित्य व रमनदीप कौर, सातवीं की जासमीन तथा छठवीं की अलका व अनिकेत को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रामनारायण वर्मा, हरिओम पारखी, धर्मेंद्र प्रसाद शुक्ल, संगीता रावत, गया प्रसाद मौर्य, बंश नारायण मौर्य, चंद्रशेखर पाठक, किशोर कुमार, सूरज नाथ कुशवाह आदि मौजूद रहे।


सम्मान प्राप्त करते रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर जसपुर के छात्र-छात्राएं।

# मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले 19 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले कौशल गंगवार एवं सुमित गंगवार, 92.8 प्रतिशत के प्रियंक पाठक, 91.6 प्रतिशत दीक्षा सिंह एवं इंटर मीडिएट में 87.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कैफानूर, 84.4 प्रतिशत अंक प्राप्त संजना यादव एवं 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले सौम्या पांडे सहित अन्य छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता अजय तिवारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और यही बच्चे आगे चलकर उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद विश्व पटल पर देश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र भट्ट, तुलसी प्रसाद सोरारी, विवेक राय, भुवन चंद तिवारी, मुकेश चंद, श्याम चरण, ओमपाल, वेद प्रकाश, शंभू, रामकिशोर, विनोद कुमार, भूप राम, रीता रानी, नविता, गंगोत्री रानी, मंजू, शैलजा, रेखा, अंजू, तुलसी देवी, शुभम तिवारी, अमित पुरोहित आदि मौजूद रहे। इधर नगर पालिका के पूर्व सभासद शोभित शर्मा ने भी हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले 19 छात्रों को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जिले में छात्रों को बंटने लगीं किताबें

**काशीपुर :** ऊधमसिंह नगर जिले में बच्चों को नई किताबें बंटने लगी हैं। पहले एक से लेकर आठ तक के बच्चों के लिए किताबें पहुंची हैं। आज नौ से लेकर इंटर तक के विद्यार्थियों को किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। एक अप्रैल से शिक्षा विभाग का नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया था, लेकिन किताबें नहीं आने से छात्र पुरानी किताबों के जरिए ही पठन-पाठन का कार्य कर रहे थे। शिक्षकों की चुनाव में ड्यूटी लगने से शिक्षा कार्य स्कूलों में प्रभावित हुआ था। काशीपुर के प्रभारी बीईओ धीरेंद्र कुमार शाहू ने बताया कि गुरुवार को काशीपुर के कई एक से लेकर आठ तक के स्कूलों में जिले से किताबें पहुंची हैं। सुदामा लाल स्कूल में किताबों को बांटा भी गया है। शुक्रवार की दोपहर तक नौवीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न विषयों की किताबें मुहैया कराई जाएंगी।


किच्छा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि। ● अमृत विचार

### राबाइंका में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**किच्छा :** अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुंदरम शर्मा एवं उप निरीक्षक मनोज कुमार ने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव को लेकर विस्तार से जानकारी दी। नगर स्थित जीजीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची अग्रवाल महिला समिति की जिलाध्यक्ष शोभा गोयल एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता यादव ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. वंदना गर्ब्याल ने सरकार द्वारा छात्राओं को शिक्षित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। संचालन शिक्षिका डॉ. वीणा पाठक ने किया। मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम अंसारी, डायट प्रवक्ता डॉ. अंजना बिष्ट, डॉ. माधवेंद्र सारस्वत, रेखा आर्य, एलआईयू इंचार्ज भोपाल सिंह नेगी, डॉ. अंजू सक्सेना आदि मौजूद रहे।


जीआईसी शांतिपुरी में छात्रा को सम्मानित करते प्रधानाचार्य व वायु सेना अधिकारी।

### जीआईसी में छात्र-छात्राओं को बताई अग्निवीर की खूबियां

**शांतिपुरी :** आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज में भारतीय वायु सेना की टीम ने सीनियर छात्र-छात्राओं को सेना व वायु सेना में अग्निवीर की भर्ती एवं उसकी खूबियों के बारे में जानकारी दी। गुरुवार को शांतिपुरी जीआईसी के हॉल में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए भारतीय वायु सेना के वारंट ऑफिसर रामकृष्ण गोखले ने उन्हें सेना में अग्निवीर की भूमिका, चार वर्षों के कार्यकाल में अग्निवीर को देय वेतनमान, वेलफेयर सुविधाएं, मेडिकल सुविधा आदि के बारे में बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से भारतीय वायु सेना के बारे में सवाल पूछे और सही उत्तर देने वाले बच्चों को पुरस्कार बांटे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने भारतीय वायु सेना के अधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में पीटीए अध्यक्ष बीएस कोरंगा, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. बीसी भट्ट, सीएस सारेंट सिद्धप्पा, कार्पोरिल योगेन्द्र पाल, रवि कुमार, अनिल कुमार, मंजुला कालरा आदि मौजूद रहे।

# मॉक ड्रिल से परखीं चारधाम यात्रा की तैयारियां

ब्यूरो, देहरादून


मॉकड्रिल के दौरान दिशा-निर्देश देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** चारधाम यात्रा के दौरान किसी आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए गुरुवार को चारधाम यात्रा से जुड़े जिलों में मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा गया। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से आयोजित मॉक ड्रिल में यात्रा मार्ग स्थित जिलों ने आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी-अपनी कार्ययोजना पेश की।

सचिवालय स्थित आपदा कंट्रोल रूम से मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलों की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा को लेकर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। यात्रियों कोकोई दिक्कत न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा तथा एनडीएमए के वरिष्ठ सलाहकार मेजर जनरल सुधीर बहल ने सचिवालय परिसर स्थित कंट्रोल रूम से मॉक ड्रिल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सभी जिलों से उनकी तैयारियों को लेकर चर्चा की। राहत और बचाव कार्यों के लिए उपकरणों की उपलब्धता, रिसोर्स मैनेजमेंट, स्वास्थ्य, सेना, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ तथा पैरामेडिकल टीमों की तैनाती तथा आपदा प्रबंधन पर चर्चा की।

सचिव डॉ. सिन्हा ने मॉक ड्रिल के दौरान जो कमियां मिलीं, उन्हें यात्रा शुरू होने से पहले दूर करने के निर्देश दिए। मॉक ड्रिल के दौरान उत्तरकाशी में होटल तथा धर्मशाला, नेताला में भूस्खलन तथा रोड ब्लॉक, चीड़बासा में बादल फटना, बदरीनाथ धाम में भूकंप तथा भगदड़, गोपेश्वर में आग, बाजपुर में रोड ब्लॉक, गौचर में रोड एक्सीडेंट, कलियासौड़ में बस दुर्घटना, डुंगरीपंथ में भूकंप, चमधार श्रीनगर में भूस्खलन, मायलु गांव में सड़क हादसा, हरकी पैड़ी में भगदड़, धरासू में रोड एक्सीडेंट, धनोला में भूकंप, देहरादून में राजपुर रोड स्थित जीजीआईसी में भूकंप की मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के जरिये किसी आपदा की स्थिति में एयरफोर्स की मदद लेने, हेलीकॉप्टर की लैंडिंग तथा टेकऑफ को लेकर भी प्लान प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर सचिव दिलीप जावलकर, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रशासन) यूएसडीएमए आनंद स्वरूप मौजूद रहे।

**पहल** कृषि विभाग ने शुरू की है पहल, किसानों के बाद बेरोजगारों को ड्रोन देने से खेती की भी मिलेगी जानकारी

# जिले के बेरोजगार युवाओं को ड्रोन से मिलेगा रोजगार

▸▸ गुरुवार को दो किसानों को ड्रोन देकर की गई योजना की शुरूआत

संवाददाता, काशीपुर



काशीपुर में बेरोजगार युवाओं को ड्रोन देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** किसानों के बाद जिले के बेरोजगार युवाओं को भी आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की योजना तैयार की जा रही है। इसके लिए कृषि विभाग बेरोजगार युवाओं के हाथों में ड्रोन दे रहा है। इससे बेरोजगार युवा डिमांड के अनुसार खेतों में आधुनिक तरीके से दवाओं का छिड़काव करेंगे और खेती के बारे में भी जान पाएंगे।

दरअसल, कृषि विभाग इफको ड्रोन परियोजना के माध्यम से जिले के बेरोजगार युवाओं को ड्रोन से रोजगार देने की शुरूआत कर दी है। इसके पहले चरण में जिले के छह युवाओं को ड्रोन दिए जायेंगे। काशीपुर इफको के ड्रोन परियोजना के क्षेत्रीय अधिकारी नीरज डोभाल ने बताया कि इफको ड्रोन परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। बताया कि किसान अपने खेतों में दवाओं के छिड़काव के लिए मजदूरों का इस्तेमाल करते हैं। बेरोजगार युवाओं को हाईटैक ड्रोन देने से उनको किसान दवाओं के छिड़काव व खेत संबंधित कार्य के लिए बुलाएंगे। इससे युवाओं को रोजगार के साथ ही खेती की जानकारी हो सकेगी।

### काशीपुर व गूलरभोज के युवा को दिया ड्रोन

**काशीपुर :** इफको के ड्रोन परियोजना के क्षेत्रीय अधिकारी नीरज डोभाल ने बताया कि काशीपुर व गूलरभोज के दो युवाओं को ड्रोन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्हें गुरुग्राम में स्थित इफको के ट्रेनिंग सेंटर में 20 दिन का प्रशिक्षण दिया गया। बताया कि अन्य युवाओं को भी प्रशिक्षण जल्द दिया जाएगा।

### 100 से 150 रुपये तक मिलेंगे प्रत्येक एकड़ पर

**काशीपुर :** ड्रोन की मदद से खेतों में दवा का छिड़काव आदि करने वाले बेरोजगार युवाओं को 100 से 150 रुपए प्रति एकड़ मिलेगा। बताया कि तराई में अधिकांश क्षेत्र में खेती की जाती है। इससे कईयों को रोजगार मिलने की संभावनाएं हैं।

### नोजगे के पूर्व छात्र कौशल बने सेना में डॉक्टर


कौशल जोशी।

**खटीमा:** नोजगे पब्लिक स्कूल हैप्पी मैम के वर्ष 2016-17 के मेधावी छात्र कौशल जोशी ने कमीशन पास कर भारतीय सेना में बतौर डॉक्टर दिल्ली बेस में ज्वाइन किया है। विद्यालय प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने कौशल को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कौशल जोशी के बड़े भाई देवेश जोशी भी सेना में कैप्टन के पद पर सेवारत हैं। उन्होंने भी इस विद्यालय से वर्ष 2016 में शिक्षा प्राप्त की थी। कौशल की सफलता पर एचसी पंत, आरपी पंत, वीरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह सोन, मो उस्मान बाबर, धीरज गुप्ता, अमित जोशी ने बधाई दी है।

## सार-संक्षेप

### लकड़ी काटने वाली मशीन की चपेट में आने से दो घायल

**अल्मोड़ा :** नगर के समीपवर्ती पेटशाल में प्लाई काटने का काम कर रहे दो श्रमिक लकड़ी काटने की इलेक्ट्रिक मशीन की चपेट में आने से घायल हो गए। हादसे में एक श्रमिक के पैर की तीन अंगुलियां कट गईं जबकि दूसरे के घुटने पर गंभीर चोट आ गई। परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर एक श्रमिक को हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। पेटशाल निवासी जोगा राम (49) और माधवानंद (47) पास ही में प्लाई काटने का काम कर रहे थे। काम करते समय अचानक दोनों इलेक्ट्रिक मशीन की चपेट में आ गए। मशीन से जोगा राम के बाएं पैर के घुटने में चोट आ गई। जबकि माधवानंद के दाहिने पैर की तीन अंगुलियां मशीन से कट गईं। परिजन और आसपास के लोग दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। दोनों को अस्पताल के इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। जोगा राम के घुटने में चार टांके लगाए गए और हालत गंभीर होने पर माधवानंद को हल्द्वानी रेफर करना पड़ा।

### सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** संयुक्त शिक्षा निदेशक आनंद भारद्वाज ने राजकीय इंटर कालेज चित्रेश्वर में प्रवेशोत्सव महोत्सव में भागीदारी की। कालेज के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में आज हर मूलभूत सुविधाएं बच्चों को दी जा रही हैं। निशुल्क किताबों, गणवेश, मध्याह्न भोजन, विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्ति एवं खेलकूद सुविधाओं की जानकारी अभिभावकों को दी। कालेज के बोर्ड परीक्षाफल पर भी उन्होंने संतोष जताया। बच्चों से वार्तालाप कर मेधावी बच्चों को सम्मानित किया। शिक्षकों की समस्याएं भी सुनीं तथा समाधान के प्रयास का आश्वासन दिया। इस अवसर पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी चौखुटिया विजय पांडे, प्रधानाचार्य भोलामोहन, एसएमसी अध्यक्ष मंजू त्रिपाठी, पीटीए अध्यक्ष महेश चंद्र एवं शिक्षक अभिभावक व बच्चे मौजूद थे।

### वानी और श्रद्धा ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में मारी बाजी


फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में सजे धजे नन्हे मुन्ने बच्चे।

**टनकपुर :** दीप एजुकेशनल एकेडमी प्ले स्कूल ने श्रमिक दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गईं जिसमें बच्चों ने अलग-अलग व्यवसायों से संबंधित आकर्षक पोशाक पहनकर प्रस्तुति दीं। जिसमें नर्सरी वर्ग में वानी गुप्ता प्रथम, साईं गुप्ता द्वितीय तथा वंश गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एलकेजी वर्ग में श्रद्धा शर्मा प्रथम, पियूष द्वितीय, अर्शिल तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के प्रबंधक दीपक कुमार, प्रधानाचार्या मीनू सिंह तथा कार्यक्रम सहायक शैलजा गड़कोटी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### निर्वाचन नामावली में संशोधन के लिए होंगे विशेष शिविर

**अल्मोड़ा :** जिलाधिकारी पिथौरागढ़ रीना जोशी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगर निकायों की निर्वाचन नामावली मतदाताओं के नाम सम्मिलित न होने एवं अन्य त्रुटियों के निवारण के लिए सभी निकायों के प्रत्येक वार्ड में सात दिन के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उपजिलाधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नगर पालिका धारचूला, गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ और बेरीनाग को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन आयोग के प्रावधानों अनुसार संबंधित क्षेत्रों में सात दिनों के विशेष शिविर के आयोजन कराए जाएं और दो सप्ताह के अंदर औचित्यपूर्ण प्रस्ताव जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराए जाए। ताकि उन्हें आयोग के समक्ष अवलोकन के लिए रखा जा सके।

### उत्कृष्ट परीक्षाफल पर अभिभावकों ने जताई खुशी

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** राजकीय इंटर कालेज चित्रेश्वर में हाईस्कूल का परीक्षाफल 96 तथा इंटर का 92 प्रतिशत रहा है। कालेज में हाईस्कूल में 11 तथा इंटर में 15 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। राउमावि महतगांव का हाईस्कूल परीक्षाफल 89 प्रतिशत रहा है। यहां पांच बच्चे प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। राजकीय इंटर कालेज महाकालेश्वर में हाईस्कूल का परीक्षाफल 87 तथा इंटर का परीक्षाफल 95 प्रतिशत रहा है। यहां कंचन भंडारी व चंद्र प्रकाश क्रमशः हाईस्कूल व इंटर के टॉपर रहे हैं। कालेज में हाईस्कूल के 6 तथा इंटर के 25 परीक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित की है। नव प्रभात पब्लिक हाईस्कूल बसभीडा.का बोर्ड परीक्षाफल इस बार भी शतप्रतिशत रहा। यहां 19 बच्चे प्रथम तथा 6 बच्चे द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। पांच मेधावी बच्चों ने 90 एवं 11 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में गौरव तथा दीपिका राणा 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर रहे हैं। अभिभावकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। साथ ही गुरुजनों को भी बधाई दी है।

### शारदा घाट पर श्रद्धालुओं की नगदी और मोबाइल चोरी

**टनकपुर :** गुरुवार को मां पूर्णागिरि के दर्शन के बाद शारदा घाट पर स्नान कर रहे एक परिवार का पर्स और मोबाइल चोरी हो गया। परिवार के सदस्य पल्लवी चतुर्वेदी ने बताया कि गुरुवार को सुबह स्नान करते समय चोर शशिकांत चतुर्वेदी पुत्र सत्यपाल चतुर्वेदी, निवासी ग्राम पापड़, दातागंज, बदायूं, उत्तर प्रदेश की पेंट ले उड़े। जिसमें मोबाइल और करीब तीन हजार की नकदी थी। साथ में ही सपना पत्नी अशोक के 3755 की नकदी भी चोरी कर ले गए। लोगों द्वारा कपड़े लेकर भागते हुए एक युवक को देखा। यह युवक सीसीटीवी फुटेज में भी दिख रहा है। यात्रियों ने बताया कि इस घटना की जानकारी पुलिस को दी भी तो पुलिस सक्रिय नहीं हुई। एसएसआइ बीएस बिष्ट ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच कर चोर को पकडऩे के प्रयास किए जा रहे हैं।

### जंगलों की आग गेस्ट हाउस तक पहुंची


आग बुझाने में जुटे कर्मचारी।

**लोहाघाट /चम्पावत :** बाराकोट के भारतोली में जंगलों में लगी आग गेस्ट हाउस की तरफ बढ़ गई। सूचना के बाद अग्निशमन अधिकारी चंदन राम के नेतृत्व में दमकल कर्मियों ने आग को बुझाकर गेस्ट हाउस को जलने से बचा लिया। लेकिन जंगल जलने से वन संपदा को काफी नुकसान हुआ है। बाराकोट में गल्लागांव और तड़ीगांव में चीड़ के जंगलों में आग लगने से वन संपदा को नुकसान हुआ है। दो दिनों से आग धधकी हुई है।

# जाखन देवी मार्ग पर रात में करें डामरीकरण, दिन में खुले सड़क

## सड़क बंद होने से लोग परेशान, व्यापार संघ ने अधिकारियों से मुलाकात कर उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा


जल निगम के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नगर के जाखन देवी मार्ग पर कराए जा रहे डामरीकरण का कार्य रात के समय कराने तथा दिन में सड़क को वाहनों के लिए खोलने की मांग की है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि निर्माण कार्य के चलते यह मार्ग पिछले चार महीने से बंद है। ऐसे में व्यापारियों समेत यहां के स्थानीय लोगों और सैलानियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

व्यापारियों के शिष्टमंडल ने जल निगम के अधिकारियों को बताया कि पूर्व में सीवर लाइन के निर्माण के लिए विभाग द्वारा इस मार्ग को जनवरी महीने में आवाजाही के लिए पूरी तरह बंद करने का निर्णय लिया था। लेकिन विभाग निर्धारित समय पर कार्य पूरा नहीं कर पाया और अप्रैल महीने तक इस मार्ग पर आवाजाही बंद रखी गई। जिस कारण जहां स्थानीय लोगों को तमाम परेशानियों कासामना करना पड़ा। वहीं कारोबारियों के व्यापार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा। व्यापारियों ने कहा कि अब विभाग ने डामरीकरण के नाम पर मई महीने में भी सड़क को बंद रखने का ऐलान किया है। व्यापारियों ने कहा है कि पर्यटन सीजन के दौरान मार्ग के बंद होने सैलानियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों की परेशानियां भी बढ़ गई हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि डामरीकरण का कार्य शाम सात बजे से देर रात तक किया जाए और सुबह सात बजे से मार्ग को छोटे वाहनों के लिए खोल दिया जाए। व्यापारियों ने मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनोज सिंह पंवार, नगर अध्यक्ष संजय साह, महामंत्री दीप चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष आनंद भोज, विनय किरौला, नीकेष उपाध्याय, हेम चंद्र गुरुरानी, सुधीर गुप्ता, मनीष मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# ब्रिगेडियर संजय यादव बने कुमाऊं रेजिमेंट के कमांडेंट

**▸▸ पूर्व में रह चुके हैं केआरसी के डिप्टी कमांडेंट**

संवाददाता रानीखेत


ब्रिगेडियर संजय यादव।

**अमृत विचार :** कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट पद पर ब्रिगेडियर संजय यादव, विशिष्ट सेवा मेडल ने कार्य भार संभाल लिया है। उनकी इस पद पर इनकी नियुक्ति करीब साढ़े चार माह पूर्व हो गई थी। लेकिन किसी कारण से ब्रिगेडियर यादव इस बीच जयपुर से कार्यमुक्त नहीं हो पाए थे।

ब्रिगेडियर यादव ने राष्ट्रीय स्तर तक बास्केटबॉल खेला है। उनका एनसीसी में भी बेहतर प्रदर्शन रहा है। इन्होंने गणतंत्र दिवस शिविर में दिल्ली निदेशालय का प्रतिनिधित्व किया था। 1993 में युवा विनिमय कार्यक्रम का सिंगापुर में भारत का प्रतिनिधित्व किया। ब्रिगेडियर यादव 1995 में 9 कुमाऊं रेजीमेंट में शामिल हुए। इसके बाद इन्होंने 15 कुमाऊं रेजीमेंट की कमान संभाली। इन्हें आतंकवादियों से निपटने का अनुभव रहा है। 2006 में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र बल का नेतृत्व किया। वर्ष 2011 में राष्ट्रपति द्वारा इन्हें विशिष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया। वर्ष 2012 में वायु सेना प्रमुख द्वारा भी इन्हें सम्मानित किया गया। ब्रिगेडियर संजय यादव द्वारा केआरसी कमांडेंट के साथ ही स्टेशन कमांडर सहित कैंट बोर्ड रानीखेत के प्रेजिडेंट का पदभार भी ग्रहण किया गया है।

ब्रिगेडियर संजय यादव का कहना है कि रानीखेत कैंट क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का समाधान होगा। वह नियमानुसार पूर्णतः प्रयासरत रहेंगे। गौरतलब है कि ब्रिगेडियर पूर्व में 29 अगस्त 2021 से 5 मार्च 2022 तक रानीखेत में केआरसी के डिप्टी कमांडेंट भी रह चुके हैं।

### ग्रामीणों ने टैंकरों से पानी की आपूर्ति करने की मांग उठाई

**अल्मोड़ा :** जिले के धौलादेवी ब्लॉक में चनोली ग्राम समूह पेयजल योजना से जुड़े आधे दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीणों ने जल संस्थान के अधिकारियों से पेयजल किल्लत वाले इलाकों में टैंकरों से पानी आपूर्ति करने की मांग उठाई है। ग्रामीणों ने कहा है कि इन क्षेत्रों के लोग पिछले दो महीने से पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। लेकिन लोकसभा चुनावों का बहिष्कार करने के बाद भी अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली है। राज्य आंदोलनकारी ब्रहमानंद डालाकोटी और जिला पंचायत सदस्य शिवराज बनौला ने कहा है कि चनोली ग्राम समूह पेयजल योजना से क्षेत्र के चनोली, गिरचोला, डालाकोट, मौनी, चापड़ समेत अनेक गांव जुड़े हुए हैं। लेकिन बीते वर्ष जल जीवन मिशन योजना के तहत विभाग ने इस योजना से क्षेत्र के कुछ और गांवों को जोड़ तो दिया लेकिन स्रोत से आवश्यकतानुसार पेयजल आपूर्ति करने के लिए कार्रवाई नहीं की गई। जिस कारण जिन गांवों को पूर्व में इस योजना का लाभ मिल रहा था अब वहां भी पेयजल आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विभाग ने जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए गए कार्यों में भारी धांधली बरती है। पूर्व में बनी योजनाओं से ग्रामीणों को कनेक्शन देकर अपना लक्ष्य तो पूरा कर लिया। लेकिन ग्रामीणों को इन योजनाओं से पानी की आपूर्ति हो भी रही है या नहीं। इस पर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा।

# जल संरक्षण के कार्यों में न हो अनियमितता

**▸▸ सीडीओ ने की जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा**

संवाददाता, अल्मोड़ा


विकास भवन में अधिकारियों की बैठक लेतीं सीडीओ आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में जल संरक्षण, नदियों और नौलों के पुनर्जागरण व संरक्षण के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

इन कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए जल संरक्षण के लिए प्रयास किए जाएं और अधिक से अधिक लोगों को इसके लिए जागरूक किया जाए, ताकि जल संरक्षण के क्षेत्र में उम्मीदों के अनुरूप सफलता मिल सके। यह बात मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने विकास भवन में जल संरक्षण, नदियों और नौलों के पुनर्जागरण व संरक्षण के लिए जनपद के विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। सीडीओ ने जल संचयन के लिए किए जा रहे रेनवॉटर हार्वेस्टिंग, तालाब निर्माण, छतों पर जल टैंक स्थापित करने, नदियों और नौलों के पुनर्जागरण के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी ली। साथ ही बांधों के निर्माण, नदियों के किनार प्रदूषण नियंत्रण, जल संचारित क्षेत्रों के संरक्षण के संबंध में किए गए कार्यों की प्रगति के बारे में भी जाना। सीडीओ ने अधिकारियों को सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने, कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बरते जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को परखने के लिए समय समय पर उनका निरीक्षण भी किया जाएगा। बैठक में डीडीओ एसके पंत समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# शराब की दुकान खोलने का ग्रामीणों ने किया कड़ा विरोध

**▸▸ काफलीखान के ग्रामीण बोले मांग ना मानी तो करेंगे आंदोलन**

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** भनोली तहसील के काफलीखान कस्बे में शराब की दुकान खोलने की सुगबुगाहट के बाद अब ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। इस मामले में क्षेत्र के अनेक गांवों के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है और काफलीखान कस्बे में शराब की दुकान न खुलवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो वह उग्र आंदोलन शुरू कर देंगे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी विनीत तोमर को भेजे पत्र में कहा है कि काफलीखान कस्बा क्षेत्र के सेला, मंगरू, तोला और काफली समेत अन्य गांवों से लगा हुआ है।

काफलीखान चौराहे पर ही बाल विकास परियोजना का कार्यालय है और आए दिन यहां से क्षेत्र के सैकड़ों स्कूली बच्चे आवागमन करते हैं। ऐसे में अगर इस पिछड़े और ग्रामीण कस्बे में शराब की दुकान खोली गई तो गांवों में अशांति का माहौल पैदा होगा और नई पीढ़ी के आसानी से नशे की गिरफ्त में आने की संभावना बनी रहेगी। ज्ञापन भेजने वालों में ग्राम प्रधान राजेंद्र प्रसाद, बबीता आर्या, ममता देवी, मंजू देवी, जानकी देवी, रजनी देवी, भवगती देवी, सीमा देवी, गुड्डी देवी, पुष्पा देवी, उमा देवी, गीता देवी आदि शामिल रहे।

### फिजिशियन न मिलने से बैरंग लौटे रोगी

**अल्मोड़ा :** नगर के जिला अस्पताल में दो फिजिशियन होने के बाद भी गुरुवार को रोगियों को एक भी फिजिशियन उपलब्ध नहीं हो सके। जिस कारण कई रोगी बैरंग वापस लौट गए तो कई रोगियों को निजी अस्पतालों में अपना उपचार कराना पड़ा। रोगियों के उपचार के लिए जिला अस्पताल में दो फिजिशियन तैनात किए गए हैं। लेकिन गुरुवार को एक फिजिशियन के अवकाश पर होने और दूसरे फिजिशियन के पोस्टमार्टम ड्यूटी में होने के कारण रोगियों को एक भी फिजिशियन उपलब्ध नहीं हो सका।

### समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अल्मोड़ा :** विकासखंड की मूलभूत समस्याओं के निराकरण को लेकर कांग्रेसी मुखर हो गए हैं। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में पेयजल, चिकित्सकों की कमी समेत अन्य समस्याओं के समाधान को लेकर तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा है कि द्वाराहाट क्षेत्र में पहले से ही पेयजल की समस्या है। बारिश कम होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जल संस्थान के पास एक ही टैंकर होने से संबंधित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जबकि विवाह समारोहों के लिए पानी जुटाना लोगों के लिए टेड़ी खीर साबित हो रहा है। कांग्रेसियों ने क्षेत्र में पेयजल समस्या से निजात दिलाने, स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक नियुक्त करने, वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए कारगर उपाय करने की मांग उठाई। साथ ही चेतावनी दी कि अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह आंदोलन करेंगे। ज्ञापन में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश सिंह अधिकारी, मनोज रावत, नारायण सिंह रावत, ग्राम प्रधान महेश रौतेला, क्षेत्र पंचायत सदस्य लाल सिंह रावत, तारा सिंह मेहरा, दीपक बिष्ट, महेंद्र रावत आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

## वर्ग पहेली-58

**बाएं से दाएं**

1. वध ; मारण।
4. 1. सब्ज़ी एवं फल आदि बोने तथा बेचने का व्यवसाय करने वाली एक जाति 2. सब्ज़ी एवं फल आदि बेचने वाला व्यापारी या दुकानदार।
5. खिलवाड़ में ही जिसका मन अधिक लगता हो।
7. बड़ी खुरपी।
8. 1. धरती पर पड़ा

**ऊपर से नीचे**

1. 1. निर्जल 2. जो बिना जल ग्रहण किए रहता या रह सकता हो।
2. मूर्ख, बेवकूफ़।
3. 1. डफ़ली के आकार का चमड़ा मढ़ा हुआ छोटा वाद्य जो लोक शैली के गायन में प्रयोग होता है 2. खंजरी, खंजरी।
4. अविवाहित, अपरिणीता ; कुमारी लड़की, कुंआरी।
5. खिलवाड़ करने वाला, खिलवाड़ी मानसिकता का, खिलाड़ी।
6. वह छोटा-सा पलंग जो रस्सी या निवाड़ से बुना जाता है और जिसमें चार पाए होते हैं, खटिया, खाट।



### वर्ग पहेली -57 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | ■ | ■ | 2 सें | ■ | ■ | 3 फ़ |
| त | ■ | ■ | 4 स | ह | चा | री |
| ति | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ज़ा |
| ■ | 5 नि | वे | शि | त | ■ | ■ |
| ■ | रो | ■ | प | ■ | ■ | 6 चिं |
| ■ | ध | ■ | ■ | ■ | 7 बं | ग |
| 8 ध | न | पि | शा | ची | ■ | ड़ा |

## सुडोकू -137

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 5 | 4 | | | | |
| 2 | 3 | | | | 9 | | | |
| 4 | | | | 6 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | | |
| | 7 | | | | | | 5 | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 1 | | | 9 | | 6 | | 4 |
| | 9 | | 4 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 3 | 2 | 7 | | |

### सुडोकू -136 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 | 6 | 8 | 4 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 5 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 9 | 1 | 2 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मई शुक्रवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 11.24 तक तत्पश्चात एकादशी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 4 मई 12.06 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

**मेष** – आज आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता की प्रशंसा होगी। विदेश में जॉब कर रहे लोगों की आय हो सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की प्रशंसा होगी। महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध होने के योग प्रबल हैं।

**वृष** – आज आपके उदार स्वभाव की प्रशंसा होगी। रिश्तों में ताजगी का अनुभव कर सकते हैं। नई विधा के कार्यों की तरह आपकी रुचि बढ़ेगी। आपकी आय में वृद्धि हो सकती है। सभी काम आपकी इच्छा के अनुसार ही परिणाम देंगे।

**मिथुन** – आज बॉस आपके ऊपर काफी निर्भर रहेंगे। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को बोनस मिल सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दोस्तों के साथ आप घूमने जा सकते हैं। सहकर्मियों के मदद से रुके हुए काम समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** – आज यदि कहीं बाहर जा रहे हैं तो खानपान का विशेष ध्यान रखें। बेवजह से झगड़ों से स्वयं को दूर रखें। अपने विचारों को दूसरों पर थोपने से आपको बचना चाहिए। सेहत के मामले में आपको परेशानी होगी।

**सिंह** – आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। अपनी बचत को लेकर थोड़े से आशंकित रहेंगे। भाई-बंधुओं के साथ विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी से कोई काम छिपा कर न करें वरना आपको भविष्य में समस्या हो सकती है।

**कन्या** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रतियोगी परीक्षा में बड़ी सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामले सुलझ सकते हैं। समय आपके लिए शुभ रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों की आय बढ़ सकती है।

**तुला** – आज रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। प्रेमी जन के व्यवहार से आप गुस्सा हो सकते हैं। आपका मन अशांत हो सकता है। आपके विरोधी अचानक सक्रिय हो सकते हैं। रिश्तों में नई ताजगी आएगी। परिवार के साथ आपको समय बिताना चाहिए।

**वृश्चिक** – आज आपके ऊपर लोग गलत आरोप लगा सकते हैं। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। परिवार के साथ आप समय बिताना पसंद करेंगे। व्यवसाय में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। जीवनसाथी का स्वास्थ्य थोड़ा खराब हो सकता है।

**धनु** – आज समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। घर का वातावरण बहुत शुभ रहने वाला है। संपत्ति विवाद खत्म होने के योग बन रहे हैं। अनुभवी लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार को लेकर आप गंभीरतापूर्ण निर्णय ले सकते हैं।

**मकर** – आज दांपत्य संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। बुजुर्ग लोग आपको बहुत अच्छी सीख देंगे। रिश्तेदारों से उपहारों का आदान-प्रदान होगा। आर्थिक स्थिति बेहतर रहने वाली है,किंतु धन का अपव्यय करने से बचें। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

**कुंभ** – आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव घटेगा। आपके आत्मविश्वास और मनोबल में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्यों में आप भाग लेंगे। बच्चे अपने भविष्य को लेकर थोड़े सशंकित हो सकते हैं। व्यापार में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**मीन** – आज व्यर्थ के कार्यों में ज्यादा धन बर्बाद न करें। खांसी-जुकाम की समस्या हो सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान और प्राणायाम अवश्य करें। नया काम शुरू करना बिल्कुल भी उचित नहीं है। शाम के समय परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी।

## आज की फिल्में

B4U Movies
- मजाल — सुबह : 10.46
- भीष्मा — रात : 07.00

Sony Max
- पीकू — सुबह : 10.51
- सत्यमेव जयते 2 — रात : 09.01

Sony Pix
- मॉन्स्टर हंटर — सुबह : 11.18
- पेसिफिक रिम — रात : 08.42

Zee Cinema
- गुलाब गैंग — सुबह :09.10
- बमफाड़ — शाम : 05.15

Colors Cineplex
- गब्बर इज बैक — सुबह :10.38
- आर ... राजकुमार — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



कलर्स सिनेप्लेक्स पर सुबह : 10.38 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

सोनू- तुम ऑपरेशन कराने से पहले ही क्यों भाग गए?
बंटी- नर्स बार-बार कह रही थी, डरो मत कुछ नहीं होगा हिम्मत रखो, कुछ नहीं होगा ये तो बस एक छोटा सा ऑपरेशन है।
सोनू- इसमें डरने की क्या बात है? सही तो कह रही थी।
बंटी- अबे,वो मुझसे नहीं डॉक्टर से कह रही थी।

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ?
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

रोहते सायकैर्विद्धं वनं परशुना हतम्।
वाचा दुरुक्तं बीभत्सं न संरोहति वाक्क्षतम्॥

बाणों से छलनी और फरसे से काटा गया जंगल पुनः हरा-भरा हो जाता है, लेकिन कटु-वचन से बना घाव कभी नहीं भरता।

## संपादकीय

# कर्नाटक की गूंज

कर्नाटक में सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप को लेकर भाजपा और जेडीएस संकट में हैं। आशंका है कि इस मामले की गूंज चुनाव के शेष चरणों में पूरे देश में सुनाई देगी। प्रज्वल और उनके पिता एवं कर्नाटक के पूर्व मंत्री एचडी रेवन्ना के विरुद्ध पुलिस ने उनकी एक घरेलू सहायिका की शिकायत के बाद यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी के आरोप में मामला दर्ज किया। प्रज्वल जेडीएस प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते हैं। माना जा रहा है कि वह इस समय जर्मनी में हैं। जेडीएस ने हासन से सांसद रेवन्ना को पहले ही पार्टी से निलंबित कर दिया है। जेडीएस राज्य में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। यौन शोषण के इन आरोपों से निपटने में भाजपा असहज महसूस कर रही है और उसने इस मामले से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी के कुछ नेताओं ने कहा कि वे सहयोगी दल के उम्मीदवार के चयन को लेकर असहज थे, क्योंकि पार्टी का आंतरिक मामला है लेकिन चिंता है कि यह प्रकरण कर्नाटक में पार्टी की संभावनाओं के साथ-साथ महिला मतदाताओं को प्रभावित कर सकता है। सवाल कर्नाटक राज्य की कांग्रेस सरकार पर भी है कि जब यौन-शोषण के अश्लील वीडियो सार्वजनिक हो चुके थे, तो प्रज्वल को हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों नहीं की गई? उसे तब तक हिरासत में रखा जाना चाहिए था, जब तक अधिकतर पीड़िताओं के पक्ष दर्ज नहीं होते।

कर्नाटक महिला आयोग ने इसे 'सबसे बड़ा सैक्स स्कैंडल' करार दिया है। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते हैं, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसे बचाने का प्रयास करने लगते हैं। कमोबेश ऐसे मामलों में आपस में रक्षा करते हैं। लगातार सवाल उठते रहेंगे कि रेवन्ना की विदेश भागने में किसने मदद की? विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि निलंबित जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना की जर्मनी यात्रा के संबंध में हमसे कोई राजनीतिक मंजूरी न तो मांगी गई और न ही यह जारी की गई। राजनयिक पासपोर्ट धारकों को जर्मनी की यात्रा के लिए किसी वीजा की आवश्यकता नहीं है। सवाल है कि क्या मंत्रालय उनका पासपोर्ट रद करने पर विचार कर सकता है। परंतु सवाल का सीधा जवाब मंत्रालय की ओर से नहीं मिला है। देखना दिलचस्प होगा कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती हैं और रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महंगी पड़ सकती है ग्लेशियर के प्रति लापरवाही



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं।

बीते दिनों भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सेटेलाइट इमेज जारी कर बताया कि किस तरह हिमालय के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और इसके चलते कई ग्लेशियर झीलों का आकार दोगुने से बढ़ा है। इस रिपोर्ट को पढ़ते ही याद आया कि इस तरह 6 फरवरी 2021 की सुबह ग्लेशियर का एक हिस्सा टूट कर तेजी से नीचे फिसलकर ऋषि गंगा नदी में गिर था।

विशाल हिमखंड के गिरने से नदी के जल-स्तर में अचानक उछाल आया और रैणी गांव के पास चल रहे छोटे से बिजली संयंत्र में देखते ही देखते तबाही थी। उसका असर वहीं पांच किलोमीटर दायरे में बहने वाली धौली गंगा पर पड़ा व वहां निर्माणाधीन एनटीपीसी का पूरा प्रोजेक्ट तबाह हो गया था। रास्ते के कई पुल टूट गए और कई गांवों का संपर्क समाप्त हो गया। उस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया था कि हमें अभी अपने जल-प्राण कहलाने वाले ग्लेशियरों के बारे में सतत अध्ययन और नियमित आकलन की बेहद जरूरत है। हिमालय की हिमाच्छादित चोटियों पर बर्फ के वे विशाल पिंड जो कि कम से कम तीन फुट मोटे व दो किलोमीटर तक लंबे हों, हिमनद, हिमानी या ग्लेशियर कहलाते हैं। ये अपने ही भार के कारण नीचे की ओर सरकते रहते हैं। जिस तरह नदी में पानी ढलान की ओर बहता है, वैसे ही हिमनद भी नीचे की ओर खिसकते हैं। इनकी गति बेहद धीमी होती है, चौबीस घंटे में बमुश्किल चार या पांच इंच। धरती पर जहां बर्फ पिघलने की तुलना में हिम-प्रपात ज्यादा होता है, वहीं ग्लेशियर निर्मित होते हैं। सनद रहे कि हिमालय क्षेत्र में कोई 18065 ग्लेशियर हैं और इनमें से कोई भी तीन किलोमीटर से कम का नहीं है।

हिमालय क्षेत्र के ग्लेशियर के बारे में यह भी गौर करने वाली बात है कि यहां साल में तीन सौ दिन, हर दिन कम से कम आठ घंटे तेज धूप रहती है। जाहिर है कि थोड़ी-बहुत गर्मी में यह हिमनद पिघलने से रहे। इसरो की ताजा रिपोर्ट देश के लिए बेहद भयावह है, क्योंकि हमारे देश की जीवन रेखा कहलाने वाली

> चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है, उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी।

गंगा- यमुना जैसी नदियां तो यहां से निकलती ही हैं, धरती के तापमान को नियंत्रित रखने और मानसून को पानीदार बनाने में भी इन हिमखंडों की भूमिका होती है। इसरो द्वारा जारी सेटेलाइट इमेज में हिमाचल प्रदेश में 4068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गेपांग घाट ग्लेशियल झील में 1989 से 2022 के बीच 36.49 हेक्टेयर से 101.30 हेक्टेयर का 178 प्रतिशत विस्तार दिखाया है। यानी हर साल झील के आकार में लगभग 1.96 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। इसरो ने कहा कि हिमालय की 2431 झीलों में से 676 ग्लेशियल झीलों का 1984 से 2016-17 के बीच 10 हेक्टेयर से ज्यादा विस्तार हुआ है। इसरो ने कहा कि 676 झीलों में से 601 झीलें दोगुना से ज्यादा बढ़ी हैं, जबकि 10 झीलें डेढ़ से दोगुना और 65 झीलें डेढ़ गुना बड़ी हो गई हैं।

चिंता की बात यह है कि जिन 676 झीलों का विस्तार हुआ है उनमें से 130 भारत की सीमा में हैं। यह भी विचारणीय है कि हिमखंड पिघलकर बन रही 14 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर हैं, जबकि 296 झीलें 5000 मीटर से भी अधिक ऊंचाई पर हैं। याद करें कि उत्तर-पश्चिमी सिक्किम में 17,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित दक्षिण ल्होनक ग्लेशियर झील पिछले साल अक्तूबर में फट गई थी। इससे आई बाढ़ के कारण 40 लोगों की मौत हुई थी और 76 लोग लापता हो गए थे। हिमाचल भी कुछ साल पहले पराच्छू झील के फटने से ऐसे ही त्रासदी का सामना कर चुका है। हिमालय को इतने विशाल ग्लेशियरों और हिमाच्छादित उत्तुंग शिखाओं के कारण तीसरे ध्रुव के रूप में जाना जाता है। यह क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के कारण प्रभावित सर्वाधिक संवेदनशील क्षेत्रों में से एक है। कोई 200 साल के दौरान जैसे-जैसे दुनिया में कल-कारखाने लगे ग्लेशियर के पिघलने की नैसर्गिक गति प्रभावित भी हुई। जब ग्लेशियर अधिक तेजी से पिघलते हैं तो ऊंचे पहाड़ों की घाटियों में कई नई झीलें बन जाती हैं, साथ ही पहले से मौजूद झीलों का भी विस्तार होता है। ऐसी झीलों को हिमनद झील कहते हैं। ये झील नदियों के जल स्रोत होते हैं, लेकिन इनका फट जाना अर्थात् ग्लेशियर लेक आउटबर्स्ट फ्लड (जीएलओएफ) एक बड़ी प्राकृतिक आपदा भी होती है। जब बर्फ से बने बांध अर्थात् मोराईन के कमजोर होने पर अक्सर ऐसे हादसे होते हैं। हिमालय भारतीय उपमहाद्वीप के जल का मुख्य आधार है और यदि नीति आयोग के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संख्या 2018 में तैयार जल संरक्षण पर रिपोर्ट पर भरोसा करें तो हिमालय से निकलने वाली 60 फीसदी जल धाराओं में दिनों-दिन पानी की मात्रा कम हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग या धरती का गरम होना, कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन और शीतलीकरण का काम कर रहे ग्लेशियरों पर आ रहे भयंकर संकट व उसके कारण समूची धरती के अस्तित्व के खतरे की बातें अब महज कुछ पर्यावरण-विषेशज्ञों तक सीमित नहीं रह गई हैं। यह सारी दुनिया की चिंता है कि यदि हिमालय के ग्लेशियर ऐसे ही पिघले तो नदियों में पानी बढ़ेगा और उसके परिणामस्वरूप जहां एक तरफ कई नगर-गांव जलमग्न हो जाएंगे, वहीं धरती के बढ़ते तापमान को थामने वाली छतरी के नष्ट होने से भयानक सूखा, बाढ़ व गरमी पड़ेगी। जाहिर है कि ऐसे हालात में मानव जीवन पर भी संकट होगा। हिमालय पर्वत के उत्तराखंड वाले हिस्से में छोटे-बड़े कोई 1439 ग्लेशियर हैं। राज्य के कुल क्षेत्रफल का बीस फीसदी इन बर्फ-शिलाओं से आच्छादित है। इन ग्लेशियर से निकलने वाला जल पूरे देश की खेती, पेय, उद्योग, बिजली, पर्यटन आदि के लिए जीवनदायी व एकमात्र स्रोत है। जाहिर है कि ग्लेशियर के साथ हुई कोई भी छेड़छाड़ पूरे देश के पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और सामरिक संकट का कारक बन सकता है।

कोई एक दशक पहले जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय पैनल (आईपीसीसी) ने दावा किया कि धरती के बढ़ते तापमान के चलते संभव है कि सन् 2035 तक हिमालय के ग्लेशियरों का नामोनिशान मिट जाए। उदाहरण के तौर पर कश्मीर के कौलहाई हिमनद के आंकड़े देकर बताया गया कि वह एक साल में 20 मीटर सिकुड़ गया, जबकि एक अन्य छोटा ग्लेशियर लुप्त हो गया। गंभीरता से विचार करें तो पाएंगे कि हिमालय पर्वतमाला के उन इलाकों में ही ग्लेशियर ज्यादा प्रभावित हुए हैं, जहां मानव दखल ज्यादा हुआ है। सनद रहे कि 1953 के बाद अभी तक एवरेस्ट की चोटी पर 3000 से अधिक पर्वतारोही झंडे गाड़ चुके हैं। अन्य उच्च पर्वतमालाओं पर पहुंचने वालों की संख्या भी हजारों में है। ये पर्वतारोही अपने पीछे कचरे का अकूत भंडार छोड़कर आते हैं। इंसान की बेजा चहलकदमी से ही ग्लेशियर सहम-सिमट रहे हैं। कहा जा सकता है कि यह ग्लोबल नहीं लोकल वार्मिंग का नतीजा है। जब तब ग्लेशियर के ऊपरी व निचले हिस्सों के तापमान में अत्यिक फर्क होगा, उसके बड़े हिस्से में टूटने, फिसलने की संभावना होती है। कई बार चलायमान दो बड़े हिमपिंड आपस में टकरा कर भी टूट जाते हैं।

हालांकि यह बात स्वीकार करना होगा कि ग्लेशियर के करीब बन रही जल विद्युत परियोजना के लिए हो रहे धमाकों व तोड़ फोड़ से शांत-धीर गंभीर रहने वाले जीवित हिमपर्वत नाखुश हैं। हिमालय भू विज्ञान संस्थान का एक अध्ययन बताता है कि गंगा नदी का मुख्य स्रोत गंगोत्री हिमखंड भी औसतन 10 मीटर के बनिस्पत 22 मीटर सालाना की गति से पीछे खिसका है। सूखती जलधाराओं के मूल में ग्लेशियर क्षेत्र के नैसर्गिक स्वरूप में हो रही तोड़फोड़ है।

## प्रसंगवश

# अर्थशास्त्रियों की नई पीढ़ी



अशोक पांडे
हल्द्वानी

शहरों-कस्बों में युवा अर्थशास्त्रियों की एक नई पीढ़ी ने गदर मचाया हुआ है। रील, मीम, वीडियो, ब्लाक की खुराक पर जिंदा रहने वाला इस हेलो गाइज पीढ़ी का हर सदस्य केवल एक ख्वाब देखता है-द ग्रेट इंडियन ड्रीम जितना जल्दी मुमकिन हो, किसी भी तरह ढेर सारा पैसा कमा लेना। मैं एक बीस साल के सफल यूट्यूबर का इंटरव्यू देख रहा था, जो 28-30 की उम्र में रिटायर हो जाना चाहता है। यह पूछे जाने पर कि उसके बाद वह क्या करेगा वह कहता है, 'चिल करूंगा और क्या?' ग्यारह-बारह से लेकर अठारह-बीस साल तक के इन बच्चों का शगल है स्टॉक और शेयर मार्केट की बातें करना और सुनना।

यह लत उन तक उन महात्मा अर्थशास्त्रियों के वीडियो देखकर पहुंची है, जो दस दिन में हजार रुपये का एक लाख करना सिखाते हैं। इन सुपर स्टार महात्माओं के चेले मां-बाप से मांगे गए फीस के पैसे तक शेयर मार्केट में लगा रहे हैं। एक जगह बहुत से छोकरे एक लोकप्रिय पहाड़ी गीत का वीडियो देख रहे थे। दोस्त टीनएजर्स को मुफ्त करियर काउंसलिंग बांटने के कुटैव से ग्रस्त है। उससे रहा नहीं गया। पास जाकर पूछने लगा, 'आप लोग कौन सी क्लास में पढ़ते हो बेटे?'

एकाध बच्चों के मोबाइल से आंख उठाकर अस्पष्ट आवाज में उत्तर दिया और फिर से वीडियो देखने लगे। सोलह-सत्रह साल का जो लड़का अपने मोबाइल में वीडियो दिखा रहा था, वह बाकी से थोड़ा अलग नज़र आता था, सीधे मित्र से मुखातिब हुआ। 'मैं अपना काम करता हूं।' दोस्त बहुत प्रसन्न हुआ। पहाड़ों के बच्चे इतनी छोटी आयु में अपना काम करने लगें तो चमत्कार हो जाए। 'क्या काम करते हो?' 'इन्वेस्टमेंट का काम है।' दोस्त चौंका। यह गजब का सरप्राइज था। ऐसी उम्र में ऐसा आत्मविश्वास! 'कहां करते हो इन्वेस्टमेंट?' दोस्त बच्चे को शेयर मार्केटिंग के कामयाब नुस्खे बताने की मानसिक तैयारी करने लगा था। लड़के ने बेजारी से मेरे दोस्त की तरफ हिकारत से देखा और नया वीडियो खोजने में व्यस्त होते हुए बोला, 'ड्रीम इलेवन में!'

# अतीत का सर्वकालिक फलसफा



कनक तिवारी
पूर्व महाधिवक्ता, छ.ग.

> ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है?

कम से कम दो हजार वर्षों से पूरी दुनिया उम्मीद भरी नजरें भारत पर ही टिकाए रही है। भारत में सभी प्रमुख धर्म हिंदू, इस्लाम, ईसाई, बौद्ध, जैन, पारसी, लाओत्से, कन्फ्युशियस और न जाने और कितने मजहबी विश्वास पनाह पाते रहे। मनुष्य को आत्मा के साथ जीने का शऊर सीखते रहे हैं। अलबत्ता हिन्दुस्तान युद्ध, मिलिटरी, हिंसा और साम्राज्यवादी फैलाव के वहशी इरादों से बेरुख रहा। इस कमजोरी के कारण उस पर दुनिया की सभी सभ्यताओं और देशों ने लगातार हमलावर होकर हुकूमत भी की।

मुगल, पठान, तुर्क, हूण, पुर्तगाली, अंग्रेज, फ्रांसीसी (और अब अमेरिकी) हिन्दुस्तान की छाती पर एक के बाद एक मूंग दलते रहे। शायद मुगल वंश पहला और अकेला हो जो हमलावर होकर आया, लेकिन न तो वापस चला गया न तिजारतजदां रहा और न उसने खुद को पर्यटक विदेशी समझा। उसने भारत के समाज, संस्कृति, सोच, दर्शन, इतिहास और अहसास को अपने अस्तित्व में उसके बरक्स जज्ब कर लिया। इसमें विवाद नहीं कि औसत दुनिया की हिंदू अपनी सोच, समझ और व्यवहार में धार्मिक आचरण का होता है। नेहरू और आंबेडकर दो सबसे बड़े संविधान नियंता हैं। उन्होंने पश्चिमी नस्ल के 'सेक्युलरिज्म' को संविधानोत्तर भारत के समाज का शऊर बनाने समीकरण रचे। शऊर तो दिमाग से उपजता है।

इसी तरह विवेकानंद ने यह बात कही थी कि निजी जीवन में धार्मिक रहो और सामाजिक जीवन में सेक्युलर हो अर्थात् आस्तिक सेक्युलर बनो। ऐसी सामाजिक और ऐतिहासिक कथाएं मसलन राम के चरित्र से उनके अवतारवादी ईश्वरीय अंश को अलग कर उनमें लोकतंत्रीय सुगंध और अनुगूंज ढूंढती है। धरती पुत्र राम को इस बात का श्रेय हासिल है कि हर हिंदू की आखिरी यात्रा में 'राम नाम सत्य है' का ही समवेत समर्थन गूंजता रहता है। इसी तरह हनुमान का चरित्र नपुंसकता, कमजोरी, पराजय और भय के बदले वीरता या साहस भरने का प्रतीक या प्रवक्ता है। हालिया 'जय श्रीराम' का नारा कमजोर के खिलाफ बलवान की, दलितों के खिलाफ सवर्ण की, गरीबों के खिलाफ श्रीमंतों की हिंसा का हथियार बनाया जा रहा है और फिर अन्य धर्मों के खिलाफ भी उसे लाउडस्पीकर की धमनियों में भरा जा रहा है।

भारत में पहली बार जनता के प्रतिनिधियों ने एक साथ बैठकर 300 हस्ताक्षरों में भविष्य के लिए संविधान लिखा। संविधान समझाता है तो उसका मजाक उड़ाते हैं। उसकी हेठी तक करने लगते हैं। महान हिंदू कौम ने दुनिया को इंसानियत, रूहानियत, सद्भाव और सहिष्णुता के मानक पाठ सबसे पहले और सबसे ज्यादा पढ़ाए हैं। कुछ लोग हिंदू होने का नकाब अपने चेहरे पर चस्पा कर महान जनवादी राम को अपने वोट बैंक का प्रचारक बनाते हैं। हनुमान की सेवा भावना और वीरता को कमजोर को डराने शगल करते हैं। यह भी सिक्के के दूसरे पहलू का सच है कि जो 15 प्रतिशत हैं। उन अल्पसंख्यकों में भी अपराधी नस्ल के कूढ़मगज हैं, कठमुल्ला तत्व हैं। वे स्त्रियों को बंदी बनाकर रखने को मर्दानगी कहते हैं। तीन तलाक को खुदा की इबादत समझाते हैं। मदरसों तक में बच्चों में जहर और जिहाद भरते हैं। इंसानी जिंदगी जीने देने में भी उन्हें कोफ्त होती रहती है। उन्हें इस बात की फिक्र होनी चाहिए कि पंद्रह सोलह प्रतिशत की आबादी वालों के कितने संसद और विधानसभाओं में हैं? कितने आईएएस और आईपीएस जैसी नौकरियों में हैं? कितने उद्योगपति हैं? राष्ट्रीय जीवन में कला, संगीत, फिल्म, दस्तकारी, खानपान वगैरह में नायाब प्रतिभागिता के बावजूद सामासिक संस्कृति के बनाने में उनसे भी कुछ हुल्लड़बाजों के कारण चूक क्यों हो रही है?

ऐसा संकट भरा भारत बहुत दिनों तक अपने अतीत का सर्वकालिक फलसफा कैसे बांचेगा जिसका संदेश पूरी दुनिया पढ़कर उसे अपने सरमाथे लगाते रही है? भारत जैसा पतन इतिहास में किस देश का हुआ है? महंगाई के कारण जीना मुश्किल हो रहा है। करोड़ों नौजवान बेरोजगार होकर निठल्ले घूमते व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी में पढ़ते अश्लील, कुंठित, अपराधी हरकतें कर रहे हैं। गरीब घरों के अधपढ़े या डिक्रीधारी नौजवान बच्चों का खून उन्हें बेरोजगार बनाकर चूस रहे हैं। नेताओं के बच्चे तो आक्सफोर्ड, हारवर्ड या कम से कम आईआईटी, आईआईएम वगैरह में दाखिल हैं। भारतीय निम्न मध्य वर्ग के युवाजन बददिमागी की हालत में मनुष्य से पशु बनाए जाने का खतरनाक अमानवीकृत अभियान चलाया जा रहा है। सरगना कॉरपोरेटियों की चेहरे की चाशनी बढ़ रही है, लेकिन शरीर का नमक घट रहा है।

## सोशल फोरम

# सही या गलत



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

संभवतः आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने कहा है कि तर्क स्वभावत क्षत्रिय है। आशय स्पष्ट है कि तर्क में किसी पक्ष की विजय हुई भी तो क्षति होनी ही है। आज विश्व में दो स्थानों पर विश्वयुद्ध की अनुगूंज साफ सुनाई दे रही है। हम तो केवल ईश्वर से प्रार्थना कर सकते हैं कि जल्दी शांति स्थापित हो। सही या गलत के बीच में लाइन खींचना कभी कभार कठिन हो जाता है।

यदि कहें कि यूक्रेन का पक्ष सही है तो आधे विश्व के नजर में उसका नाटो में शामिल होने की कोशिश गलत है। यदि सिपाही की गोली दुश्मन या आतंकवादी को मार देती है तो सही है, लेकिन यही गोली किसी नागरिक को लग गई तो गलत है। अपकृत्य विधि की नींव ही सही और गलत के कन्सैप्ट पर है। अब इसे छोटे स्तर पर कहता हूं तो यह उदाहरण आसानी से समझ आएगा। मान लीजिए की पत्नी श है और एक स्मार्ट पड़ोसी ल है। श कतिपय मानसिक और शारीरिक कारणों से क से खुश नहीं रह पाती है और ल इस स्थिति का लाभ उठाकर श के साथ सहानुभूति/शारीरिक संबंध प्राप्त करता है। यह नैतिक रूप से गलत है, लेकिन श और ल की दृष्टि में सही है। आप इसे निरपेक्ष भाव से लेंगे तो सही गलत के तर्क में पड़ेंगे ही नहीं और यदि तर्क में पड़ेंगे तो फिर वही होना है, जो शुरू में कहा है।

हथियार डाल देना एक कहावत है। इसे दूसरे शब्दों में सरेंडर कर देना भी कह सकते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध में जापान और जर्मनी के ध्रुवीकरण ने हथियार डाल दिए थे। 1971 में पाकिस्तानी फौज ने बांग्लादेश में हथियार डाल दिए थे। निकट भविष्य में यूक्रेन भी हथियार डाल ही देगा। यह तो बड़े-बड़े युद्ध की कहानी है। पुरुष भी हथियार डाल ही देता है, लेकिन नारी को ईश्वर ने अमोघ अस्त्र यानी कि उसकी दो गज लंबी जुबान दे रखी है जिसे न तो चलाने में ताकत लगती है और न ही यह खंजर कभी पुराना होता है। आजकल कभी कभार न्यूज चैनल देखता हूं तो समझ में आता है कि रणभूमि में नारी शक्ति को परास्त कर पाना सूरमाओं को भी छक्के छुड़ा देता है।

-फेसबुक वॉल से

# वेदों में श्रम का सम्मान



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

> वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

वेदों में श्रम की गरिमा प्रमुख अंतर्निहित अवधारणा है। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में श्रम का सम्मान था और श्रम के महत्व के रूप में व्यक्ति की प्रतिष्ठा थी, जो आर्थिक विषमताओं को नियंत्रित करने में सक्षम था। वैदिक ऋषियों के आर्थिक और श्रम संबंधी दृष्टि को ही समाजवाद के तत्संबंधी चिंतन का उद्गम स्रोत माना जा सकता है। भारतीय आदर्श "ईशा वास्यमिदं सर्वं यत्किंच जगत्यं" जगत के अनुसार तो मनुष्य अपने को केवल धन का संरक्षक समझें और अपनी आर्थिक समृद्धि को समाज के साथ साझा, बांटकर, दानवृत्ति से जीना चाहिए।

भारतवर्ष की प्राचीन सनातन परंपरा का आदर्श तो विश्व में समाजवाद का सर्वोच्च कीर्तिमान स्थापित करता है। व्यक्ति की उन्नति और समृद्धि को उसकी आर्थिक संपन्नता, दिखावटी भोगवादी जीवनशैली से नहीं मापा जाता। एक स्वस्थ मानसिकता, स्वस्थ शरीर, सादा जीवन, सबसे बांटकर जीना भारतीय आदर्श माना जाता था। यही कारण है कि भारतीय समाज में प्राचीन काल से अपने धन को परमेश्वर की कृपा समझने की परंपरा रही है। वेदों ने इसी भाव को समाज में विकसित करने पर जोर दिया है। वेद के कई सूक्तों में इस प्रकार के निर्देश पाए जाते हैं। ऋग्वेद के प्रथम अध्याय का पांचवां सूक्त इस पर ही केंद्रित है। यही सूक्त थोड़े परिवर्तन के साथ अथर्ववेद में भी आया है। वेदों में कहा गया है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कौशल को बढ़ाए। ऐश्वर्य की वृद्धि के लिए समाज का विभिन्न प्रकार के कार्यों के ज्ञान का सामर्थ्य बढ़ाया जाए और प्राकृतिक प्रतिभाओं का विकास हो। इस पर ऋग्वेद के नौवें अध्याय के 112वें सूक्त में काफी विवेचन मिलता है। वहां यह भी बताया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति की प्रवृत्ति और रूचि भिन्न-भिन्न होती है, इसलिए उन्हें उनकी रूचि और प्रवृत्ति के अनुसार ही काम मिलना और करना चाहिए। आकाश से लेकर पृथ्वी तक के सब असंख्य पदार्थों के साधक अत्यंत उत्तम वरण करने योग्य सद्गुणों को रचने में समर्थ, परंतु दुष्ट स्वभाव वाले जीवों के कर्मों के भोग के निमित्त और जीवमात्र को सुख-दुःख देने वाले पदार्थों के भौतिक गुणों का उपदेश करो, जो सब प्रकार की विद्या से प्राप्त होने योग्य पदार्थों के निमित्त कार्य हैं, उनको उक्त विद्याओं से सबके उपकार के लिए यथायोग्य युक्त करो। सब पदार्थ विद्याओं के ज्ञान के उपयोग से निश्चय ही सुख प्रदान करने के लिए उत्तम समृद्धि के धन अन्न और आवागमन के साधन प्राप्त होते हैं। भौतिक पदार्थों और उनकी प्रक्रियाओं के संभावित दुष्परिणामों के रोकथाम के लिए सुरक्षा के साधनों का प्रचार करो। अनुसंधान के ज्ञान से उत्पन्न होकर सुख-समृद्धि के साधनों की नदियां बह चलती हैं। संसार के पदार्थों के सुख को ग्रहण करने ले लिए विद्या आदि उत्तम ज्ञान से प्रेरित होकर श्रेष्ठ अत्युत्तम कर्म करने वाले पूज्यजनों का अनुसरण करो। जीवन को सुखदायी बनाने के लिए उत्तम व्याख्यान से ज्ञान तथा प्रशिक्षण से अतितीक्ष्ण बुद्धि और कर्मठ प्रवृत्ति जागृत होती। उन्नति के लिए उत्तम ज्ञान और उपदेश की शिक्षा द्वारा तुम सैंकड़ों काम करने का यश प्राप्त करो। ज्ञान-विज्ञान से समृद्धि आती है, परंतु यदि वह समृद्धि सुखदायक न हो तो, व्यर्थ ही है। इसलिए वेदों का स्पष्ट निर्देश है कि ज्ञान-विज्ञान और कौशल के विकास से हम समृद्धि तो प्राप्त करें, परंतु उसे केवल अपने भोग के लिए प्रयोग न करें। उसका उपयोग अपने सामाजिक दायित्वों को पूरा करने में करें।

आज शासन सीएसआर के द्वारा देश के व्यवसायी वर्ग को सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए बाध्य कर रहा है। वेद इसे बाध्यता नहीं, प्रेरणा द्वारा करवाने की बात कहते हैं। वे यह भी बताते हैं कि यदि हम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करते हैं तो समाज में न केवल अनाचार और हिंसा फैलती है, बल्कि उसके कारण हमारा जीवन भी अशांत हो जाता है। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि वेदों में न केवल विभिन्न प्रकार के कौशल और प्रौद्योगिकी का वर्णन है, बल्कि श्रम की गरिमा का भी महिमामंडन किया गया है।

# हरित क्रांति के जनक नॉर्मन बोरलॉग



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

नॉर्मन बोरलॉग ने मानव इतिहास पर सबसे बड़ा प्रभाव डाला है? वह एक वैज्ञानिक, शोधकर्ता थे, जिन्होंने दुनियाभर में फसल की पैदावार को बेहतर बनाने पर काम किया। 1940 के दशक में कई 'तीसरी दुनिया' के देशों में किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पर्याप्त गेहूं नहीं उगा पाते थे। सूखा, बीमारी और अन्य कारक उन्हें खुद को खिलाने के लिए पर्याप्त गेहूं की फसल उगाने से रोकते थे। उस समय मेक्सिको अपनी आधी आबादी को खिलाने के लिए ही पर्याप्त गेहूं उगा पाता था। इस समस्या को हल करने की कोशिश करने के लिए बोरलॉग ने उस समय मेक्सिको में रॉकफेलर फाउंडेशन के लिए काम किया। उन्होंने गेहूं की कई किस्मों को क्रॉस-ब्रीड किया जो सूखा-प्रतिरोधी, रोग-प्रतिरोधी थीं और जिससे पैदावार (प्रत्येक एकड़ से आपको मिलने वाले गेहूं की मात्रा) में वृद्धि होती जिसमें बड़े भारी गेहूं के दाने होते थे और फिर भी हवा और बारिश में खुद को सीधा रखने के लिए पर्याप्त मजबूत होते थे।

12 साल के भीतर बोरलॉग ने यह कर दिखाया और मेक्सिको गेहूं में आत्मनिर्भर हो गया। वे अपनी पूरी आबादी को खिलाने के लिए पर्याप्त मात्रा में फसल उगा सकते थे। इसके बाद बोरलॉग ने अपना ध्यान दक्षिण एशिया-भारत और पाकिस्तान की ओर लगाया, जहां अकाल अभी भी हर साल लाखों लोगों की जान ले रहा था। बोरलॉग वहां गेहूं की पैदावार को चार गुना बढ़ाने और भुखमरी के खतरे को खत्म करने में सक्षम थे जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। बोरलॉग को "हरित क्रांति" शुरू करने का श्रेय दिया जाता है, जो अब पूरी दुनिया में फैल चुकी है। उन्होंने अपनी तकनीक को मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में भी अपनाया जिससे लाखों लोगों की जान बच गई। गेहूं के साथ उनकी उपलब्धियों को चावल के साथ भी दोहराया गया जिससे दक्षिण-पूर्व एशिया के लोगों को भोजन मिला।

उनकी उपलब्धियों के लिए नॉर्मन बोरलॉग को 1970 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया, लेकिन वे यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपना ध्यान अफ्रीका और मकई की ओर लगाया और वहां भी अनगिनत लाखों लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराया। वे अपने पूरे जीवन में भुखमरी और कुपोषण को मिटाने के अपने मिशन पर काम करते रहे। 1980 और 90 के दशक में चीनियों के साथ मिलकर उनके गेहूं की पैदावार बढ़ाने के लिए काम किया।

तीसरे चरण की बात

मनोज त्रिपाठी

# भाजपा दो, कांग्रेस 44 सीटों पर पिछले तीन चुनावों से रही हार

**अमृत विचार।** 2024 के लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में सात मई को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 95 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इस चरण में गुजरात, गोवा, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव की सभी सीटों के साथ-साथ कर्नाटक में 14, महाराष्ट्र में 11 और उत्तर प्रदेश में 10, पश्चिम बंगाल की चार, बिहार की पांच, छत्तीसगढ़ की सात और मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान होगा। पहले दो चरणों में 190 सीटों पर वोट डाले जा चुके हैं। इस तरह आम चुनाव अपना आधे से ज्यादा सफर तय कर लेगा। तीसरे चरण में कांग्रेस के पास खोने के लिए ज्यादा कुछ नहीं, ऐसे में गठबंधन के साथियों पर नजर है, जबकि मोदी सरकार सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए पिछली बार जीती गयीं सीटें बचाने के साथ कुछ नए क्षेत्रों में कमल खिला सकती है।






| वोट शेयर-2019 | भाजपा | कांग्रेस |
|---|---|---|
| सीटें जिन पर चुनाव लड़ा | 83 | 77 |
| 10 % से कम मत मिले | 01 | 09 |
| 10% से 20% मत मिले | 01 | 02 |
| 20% से 30% मत मिले | 01 | 14 |
| 30% से 40% मत पाए | 02 | 35 |
| 40% से अधिक मत पाए | 78 | 17 |

### 40% से ज्यादा वोट पर 6 सीटें हार गई

- तीसरे चरण की 95 लोकसभा सीटों में भाजपा के लिए सिर्फ दो सीटें ऐसी हैं, जिन पर वह 2009 से 2019 के बीच हुए तीन चुनावों में एक बार भी नहीं जीती है, इसके मुकाबले कांग्रेस की स्थिति काफी दयनीय नजर आती है, क्योंकि पार्टी तीसरे चरण की 44 लोकसभा सीटों पर एक बार भी जीत नहीं हासिल कर पायी है। इसी तरह तीसरे चरण की 95 सीटों में 2009 में भाजपा ने 47 सीटें जीतीं थीं। 2014 की मोदी लहर में पार्टी का आंकड़ा 67 पर पहुंच गया और 2019 में जीतने वाली सीटों की संख्या 72 हो गई। भाजपा की सीटें बढ़ने के साथ वोट शेयर भी तेजी से बढ़ा है।
- 2019 में पार्टी को जीत भले ही 72 लोकसभा क्षेत्रों में मिली, लेकिन 78 सीटें ऐसी रहीं जिन पर 40 फीसदी से ज्यादा लोगों ने कमल का बटन दबाया। यानी छह सीटों पर भाजपा 40 फीसदी से ज्यादा वोट शेयर पाकर भी हार गई। इस बार के चुनाव में इन पर जीत के लिए भाजपा ने खास फोकस कर रखा है। इसके विपरीत कांग्रेस की 2009 में जीती गईं 27 सीटों की संख्या घटकर 2014 में 9 और 2019 में सिर्फ चार ही रह गई। तीसरे चरण में मतदान वाले क्षेत्रों में 47 सीटें भाजपा का गढ़ नजर आती हैं।

### तीसरे चरण की सीटों पर पिछले तीन चुनाव

| दल | तीन बार जीत | दो बार जीत |
|---|---|---|
| भाजपा | 42 | 24 |
| कांग्रेस | 01 | 08 |
| सपा | 01 | -- |
| राकांपा (शरद पवार) | 02 | -- |
| एआईडीयूएफ | 01 | -- |

### 2019 में कांटे की टक्कर वाले पांच मुकाबले

| लोकसभा क्षेत्र | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|
| मालदा दक्षिण | कांग्रेस | 8,222 |
| गोवा दक्षिण | कांग्रेस | 9,755 |
| बदायूं | भाजपा | 18,454 |
| कोरबा | कांग्रेस | 26,249 |
| फिरोजाबाद | भाजपा | 28,781 |

- मतदान वाली 95 लोकसभा सीटों पर भाजपा का विजय रथ रुकना मुश्किल
- 2019 में 78 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट पाए, 72 पर दर्ज की जीत
- पार्टी 47 सीटों पर जीत की लगा चुकी हैट्रिक, इस बार चौका मारने की तैयारी

### गुजरात और कर्नाटक ने लगातार खिलाया कमल

- भाजपा जिन सीटों पर पिछले तीन चुनावों से लगातार जीत रही है, उन 42 सीटों में ज्यादातर गुजरात और कर्नाटक की हैं। इसके विपरीत लगातार तीन दर्ज करने वाली कांग्रेस के पास सिर्फ एक सीट और अन्य दलों के खाते में चार सीटें हैं। 2009, 2014 और 2019 में लगातार दो और तीन जीत दर्ज करने वाली सीटों में 66 भाजपा के हिस्से में हैं, कांग्रेस के लिए यह संख्या नौ है।

### क्या कहता है... यूपी में तीसरा चरण

- उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। इनमें दो सीटों फिरोजाबाद और बदायूं में उसे मामूली अंतर से जीत मिली थी। इस बार सपा ने यहां पूरा जोर लगाया हुआ है। फिरोजाबाद से अक्षय यादव फिर मैदान में हैं और पिछली बार उनके प्रतिद्वंदी रहे शिवपाल सिंह यादव इस बार उनके साथ हैं। इसी तरह बदायूं में सपा ने शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया है। इसके साथ ही सपा के लिए मैनपुरी में अपना किला बचाने की चुनौती है। यहां पिछली बार उसकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे आ गया था। बसपा के लिए इस चरण में अपना खाता खोलना ही सबसे बड़ी चुनौती है।



उमड़ा जनसैलाब

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कल्याण क्षेत्र में उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ रोड शो किया और अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया।

# गुजरात का हाल : मोदी का चुनावी रथ अजेय, रोकना नामुमकिन जैसा

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** गुजरात में लोक सभा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में भाजपा, कांग्रेस के साथ आम आदमी पार्टी ने पूरी ताकत झोंक दी है। वर्ष 2014 और 2019 के पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में भाजपा ने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की थी। 2009 में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 15 और कांग्रेस को 11 सीटों पर जीत मिली थी। पार्टी इस बार क्लीन स्वीप की हैट्रिक लगाने के लिए तैयार है। पिछले दो दिनों में राज्य में रैलियां करके प्रधानमंत्री मोदी ने माहौल भगवामय कर दिया है। इसके जबाव में कांग्रेस भी अगले दो दिनों में राज्य में भाजपा का अजेय रथ रोकने के लिए धुआंधार प्रचार अभियान चलाएगी। राज्य में सात मई को 25 सीटों पर मतदान होना है।

गुजरात में लोकसभा की कुल 26 सीटें हैं। भाजपा के सूरत से प्रत्याशी मुकेश दलाल कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने के बाद निर्विरोध निर्वाचित किए जा चुके हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और आप में समझौता हुआ है। कांग्रेस 23 और आप दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने सत्ता विरोधी लहर से बचने के लिए अपने 14 मौजूदा सांसदों को टिकट नहीं देकर इस बार नए चेहरों को मैदान में उतारा है। हालांकि पार्टी ने इस बार राज्य में सिर्फ चार महिलाओं को ही टिकट दिया है।



कांग्रेस के तय कार्यक्रम के अनुसार पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को राज्य की राजकोट और अहमदाबाद सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगेंगे और पीएम मोदी के उन हमलों का जवाब देंगे, जो उन्होंने दो दिन के राज्य के दौरे के दौरान कांग्रेस पर लगाए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 'कांग्रेस यहां मर रही है, पाकिस्तान वहां रो रहा है। पाकिस्तान भारत में एक कमजोर सरकार चाहता है, जिस तरह 2014 से पहले की सरकार थी और देश में मुंबई आतंकवादी जैसे हमले संभव थे।' आम आदमी पार्टी भरूच और भावनगर में चुनाव लड़ रही है। जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुरुवार को पार्टी के प्रत्याशियों के लिए रोड शो करने के दौरान देश में तानाशाही के खिलाफ मतदान करने की अपील की है।

### 2024: कौन दल कितनी सीटों पर मैदान में

- भाजपा 25
- कांग्रेस 23
- आप 2
- बसपा 23

(सूरत का परिणाम घोषित होने के बाद)

### 2019 में मिलीं सीटें और वोट

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | 26 | 1,80,91,275 |
| कांग्रेस | 0 | 93,37,084 |
| अन्य | 0 | 16,53,605 |



मांगे वोट

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया और वाद्य यंत्र बजाकर मतदाताओं को रिझाया।

# दमन में भाजपा सांसद के सामने तीसरी बार कांग्रेस से पुराना चेहरा

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। दमन और दीव लोकसभा सीट पर इस बार भी भाजपा के लालूभाई पटेल और कांग्रेस प्रत्याशी केतन दयाभाई पटेल में सीधा मुकाबला है। पहले भी दो बार दोनों प्रत्याशी भिड़ चुके हैं, जीत भाजपा को मिली है। भारत के दूसरे सबसे छोटे केंद्र शासित प्रदेश दमन और दीव में अब तक कुल नौ बार लोकसभा चुनाव हो चुके हैं।

2019 के चुनाव में भी इस सीट से कांग्रेस ने केतन दयाभाई पटेल और भारतीय जनता पार्टी ने लालूभाई पटेल को उतारा था। बसपा भी यहां चुनाव लड़ी थी। उसने सकील लतीफ खान को उम्मीदवार बनाया था। भाजपा प्रत्याशी लालूभाई पटेल ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्हें 37,597 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन पटेल 27,655 वोट पाकर हार गए थे। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश बी पटेल 19,938 वोटों के साथ तीसरे स्थान थे। इससे पहले साल 2014 के लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी के लालूभाई पटेल ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल को करारी शिकस्त दी थी। लालूभाई पटेल को 46 हजार 960 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस के केतन दयाभाई पटेल 37 हजार 738 वोट पाकर हार गए थे।



जीत के लिए हुंकार

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने गुजरात के भाव नगर में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड शो किया।

# कुरुक्षेत्र में उलझता नजर आ रहा है चुनावी संग्राम

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर चुनावी संग्राम उलझता नजर आ रहा है। यहां इस बार भाजपा से उद्योगपति नवीन जिंदल ने पर्चा भर दिया है। पहले उनका सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सुशील गुप्ता से माना जा रहा था। कांग्रेस ने हरियाणा में कुरुक्षेत्र सीट आम आदमी पार्टी के लिए छोड़ी है। लेकिन अब बसपा की ओर से सरपंच दीपक मेहरा को कुरुक्षेत्र के मैदान में उतार दिया गया है। इनेलो से अभय चौटाला और जजपा से पालाराम सैनी पहले ही मैदान में हैं।

उद्योगपति नवीन जिंदल का हरियाणा की राजनीति में बड़ा मुकाम है। वह बीते दिनों कांग्रेस से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से दो बार सांसद रह चुके हैं। कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट का गठन वर्ष 1977 में किया गया था। इससे पहले यह क्षेत्र कैथल लोकसभा के अंतर्गत आता था। इस सीट पर कांग्रेस को 1984, 1991, 2004 और 2009 के चुनाव में जीत मिली थी। भाजपा का कमल यहां पहली बार मोदी लहर में 2014 खिला था। पार्टी को जीत भी ऐसी मिली कि यहां से लगातार दो बार सांसद रहे नवीन जिंदल पिछड़कर तीसरे नंबर पर पहुंच गए थे।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जीते थे पिछली बार

- 2019 में कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से भाजपा के नायब सिंह सैनी 6,86,588 वोट पाकर जीते थे। अब वह मुख्यमंत्री बन चुके हैं। कांग्रेस के निर्मल सिंह को 3,03,722 वोट और बसपा प्रत्याशी शशि को 75,533 वोट मिले थे।

# रेवन्ना के वीडियो कांड से भाजपा की चुनावी संभावनाएं बेअसर ?

चुनाव डेस्क

कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। इनमें से 14 सीटों पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण में वोट डाले चुके हैं, अब बाकी 14 सीटों पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान की तैयारी चल रही है। इस बीच जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना जिन्होंने राज्य की हासन लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा हैं, के अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की राजनीति में बवाल मचा हुआ है।

कांग्रेस इस मामले को मुद्दा बनाकर मतदान वाली 14 सीटों पर बढ़त लेने की कोशिश करती दिखाई दे रही है। इसके दूसरी ओर रेवन्ना के कथित सेक्स वीडियोज सामने आने के बाद जेडीएस बुरी तरह घिरती नजर आ रही हैं। मामला संवेदनशील होने के कारण





भाजपा नेता इस मुद्दे पर तो कुछ भी खुलकर बोलने से हिचक रहे हैं, लेकिन पार्टी को बेवजह घसीटे जाने पर विरोध जताते हुए कांग्रेस पर हमलावर हैं। जेडीएस इस बात से राहत में है कि रेवन्ना जिस हासन सीट से उम्मीदवार हैं, उसके साथ ही पार्टी के हिस्से वाली तीनों सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। हालांकि जानकार कांग्रेस की इस मुद्दे पर भाजपा को घेरने की कोशिशों के बाद भी पार्टी को कोई बड़ा नुकसान होने की संभावना से इंकार कर रहे हैं।

सांसद रेवन्ना के बारे में कहा जा रहा है कि वह देश से बाहर जा चुके हैं। जेडीएस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया है। लेकिन पार्टी नेता सवालों के घेरे में हैं। घरेलू नौकरानी की शिकायत पर प्रज्वल और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि अगर प्रज्वल देश छोड़कर भाग गया है, तो उसे वापस लाने और जांच जारी रखने की जिम्मेदारी एसआईटी की है। बीच चुनाव में पैदा हुए इस विवाद का असर जेडीएस की चुनावी संभावनाओं पर पड़ता नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि राज्य में जेडीएस सिर्फ तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। समझौते के तहत भाजपा 25 सीटों पर मैदान में है। कर्नाटक में भाजपा ने 2019 में 25 सीटें ही जीती थीं। जेडीएस हसन, कोलार, मंड्या से चुनाव लड़ रही है। मंड्या से कुमारस्वामी देवगौड़ा उम्मीदवार हैं। सात मई को चिक्कोडी, बेलगाम, बागलकोट, बीजापुर, गुलबर्गा, रायचूर, बीदर, कोप्पल, बेल्लारी, हावेरी, धारवाड़, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और शिमोगा में वोट पड़ने हैं। जेडीएस के खाते वाली तीनों सीटों पर मतदान हो चुका है। लेकिन भाजपा नेता जरूर इस प्रकरण के राजनीतिक नुकसान का आकलन करने में जुटे हैं। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दे रखा है, भाजपा एक भी सीट नहीं गंवाना चाहती है। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि ऐसा लगता है कि भाजपा और जेडीएस गठबंधन अश्लील वीडियो के तूफान से खुद को निकाल ले जाएगा। इसका एक कारण यह भी है कि शिवमोगा और दावणगेरे लोकसभा सीट को छोड़कर बाकी चुनाव उत्तरी कर्नाटक में हो रहे हैं, जहां इस प्रकरण का प्रभाव महसूस होने की संभावना काफी कम है।

अब इस प्रकरण का चुनाव पर क्या और कितना असर पड़ेगा, इसका पता तो परिणाम आने पर चलेगा, लेकिन जिस तरह यह बात प्रचारित की जा रही है कि भाजपा के स्थानीय नेता देवराजे गौड़ा ने कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष को पहले ही पत्र लिखकर मांग की थी कि प्रज्वल रेवन्ना या उनके परिवार के किसी सदस्य को गठबंधन से उम्मीदवार ना बनाया जाए, से जाहिर है कि इस मामले के नुकसान को लेकर अंदाजा चुनाव से पहले ही लगाया जा रहा था। कलबुर्गी में एक रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भाजपा और जेडीएस के गठबंधन को इस घटना के बाद घेरते हुए पीएम की चुप्पी पर सवाल खड़ा किया है। हालांकि जवाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिम्मेदारी राज्य सरकार पर डाली है, जिसने कार्रवाई करने में देरी दिखाई और रेवन्ना को विदेश जाने का मौका मिला।

- कर्नाटक में भाजपा 25 सीटों पर लड़ रही है लोकसभा का चुनाव
- जनता दल एस के हिस्से वाली तीनों सीटों पर हो चुका है मतदान
- कांग्रेस बढ़त के लिए लगातार भाजपा को घेरने के कर रही है प्रयास

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 885 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 860।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1390, सचिन 1535, सूरज 1415, अवसर 1625, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1550, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छांटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**-डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी (नई) 4100 रुपये।

# डिजिटल से मिले सही दाम, 2187 करोड़ का कारोबार

## किसानों ने 125 मंडियों में ऑनलाइन उपज बेचकर ई-नाम को दिया बढ़ावा, वर्ष 2023-24 में बेहतर रही प्रगति

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** किसानों ने मंडी समितियों पर भरोसा जताते हुए केंद्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) को बढ़ावा दिया है। उत्तर प्रदेश की ई-नाम से जुड़ी 125 मंडियों में उपज बेचने से वर्ष 2023-24 में 2187 करोड़ रुपये का डिजिटल कारोबार हुआ है।

ई-नाम एक पोर्टल है। इसमें उपज की गुणवत्ता तय होती है और सही दाम मिलते हैं। किसान बिना कहीं जाए देशभर की किसी भी ई-नाम मंडी के आढ़तियों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बात कर ग्रेडिंग उपरांत उपज बेचते हैं। ऑनलाइन व्यवस्था में समय की बचत के साथ 24 घंटे में किसानों के खातों में भुगतान आता है। इसमें सीधे व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं रहता है। ई-नाम खरीद में गेहूं, धान, मक्का, आलू, सरसों समेत कुल 219 कृषि उत्पाद अधिकृत हैं। प्रदेश में कुल 251 मंडी समिति हैं। किसानों की रुचि को देखते हुए शेष ई-नाम से जोड़ने की तैयारी है।

### अन्य मंडियां भी जल्द होंगी डिजिटल



### ई-नाम से कारोबार करने पर पांच मंडियां हुईं थीं मॉडल

2022-23 में ई-नाम से 100 फीसद कारोबार करने पर प्रदेश की बहराइच, हापुड़, कासगंज, झांसी व मुज्जफरनगर मंडी को मॉडल का दर्जा मिला था।

### ये होती हैं सुविधा

- मंडियों में किसानों के लिए एलईडी, लैब, इंटरनेट, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन पेमेंट की रहती है व्यवस्था।

**परीक्षण से तय होते दाम, व्यापारी ऑनलाइन लगाते बोली:** मंडी में आने वाले किसान ई-नाम या फिर आढ़ती को उपज बेचते हैं। आढ़ती सीधे उपज लेकर गुणवत्ता अच्छी होने पर भी मनमाने दाम देते हैं। भुगतान भी लंबित रखते हैं। जबकि ई-नाम में किसान सीधे मंडी कार्यालय में ऑनलाइन पंजीयन कराते हैं। इसके बाद उपज का परीक्षण कर गुणवत्ता तय कर ए,बी व सी श्रेणियों में दाम तय किए जाते हैं। इसके बाद मंडी कर्मी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपज की गुणवत्ता, दाम, सैंपल आदि दर्शाते हैं। यह प्रक्रिया किसी भी मंडी के व्यापारी एलईडी पर देखकर ई-बोली लगाकर खरीद करते हैं। और खुद उपज अपने खर्च पर मंगाकर मंडी को भुगतान करते हैं और मंडी 24 घंटे में किसानों को देती है।

इस संबंध में मंडी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि अक्सर स्थानीय व्यापारी गुटबंदी कर उपज खरीदते हैं। वे दाम भी नहीं बढ़ने देते हैं और मनमाने देते हैं। लेकिन, ई-नाम से उपज देशभर के व्यापारी देखकर खरीदते हैं। इसमें स्थानीय व्यापारियों का हस्तक्षेप नहीं होता है और किसानों को उनकी फसल के अच्छे दाम मिलते हैं। जिससे कि खेतीहर किसानों की आमदनी में इजाफा होता है। क्योंकि जब देश का किसान मजबूत होगा तो प्रदेश के साथ हमारा देश भी तरक्की की राह पर चलेगा।

# सोने की कीमत में 500 और चांदी में 400 रुपये की वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी



वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,304 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से 16 डॉलर ऊंचा है। चांदी भी बढ़त के साथ 26.45 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। पिछले कारोबार में यह 26.39 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,300 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,000 |
| चांदी आभूषण | 80,900। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**-शरबती 67 मसूरी 60, अंगूरी 55 बासमती 100, **दाल दलहन**-काला चना 85 साबुत चना दाल 78 मूंग साबुत 120 राजमा 150-160 दाल उड़द 125 साबुत मसूर दाल 85 मसूर दाल 87 उड़द साबुत 125 काबुली चना 130 अरहर दाल 170 लोबिया/करमानी 110 सोयाबीन 62 मूंगफली 50 मटर (सूखी) 42 मक्का 18 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 -106 मूंग छिलका: 102 मूंग साबुत: 100 चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

# इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार उत्पादों के आयात में चीन, हांगकांग की 56% हिस्सेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत के लिए जीटीआरआई ने जारी की रिपोर्ट

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है। इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है।

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि में दूसरा सबसे तेज सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल के जारी आंकड़े के अनुसार बढ़ती मांग को मिला समर्थन



भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिससे बढ़ती मांग को समर्थन मिला। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था।

पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही।

रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी। कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। यद्यपि कुल बिक्री की तुलना में यह वृद्धि धीमी रही, जिससे पता चलता है कि घरेलू बाजार वृद्धि का मुख्य चालक बना रहा। सामग्री और श्रम लागत में वृद्धि की खबरों के बीच भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में अपने विक्रय मूल्यों में वृद्धि की। भंडारी ने कहा-कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है।



## एक नजर

### पंजाब में बॉयलर फटा दो लोगों की मौत

**लुधियाना (पंजाब)।** लुधियाना में एक रबर फैक्टरी में 'बॉयलर' फट जाने से दो श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह घटना बुधवार को जसपाल बांगर गांव के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्टरी में घटी। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। उसने बताया कि इस घटना के संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है।

### कोलकाता हवाई अड्डे के पास लेजर शो पर प्रतिबंध

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधाननगर पुलिस कमीश्नर ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास लेजर शो पर प्रतिबंध लगा दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि हवाई अड्डे के अधिकारियों से शिकायतें मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन ने उत्तर 24 परगना के आठ थाना के आसपास क्षेत्रों में धारा 144 आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के तहत बुधवार से 29 जून तक लेजर लाइट शो के उपयोग पर रोक लगा दी है। जारी नोटिस में कहा गया कि पश्चिम बंगाल पुलिस ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के क्षेत्रों में लेजर लाइट शो प्रतिबंधित कर दिया है। यह एक दंडनीय अपराध है। कृपया ऐसी गतिविधियां करने से बचें! घरेलू उड़ानों के उड़ान भरते और लैंडिंग के समय दुर्घटना का अधिक खतरा बना रहता है।

# लोकसभा में राजग 400 पार की ओर अग्रसर: राजनाथ

## बिहार की चुनावी जनसभा में बोले रक्षा मंत्री, सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत

छपरा, एजेंसी

रक्षा मंत्री और पूर्व भाजपा अध्यक्ष राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सूरत और इंदौर का घटनाक्रम इस बात का संकेत है कि भाजपा नीत राजग लोकसभा में 400 से अधिक सीट के अपने लक्ष्य को हासिल करने की राह पर है। पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने बिहार के सारण लोकसभा क्षेत्र में मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी द्वारा अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के तुरंत बाद आयोजित की गई एक रैली में यह टिप्पणी की।

सिंह ने कहा-सूरत ने भाजपा के विजय का श्री गणेश हो चुका है।'' उनका इशारा भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल के निर्विरोध निर्वाचित होने की ओर था, क्योंकि अधिकतर उम्मीदवार चुनाव मैदान से हट गए थे और बाकी के नामांकन पत्र जांच के दौरान खारिज कर दिए गए थे। सिंह ने कहा-इंदौर में, कांग्रेस उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा-सारे देश का जो माहौल दिख रहा है, उससे हमें लगता है कि हमलोगों ने जो 400 पार का लक्ष्य निर्धारित किया है, उसे प्राप्त करने में हम कामयाब होंगे। मेरा पक्का विश्वास है।




बिहार के सारण में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पार्टी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी। ● एजेंसी

### समानता के इच्छुक लोगों को नक्सली बताने वाले नड्डा इस्तीफा दें: राहुल गांधी



**शिवमोगा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह आरोप लगाते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के इस्तीफे की बृहस्पतिवार को मांग की कि भाजपा नेता ने समानता चाहने वालों को नक्सली करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया-भाजपा नेताओं ने एक बार फिर संविधान पर हमला बोला है। नड्डा कह रहे हैं कि यदि दलित, पिछड़ी जातियां और आदिवासी समानता चाहते हैं तो वे नक्सली हैं। संविधान पर इससे बड़ा कोई हमला नहीं हो सकता।" गांधी ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अध्यक्ष को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए और प्रधानमंत्री को "संविधान पर हमले" के लिए दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्ग से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनकी पार्टी संविधान की रक्षा करेगी। उन्होंने कहा, "यदि भाजपा संविधान की रक्षा करना चाहती है, तो उसके अध्यक्ष समानता पर हमला क्यों कर रहे हैं?

# सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का ब्योरा मांगना बंद करें राजनीतिक दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने कहा-यह भ्रष्ट आचरण के समान है




निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा अपनी प्रस्तावित योजनाओं के लिए विभिन्न सर्वेक्षणों की आड़ में मतदाताओं का विवरण मांगने को गंभीरता से लिया है, क्योंकि यह चुनाव कानून के तहत भ्रष्ट आचरण के समान है।

चुनाव प्राधिकरण ने उल्लेख किया कि कुछ राजनीतिक दल और उम्मीदवार ऐसी गतिविधियों में संलग्न हैं जो वैध सर्वेक्षणों और चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के मद्देनजर व्यक्तियों को पंजीकृत करने के पक्षपातपूर्ण प्रयासों के बीच की रेखाओं को पार कर रहे हैं। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को किसी भी विज्ञापन, सर्वेक्षण या मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से चुनाव के बाद लाभार्थी-उन्मुख योजनाओं के लिए लोगों को पंजीकृत करने वाली किसी भी गतिविधि को तुरंत बंद करने के लिए एक सलाह जारी की। इसमें कहा गया है कि चुनाव के बाद के लाभों के मद्देनजर पंजीकरण के लिए निजी तौर पर मतदाताओं को आमंत्रित करने या बुलाने का कार्य निर्वाचक और प्रस्तावित लाभ के बीच एक लेन-देन जैसे संबंध का आभास पैदा कर सकता है और एक प्रलोभन जैसा है।

# उच्चतम न्यायालय ने निलंबित अधिकारी की पत्नी को जमानत देने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की पत्नी को जमानत देने से मना कर दिया। अधिकारी पर आरोप है कि उसने एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार और एस. वी. एन भट्टी की पीठ ने अधिकारी की पत्नी सीमा रानी की याचिका खारिज कर दी और कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है, जिसने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। खाखा पर नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच एक नाबालिग लड़की से कई बार बलात्कार करने का आरोप लगाया गया है और अगस्त में गिरफ्तार होने के बाद से वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# दहशत फैलाना, व्यवस्था बिगाड़ना था ईमेल भेजने का मकसद

नई दिल्ली, एजेंसी

### दिल्ली के स्कूलों में बम धमकी का मामला

दिल्ली के 100 से अधिक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी संबंधी ईमेल भेजने का मकसद बड़े पैमाने पर दहशत पैदा करना और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ना था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह दावा किया गया है।

प्राथमिकी तक पहुंच रखने वाले आधिकारिक सूत्र के अनुसार बुधवार को सुबह 5:47 बजे से अपराह्न 2:13 बजे के बीच कई स्कूलों की तरफ से, बम धमकी मिलने के बारे में कम से कम 125 कॉल आईं। सूत्र ने कहा कि कॉल आने के बाद पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वाहन स्कूल पहुंचे और जिला पुलिस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस), एमएसी, विशेष प्रकोष्ठ और अपराध नियंत्रण कक्ष, डीडीएमएस, एनडीआरएफ, 'फायर कैट्स' व अन्य एजेंसियों को सतर्क किया गया। सूत्र के अनुसार प्राथमिकी में कहा गया है कि स्कूलों की ओर इन इकाइयों की आवाजाही के कारण काफी असुविधा हुई। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने एक व्यापक अभ्यास के तहत स्कूलों को खाली कराया और पूरे शहर में जांच-पड़ताल की।

# उच्चतम न्यायालय ने अरावली में अवैध खनन रोकने का सरकार को दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकारों को सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाते हुए अरावली क्षेत्र में अवैध खनन रोकना चाहिए। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति अभय एस. ओका की पीठ ने कहा कि सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पीठ ने कहा-अरावली में अवैध खनन को रोकना होगा। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाएं, अन्यथा पहाड़ों के नाम पर केवल खोखली संरचनाएं होने का क्या फायदा? सतत विकास और पर्यावरण सुरक्षा के बीच संतुलन बनाना होगा। शीर्ष अदालत अरावली पर्वतमाला में अवैध खनन से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही है।

# चुनाव बाद शुरू होगा इंडियन रीडरशिप सर्वे

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- कोरोना काल की वजह से टल गया था पिछला सर्वे

**अमृत विचार:** लंबे अरसे बाद इंडियन रीडरशिप सर्वे शुरू होने जा रहा है। पिछला सर्वे 2019 में हुआ था। कोरोना की वजह से यह सर्वे बराबर टलता रहा था। अब लोकसभा चुनाव के बाद घर-घर जाकर पाठकों के बीच सर्वे किया जाएगा। बता दें कि प्रिंट मीडिया में उक्त सर्वे की रिपोर्ट को अहम माना जाता है और निजी क्षेत्र के राष्ट्रीय विज्ञापन दाता इसकी रिपोर्ट को काफी महत्व देते हैं।

रीडरशिप सर्वे शुरू करने के लिए इंडियन न्यूज पेपर समिति (आईएनएस) के ऊपर भी काफी दबाव है और हाल ही में हुई बैठक में प्रस्ताव पारित हुआ है कि यह सर्वे जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। भारतीय मीडिया अनुसंधान उपयोगकर्ता परिषद (मुंबई) द्वारा उक्त सर्वे कराया जाएगा। इस समय परिषद के अध्यक्ष शैलेश गुप्ता है जो आईएनएस के भी अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए माना जा रहा है कि आईएनएस के प्रस्ताव को एमआरयूसीआई गंभीरता से लेगा।

सूत्रों के मुताबिक इस बार पाठक सर्वेक्षण की खासियत यह होगी कि उसके दायरे में मंझोले अखबारों को भी लिया जाएगा। उदाहरण के लिए यदि किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर के तीन समाचार पत्रों की प्रसार संख्या ज्यादा है बावजूद इसके उस शहर में क्षेत्रीय स्तर का कोई समाचार पत्र भी ठीक-ठाक ढंग से प्रसारित होता है तो सर्वे के दायरे में क्षेत्रीय समाचार पत्र को भी शामिल किया जाएगा और आईआरएस रिपोर्ट में उसका उल्लेख भी किया जाएगा। क इंडियन रीडरशिप सर्वे विश्व का सबसे बड़ा पाठक सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वे दिल्ली सहित 29 राज्यों में होगा। जिसमें 4 लाख से ज्यादा घरों में एमआरयूसीआई के सर्वेक्षक व्यक्तिगत रूप से जाएंगे और पाठकों से समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं के बारे में राय लेंगे। इसमें रीडरशिप स्टडी काउंसिल के विशेषज्ञ का भी सहयोग लिया जाएगा। संभावना है कि लगभग 8 से 10 महीने में यह सर्वे पूरा हो जाएगा।

# दिल्ली में सहपाठी ने छात्रा पर किया ब्लेड से हमला

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के गुलाबी बाग इलाके में 14 वर्षीय लड़की पर उसके साथ पढ़ने वाली छात्रा ने कथित तौर पर ब्लेड से हमला कर दिया, जिसकी वजह से पीड़िता के चेहरे पर 17 टांके लगाने पड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस बीच, पीड़िता का परिवार घटना में शामिल छात्राओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है। मामला बुधवार को तब सामने आया जब दिल्ली पुलिस ने घटना से जुड़ा कथित वीडियो वायरल होने पर स्वतः संज्ञान लिया। वीडियो में दिख रहा है कि एक छात्रा के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं।

# 70,000 किलो हेरोइन गायब होने पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली उच्च न्यायालय ने नोटिस जारी करते हुए चार हफ्ते का दिया समय
- याचिकाकर्ता ने सरकारी आंकड़ों में दी गई जानकारी में विसंगति का किया है दावा




दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2018 से 2020 के बीच मालखाने से 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन के गायब होने का आरोप लगाने वाली याचिका पर केंद्र सरकार का रुख जानना चाहा है।

न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने बी आर अरविंदाक्षन द्वारा दायर याचिका पर नोटिस जारी किया और केंद्र से चार सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पेशे से पत्रकार याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि 2018 से 2020 तक देश में दवाओं की जब्ती के संबंध में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय के आंकड़ों के बीच भारी विसंगति है। अदालत ने बुधवार को पारित अपने आदेश में कहा-उन्होंने (याचिकाकर्ता) कहा है कि 2018 और 2020 के बीच कुल मिलाकर 70,772.48 किलोग्राम हेरोइन मालखाने से गायब हो गई है। नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल किया जाए। याचिकाकर्ता ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये मूल्य की 70,000 किलोग्राम से अधिक हेरोइन का "भयानक रूप से गायब होना" राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक नतीजों को लेकर चिंताएं बढ़ाता है। याचिका में कहा गया है कि "विसंगति" की भयावहता इतनी बड़ी है कि अगर इसे तुरंत हल नहीं किया गया तो इससे समाज में अराजकता फैल सकती है, लेकिन इस मुद्दे पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। याचिका के अनुसार-याचिकाकर्ता ने जोर देकर कहा है कि भारत में जब्त की गई पांच लाख करोड़ रुपये की 70,772.54 किलोग्राम हेरोइन गायब हो गई है, इसलिए मंत्रालय पर जोर दिया गया है कि देश की सुरक्षा और कल्याण के लिए तत्काल जांच का आदेश दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता ने ब्योरे के बेमेल होने के संबंध में कई दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है, जिसमें गृह मंत्रालय को एक निर्धारित समय अवधि में जांच के आदेश देने का निर्देश भी शामिल है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी।



### नितीश राणा और ट्रेविस हेड के अर्धशतक, सनराइजर्स ने रॉयल्स को 202 रन का दिया लक्ष्य

# राजस्थान पर भारी पड़ी हैदराबाद



**हैदराबाद, एजेंसी**

नितीश कुमार रेड्डी और ट्रेविस हेड के अर्धशतक से सनराजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी शुरुआत से उबरकर तीन विकेट पर 201 रन बनाए। नितीश ने 42 गेंद में आठ छक्कों और तीन चौकों से नाबाद 76 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उन्होंने हेड (58) के साथ तीसरे विकेट के लिए 96 रन जोड़ने अलावा हेनरिक क्लासेन (नाबाद 42) के साथ भी चौथे विकेट के लिए 70 रन की अटूट साझेदारी की। आवेश खान रॉयल्स के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 39 रन देकर दो विकेट चटकाए।

भारत की टी-20 विश्व कप टीम में जगह बनाने वाले युजवेंद्र चहल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 62 रन लुटाए और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद टीम की शुरुआत धीमी रही और मेजबान टीम पावर प्ले में दो विकेट पर 37 रन ही बना सकी। आवेश खान ने अभिषेक को आउट कराके पहली सफलता दिलाई। अनमोलप्रीत सिंह (05) ने आते ही चौका जड़ा लेकिन संदीप शर्मा की पहली ही गेंद को हाथों में खेल गए। हेड ने तेवर दिखाते हुए नौवें ओवर में युजवेंद्र चहल की लगातार दो छक्के और एक चौका मारा। नितीश ने 13वें ओवर में चहल पर दो छक्कों और दो चौकों के साथ टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। हेड ने संदीप की गेंद पर एक रन के साथ 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद हेड आवेश की गेंद पर बोल्ड हो गए। नितीश ने 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद क्लासेन ने अंतिम ओवर में संदीप पर छक्के और चौके से 15 रन जुटाकर सत्र में पांचवीं बार टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया।

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 10 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

**76** रन की नाबाद पारी खेली नितीश राणा ने जिसमें उन्होंने 42 गेंद पर आठ छक्कों और तीन चौके लगाए यह राणा के करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है।

**हैदराबाद 201/3** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 8

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो आवेश | 58 | 44 | 6/2 |
| अभिषेक शर्मा का जुरेल बो आवेश | 12 | 10 | 0/1 |
| अनमोलप्रीत सिंह का जायसवाल बो संदीप | 5 | 5 | 1/0 |
| नितीश कुमार रेड्डी नाबाद | 76 | 42 | 3/8 |
| हेनरिक क्लासेन नाबाद | 42 | 19 | 3/3 |

**गेंदबाजी :** बोल्ट 4-0-33-0, अश्विन 4-0-36-0, आवेश 4-0-39-2, संदीप 4-0-31-1, चहल 4-0-62-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी



### वंचित बच्चों के लिए शुरू किया टेनिस कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी (आरबीटीए) और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरू जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। बोपन्ना ने कहा हम कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के साथ साझेदारी करके इस अवसर को उन प्रतिभाशाली युवाओं तक पहुंचाने के लिए रोमांचित हैं जिनकी अन्यथा ऐसे संसाधनों तक पहुंच नहीं होती।

### शुभंकर की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत, चीन में संयुक्त सातवें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ शुरुआत करते हुए गुरुवार को पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर से वॉल्वो चीन ओपन में संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर चल रहे हैं। शुभंकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे रोमेन लांगेस्क और सबेस्टियन सोडरबर्ग से तीन शॉट पीछे हैं। रोमेन और सबेस्टियन ने पहले दौर में 63 का समान स्कोर बनाया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश दो अंडर 70 के स्कोर से संयुक्त रूप से 51वें स्थान पर चल रहे हैं।

### आयरलैंड, इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 के लिए हारिस की वापसी

**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 शृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। चयनकर्ता मोहम्मद युसूफ, अब्दुल रज्जाक और वहाब रियाज ने बताया कि पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी। आयरलैंड में तीन मैचों की शृंखला 10 मई से और इंग्लैंड के खिलाफ चार मैचों की शृंखला 22 मई से शुरू होगी।

### उबर कप क्वार्टर फाइनल में हारी भारतीय टीम



**चेंगदू (चीन)।** अश्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पी वी सिंधू के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी आया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरूआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है। पुरूष टीम थॉमस कप क्वार्टर फाइनल में चीन से खेलेगी।

### एफआईएच प्रो लीग के लिए महिला टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को बेल्जियम में 22 से 26 मई तक होने वाली एफआईएच प्रो लीग 2023-24 चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। एफआईएच प्रो लीग 2023-24 का बेल्जियम चरण 22 से 26 मई तक चलेगा, जबकि इंग्लैंड चरण एक जून को शुरू होगा और नौ जून को समाप्त होगा। भारत 22 मई को सलीमा टेटे की अगुवाई में अर्जेंटीना के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में अर्जेंटीना, बेल्जियम, स्पेन, इंग्लैंड और जर्मनी के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। भारत फिलहाल आठ मैचों में आठ अंक लेकर छठे स्थान पर है। इस बीच, मिडफील्डर नवनीत कौर उपकप्तान बनाया गया। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी सविता और बिचू देवी खारीबाम पर होगी, जबकि रक्षात्मक पंक्ति में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री और महिमा चौधरी शामिल हैं। मिडफील्ड सलीमा टेटे, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान और लालरेम्सियामी जैसे गतिशील खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। फॉरवर्ड पंक्ति में मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो और दीपिका सोरेंग हैं।

## कमजोरियों से पार पाने उतरेगी केकेआर



**मुंबई, एजेंसी**

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर है उसे पांच मैच और खेलने हैं। बुमराह (14 विकेट) और कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

**आज का मुकाबला**
मुंबई इंडियंस
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स
शाम 7:30 बजे

## भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश को हराकर 3-0 से बनाई विजयी बढ़त

**सिलहट (बांग्लादेश), एजेंसी**



गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में गुरुवार को बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की शृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली।

बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इस साल टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज अख्तर (39) और कप्तान सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से राधा यादव ने दो विकेट चटकाए। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका को एक-एक विकेट मिला।

## मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चार भारतीय

**अस्ताना (कजाखस्तान)**



**एएसबीसी एशियाई अंडर-22**

भारतीय मुक्केबाजों मांदेंगबाम जादुमणि सिंह, निखिल, अजय कुमार और अंकुश ने गुरुवार को यहां अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पुरुष अंडर-22 सेमीफाइनल में जगह बनाई।

जादुमणि ने 51 किग्रा के क्वार्टर फाइनल में भूटान के फुंटशो किनले को 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। निखिल (57 किग्रा) ने भी इसी तरह का दबदबा बनाया और उज्बेकिस्तान के बख्तियोरोव अयूबखोन को 4-0 से शिकस्त दी। अजय (63.5 किग्रा) और अंकुश (71 किग्रा) ने रेफरी के मुकाबले रोकने (आरएससी) पर अपने-अपने मुकाबले जीते। अजय ने मंगोलिया के दमदिंडोरज पी के खिलाफ पहले दौर में ही मुकाबला जीत लिया जबकि अंकुश ने कोरिया के ली जू सांग के खिलाफ तीसरे दौर में जीत दर्ज की। आशीष हालांकि पुरुषों के क्वार्टर फाइनल में मंगोलिया के ओयुन एर्डेन ई के खिलाफ 2-3 से हार गए। बुधवार देर रात आर्यन, निशा, आकांक्षा फलसवाल और रुद्रिका ने युवा वर्ग में अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते।

## कार्लोस का तीसरी बार मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूटा



**मैड्रिड।** रूस के टेनिस खिलाड़ी आंद्रे रुबलेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए स्पेन के कार्लोस अलकराज के लगातार तीन बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने के सपने को तोड़ दिया है। मैड्रिड ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एक सेट में पिछड़ने के बाद स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अलकराज को 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन 20 वर्षीय अलकराज ने 41 मिनट में शुरुआती सेट जीतने के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सके। रुबलेव ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में जोरदार प्रदर्शन करते हुए अलकराज की 14 मैचों की जीत की लय को तोड़ते हुए मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, सर्विस ने आज मुझे कई बार बचाया। मुझे लगता है कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह मेरे पहले मैचों में से एक था जहां मैं पूरी तरह से शांत था। मैंने एक शब्द भी नहीं कहा, भले ही मैं हार रहा था। मैं और भी बेहतर सर्विस करने में सक्षम था क्योंकि शुरुआत में, मैं उतनी अच्छी सर्विस नहीं कर पा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे, एक सेट के बाद मैं बेहतर होता गया और मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।

## विश्वकप में अमूल होगा अमेरिका-दक्षिण अफ्रीका का प्रायोजक

**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी-20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा।

अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने कहा अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। दक्षिण अफ्रीका के प्रायोजन के बारे में उन्होंने कहा अमूल 2019 वनडे शृंखला और 2023 वनडे विश्व कप से दक्षिण अफ्रीकी टीम से जुड़ा है। इस साझेदारी को आगे बढाने में हमें गर्व हो रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### नंद घर मुहिम से जुड़े मनोज



**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता मनोज वाजपेयी नंद घर मुहिम से जुड़ गये हैं, जिसका उद्देश्य सात करोड़ बच्चों और दो करोड़ महिलाओं के जीवन को बेहतर बनाना है। 14 लाख आंगनवाड़ियों में सुधार करने के लक्ष्य के तहत, नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ पूरे देश में एक विशेष कैंपेन की शुरुआत की है, जिसका शीर्षक है अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया। नंद घर द्वारा चलाए जा रहे इस कैंपेन का उद्देश्य भावी पीढ़ी को पोषित करना है, जिसमें समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों को सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा प्रदान करना शामिल है। इस मुहिम में शामिल होने पर मनोज बाजपेयी का स्वागत करते हुए, अनिल अग्रवाल, चेयरमैन, वेदांता, ने कहा प्रोजेक्ट नंद घर पूरे देश में बच्चों और महिलाओं को स्वस्थ और सुपोषित रहने में मदद करने पर केंद्रित है। मनोज बाजपेयी का इस महत्वपूर्ण मुहिम से जुड़ना हमारे लिए गर्व का विषय है। उनके निजी जीवन के अनुभव भावी पीढ़ियों के जीवन को बेहतर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, जो कि नंद घर के उद्देश्य के साथ बखूबी मेल खाते हैं। नंद घर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित, मनोज बाजपेयी ने कहा, व्यक्तिगत तौर पर भूख की पीड़ा से गुजरने के कारण मेरा मानना है कि जो व्यक्ति भूख का सामना करता है, उसका शरीर, मस्तिष्क और भावनाएं काफी प्रभावित होती हैं।

## आईपीएल के हिसाब से नहीं बनती टीम : रोहित

**मुंबई, एजेंसी**




भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने गुरुवार को कहा कि टीम प्रबंधन टी-20 विश्व कप में चार स्पिनरों के चयन को लेकर स्पष्ट था और अंतिम 15 खिलाड़ी चुनने में आईपीएल की बहुत भूमिका नहीं थी। भारत ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए चार स्पिनर और तीन तेज गेंदबाज चुने हैं। कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल कलाई के स्पिनर हैं जबकि अक्षर पटेल और रविंद्र जडेजा स्पिन हरफनमौला हैं।

रोहित ने प्रेस कांफ्रेंस में सवालों के जवाब में कहा मैं इस बारे में तफ्सील से बात नहीं करूंगा लेकिन मैं चार स्पिनर चाहता था। मैच सुबह दस बजे से शुरू होते हैं और इसमें काफी तकनीकी पहलू है। चार स्पिनरों को चुनने का कारण मैं अभी नहीं बताऊंगा। मैं चार स्पिनर चाहता था जिनमें से दो हरफनमौला है और इससे टीम को संतुलन मिलता है। विरोधी टीम को देखकर हम टीम संयोजन चुनेंगे। भारतीय टीम का चयन मंगलवार को किया गया। रोहित ने कहा कि बीच के ओवरों में टीम की जरूरत का काफी ध्यान रखा गया। शिवम दुबे को रिंकू सिंह पर तरजीह देने पर भी काफी सवाल उठे हैं। हमें यह समझना होगा कि पिचें और विरोधी टीम संयोजन कैसा होगा।

### पंड्या जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं : अगरकर

**मुंबई।** मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर ने भारत की टी-20 विश्व कप टीम में हार्दिक पंड्या के चयन का बचाव करते हुए कहा कि टीम को संतुलन देने के अलावा फिट रहने पर वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर आईपीएल में खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक को टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से क्रिकेट जगत को हैरानी हुई है। उन्होंने वनडे विश्व कप में भारत के लिए एकमात्र मैच अक्टूबर 2023 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अगरकर ने कहा कि उपकप्तानी को लेकर कोई बात नहीं हुई। उसने अभी तक मुंबई इंडियंस के लिए सारे मैच खेले हैं। हमें एक महीने और कुछ दिन बाद ही पहला मैच खेलना है। वह फिट है तो वह जो कर सकता है, उसका कोई विकल्प नहीं है। वह चोट के बाद लंबे समय में वापसी कर रहा है। हमें उम्मीद

## साद बिन जफर करेंगे टी-20 विश्व कप में कनाडा की अगुवाई

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरूष टी-20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं।

कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी-20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया था। कनाडा टीम में साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा शामिल हैं। वहीं, रिजर्व में ताजिंदर सिंह, आदित्य वर्धराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार को रखा गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# धार्मिक स्वतंत्रता पर भेदभावपूर्ण टिप्पणी पर भारत का पलटवार

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय ने कहा-राजनीतिक एजेंडा वाला पक्षपाती संगठन है अमेरिकी आयोग



भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग यूएससीआईआरएफ की उस रिपोर्ट को खारिज दिया। जिसमें भारत में भेदभावपूर्ण राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा देने का आरोप लगा था। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत की आलोचना करने वाली इस रिपोर्ट को पक्षपाती बता दिया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यूएससीआईआरएफ अपनी वार्षिक रिपोर्ट में भारत को लेकर दुष्प्रचार जारी है। हमें उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ कभी भारत की विविध और लोकतांत्रिक लोकाचार को समझने की कोशिश करेगा। भारत ने रिपोर्ट पर तीखा हमला करते हुए कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने की उनकी कोशिश कभी सफल नहीं होगी। अमेरिकी आयोग ये सब कुछ भारतीय लोकसभा चुनाव में हस्तक्षेप करने के लिए कर रहा है लेकिन वो कभी भी इसमें सफल नहीं हो पाएगा। यूएससीआईआरएफ को अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत अमेरिकी संघीय सरकार के एक आयोग के रूप में बनाया गया था, जिसके सदस्यों में राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा नियुक्त किया जाता है।

# यौन क्षमता से जुड़ी दवा विगोरा बेचने पर कोर्ट की रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने होमियोपैथी दवा निर्माता कंपनी द्वारा यौन क्षमता से जुड़ी समस्याओं के लिए बाजार में बेची रही दवा के विगोरा स्थायी रूप से रोक लगा दी। अदालत ने यह फैसला फाइजर प्रोडक्ट्स इंक द्वारा दाखिल याचिका पर सुनाया।

कंपनी वियाग्रा नाम से यौन समस्या के लिए अंग्रेजी दवा का उत्पादन करती है। न्यायमूर्ति संजीव नरुला की अदालत ने कहा कि दोनों नाम में समानता होने और एक तरह के वाणिज्यिक इस्तेमाल की वजह से भ्रम की बहुत अधिक आशंका है। अदालत ने रेनोविजन एक्सपोर्ट प्रा. लि. को निर्देश दिया कि वह विगोरा या कोई ऐसे नाम का इस्तेमाल न करे जो फाइजर के ट्रेडमार्क वियाग्रा से भ्रामक रूप से समान हो।

# जाओ फांसी लगा लो...कहना आत्महत्या को उकसाना नहीं

बेंगलुरु, एजेंसी

- कर्नाटक हाईकोर्ट की टिप्पणी उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता बयान

कर्नाटक हाईकोर्ट ने चर्च के पादरी की मौत के मामले में अहम टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि केवल ऐसा कहना कि 'जाओ फांसी लगा लो', आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रयास नहीं माना जा सकता।

अदालत में जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने विवादास्पद बयानों से जुड़े मामलों में आत्महत्या के लिए उकसाने की मंशा से जुड़े जटिल सवाल पर स्पष्ट किया कि जाओ फांसी लगा लो जैसा बयान फांसी के लिए उकसाने की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। तटीय कर्नाटक के इस मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप है कि उसने उसकी पत्नी के साथ कथित संबंधों को लेकर पादरी से आक्रामक बहस की। खबर के मुताबिक पादरी के साथ आक्रामक बहस के दौरान उसने आवेश में पादरी से पीछा छुड़ाने के लिए 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल कर डाला।

बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि पादरी ने केवल उनके मुवक्किल के कहने पर ही आत्महत्या जैसा कदम उठाया। ऐसा नहीं माना जा सकता। वकील ने अदालत से कहा कि 'जाओ फांसी लगा लो' जैसे कथन का इस्तेमाल पत्नी के संबंध की जानकारी मिलने पर गुस्से और हताशा के कारण हुआ।

# देश में बढ़ रहे पार्सल स्कैम, न करें ये गलती



*पार्सल के नाम पर शहरों तक फैल गया है। इसमें किसी कूरियर कंपनी से होने का दावा करने वाला व्यक्ति कोई घरेलू या अंतर्राष्ट्रीय पार्सल की सूचना देता है। यदि आप इस झांसे में आ गए तो आपके साथ फ्रॉड हो सकता है। जानें कि इस तरह के फ्रॉड कैसे होते हैं और इनसे कैसे बचा जा सकता है...*

### कैसे मिलती है अपराधियों को जानकारी

विदेश से पार्सल के नाम पर जालसाज इसकी जानकारी ई-कॉमर्स कंपनी, वेयरहाउसिंग या उनके लॉजिस्टिक्स पार्टनर से चुरा लेते हैं। यदि पूर्व सूचना नहीं है तो कॉल पर भरोसा न करें। फिर भी आपको परेशान करे तो पुलिस को सूचना दे सकते हैं।

### ऐसे करेंगे तो नहीं होगी ठगी

पार्सल के नाम से कॉल आए तो उसे नजरअंदाज करें और फोन उठा भी लें तो किसी ऑप्शन पर बटन न दबाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। ठगी होने पर नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या 1930 पर शिकायत दें। www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दें।

### कैसे रखें सुरक्षित

- ऐसी घटनाओं के बारे में संचार माध्यमों में खबरें आती हैं। इनकी जानकारी रखें ताकि आप ऐसी घटनाओं में पैटर्न को पहचान सकें।
- अगर धोखाधड़ी का संदेह है, तो कॉल करने वालों को ब्लॉक कर दें। गोपनीयता, डेटा सुरक्षा और कानून प्रवर्तन के विशेषज्ञों से परामर्श करें।
- यदि आपसे कहा जाता है कि आपके किसी शिपमेंट को कस्टम ने रोक लिया गया है, तो उसके बारे में आधिकारिक सम्मन मांगें।
- संवेदनशील व्यक्तिगत या वित्तीय जानकारी साझा करने या ओटीपी देने से बचें। किसी भी वित्तीय लेनदेन में जल्दबाजी न करें।
- धोखाधड़ी का शिकार हुए हैं, तो तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

## एक नजर

### नवाज के करीबी बोले-पाकिस्तान में फिर से हो सकते हैं आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पीएमएल-एन पार्टी के नेता ने बताया कि वह अगले दो सालों में नए चुनाव हो सकते हैं। नवाज शरीफ को चौथी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हो सकते हैं, यदि वह चुनाव जीतते हैं, तो यह उनका चौथा कार्यकाल होगा। पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए। इस चुनाव में नेशनल असेंबली बहुमत पाने में असफल रही। इस कारण से 74 वर्षीय नवाज शरीफ चौथी बार प्रधानमंत्री नहीं बन सके। लेकिन अगले दो सालों में अगर आम चुनाव होते हैं तो उनके प्रधानमंत्री बनने की पूरी संभावना हैं। ऐसा एक पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के नेता जावेद लतीफ ने कहा। उन्होंने कहा कि अगले दो साल में या पांच साल कभी भी चुनाव हों, पीएमएल-एन नवाज शरीफ ही चौथी बार सत्ता की कमान संभालेंगे।

### घाटी में आतंकी संगठन में शामिल होने जा रहा युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की काउंटर इंटेलीजेंस कश्मीर (सीआईके) ने एक कट्टरपंथी युवक को गिरफ्तार किया है जो बडगाम में आतंकवादियों के साथ शामिल होने जा रहा था। अधिकारियों ने बताया, सीआईके ने बीरवाह गांव के एक कट्टरपंथी व्यक्ति वसीम अहमद शेख को गिरफ्तार किया, जो आतंकवादी के पाकिस्तान में बैठे कुछ आकाओं के उकसाने पर आतंकवाद में शामिल होने वाला था। वैश्विक आतंकवादी संगठन की शाखा अंसार गजवत-उल-हिंद अपने पैर फिर जमाने की कोशिश कर रहा है। सूचना के आधार पर सीआईके ने कार्रवाई दौरान एक वसीम को गिरफ्तार किया है।

### भारत-इंडोनेशिया संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की बैठक कल

**नई दिल्ली।** भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त रक्षा सहयोग समिति की सातवीं बैठक कल होगी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और इंडोनेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डोनी एर्मावान टौफैंटो करेंगे। बैठक में दोनों पक्ष साझा हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। दोनों देशों के बीच रक्षा गतिविधियों में विविधता आई है जिसमें सेवाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय यात्राएं, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना में सहयोग और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

### यूएई में फिर खराब हुआ मौसम भारी बारिश के कारण कई उड़ानें रद

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद कर दी गईं। इससे दो सप्ताह पहले दुबई में आए अभूतपूर्व तूफान के चलते कई दिन तक जन-जीवन अस्त व्यस्त रहा था। बुधवार को देश के राष्ट्रीय आपात संकट एवं आपदा मोचन प्राधिकरण (एनसीईएमए) ने हालात से निपटने के लिए तैयारियां तेज कर दीं। हालांकि अब बारिश के पिछले महीने हुई बारिश की तुलना में कम गंभीर रहने का अनुमान है, लेकिन फिर भी लोगों से ऐहतियात बरतने का आग्रह किया गया है।

# नाराज चीन ने शहबाज के अनुरोध के बाद फिर ठुकराया राजकीय न्योता

## पाकिस्तान के पीएम क्षुब्ध, दो देशों की राजकीय यात्रा करने की परंपरा खत्म

इस्लामाबाद, एजेंसी

चीन इन दिनों पाकिस्तान से नाराज चल रहा है, जिसकी वजह से शपथ लेने के करीब दो महीने बाद भी पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ चीन की आधिकारिक राजकीय यात्रा का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के बार-बार अनुरोध के बावजूद चीन ने कोई जवाब नहीं दिया है।

अब मई के अंत में या जून में पीएम शहबाज शरीफ चीन- पाकिस्तान आर्थिक गलियारे पर संयुक्त सहयोग समिति (जेसीसी) की 13वीं बैठक में भाग लेने चीन की यात्रा पर जा सकते हैं, लेकिन यह राजकीय यात्रा नहीं होगी। बता दें, पाकिस्तान में नए पीएम के शपथ लेने के तुरंत बाद दो देशों की राजकीत यात्रा की परंपरा है। एक चीन और दूसरा सऊदी अरब। इस बार चीन और सऊदी अरब दोनों ने शहबाज को राजकीय यात्रा का निमंत्रण नहीं दिया है। शहबाज 28-29 अप्रैल को सउदी अरब गए लेकिन राजकीय दौरा नहीं था।

### नाराजगी की वजह सीपैक और अमेरिका, हमले रोकने में नाकामी



पाकिस्तान के बर्ताव से चीन खफा है। चीन-पाकिस्तान इकोनोमिक कॉरिडोर (सीपैक) प्रोजेक्ट पर काम कर रहे चीनी इंजीनियरों और नागरिकों पर हो रहे हमलों को पाकिस्तान रोकने में नाकाम रहा है। 26 मार्च को खैबर पख्तूनख्वा में 5 चीनी नागरिकों की हत्या के बाद चीन ने पाकिस्तान से स्पष्ट कहा था कि मामले की गहन जांच होनी चाहिए। चीन ने के इंजीनियरों को प्रोजेक्ट साइट तक पहुंचने के लिए बम रोधी वाहन उपलब्ध नहीं कराया गया। फिलाहल चीन की एक समिति पाकिस्तान में घटना की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है चीन

चीन पाकिस्तान के अमेरिका की ओर बढ़ते लगाव से भी चिंतित है। पिछले साल 12 सितंबर 2023 को पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने चीन की फंडिंग से बलूचिस्तान में बने ग्वादर पोर्ट का दौरा किया था। पहली बार इतने बड़े अधिकारी ने ग्वादर का दौरा किया था। जिस अमेरिका ने 15 साल तक जिस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई रखी, उसी ग्लादर पोर्ट प्रोजेक्ट को लेकर अमेरिका की रुचि ने चीन को परेशान कर दिया है।

### बिजली कंपनियों की बकाया राशि को लेकर भड़का चीन

पाकिस्तान से चीन ने बिजली कंपनियों का 550 अरब पाकिस्तानी रुपये की मांग की है। चीन की कंपनियां लंबे समय से यह पैसा मांग रही हैं लेकिन शहबाज सरकार उसे देने का नाम नहीं ले रही है। चीन के स्वंतत्र बिजली उत्पादकों का 550 अरब रुपये बकाया है और इसको चुकाने के लिए शहबाज सरकार कोई सिड्यूल नहीं दे पा रही है। शहबाज शरीफ अब जून के पहले सप्ताह चीन जा रहे हैं और माना जा रहा है कि यह मुद्दा प्रमुखता से उठ सकता है। वहीं चीन ने जोर देकर कहा है कि शहबाज शरीफ की इस यात्रा से पहले सभी लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया जाए।

# अमेरिकी विवि में फिलिस्तीन समर्थकों के तेवर आक्रामक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में फिलिस्तीन के समर्थन में आवाज उठने का सिलसिला जारी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी से शुरू हुआ विरोध-प्रदर्शन अब दूसरे कैंपस में भी अपना असर दिखा रहा है। लॉस एंजिल्स के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के कथित कब्जे से कैंपस को मुक्त कराने के लिए पुलिस को बल प्रयोग करना पड़ा है।

रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बैरिकेड्स हटा दिए हैं। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने जब पुलिस के आदेश को मानने से इनकार कर दिया तो 24 घंटे बाद उनके मजबूत कब्जे को हटाने के लिए पुलिस ने बलप्रयोग किया। कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लाउडस्पीकर पर चेतावनी दी और कहा कि उन्हें कई घंटों तक हिरासत में रखा जा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी प्रशासन के बलप्रयोग का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पुलिस के हेलीकॉप्टर कैंपस के ऊपर मंडराते देखे गए। फ्लैश-बैंग्स की तेज आवाजें भी सुनी गईं। इसकी मदद से पुलिस भीड़ को तितर-बितर करने का प्रयास करती है।

# यूएन में फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान एकमत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- रूचिरा बोलीं- दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का हो सकता है समाधान



संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने एक बार फिर इजराइल-फिलिस्तीन विवाद पर भारत का रुख साफ किया और कहा कि 'दो राष्ट्र सिद्धांत ही दोनों देशों के बीच विवाद का समाधान कर सकता है। वहीं पड़ोसी पाकिस्तान ने भी फिलिस्तीन को पूर्ण सदस्यता को लेकर पुनर्विचार करने की मांग की है। युद्धग्रस्त फिलिस्तीन को लेकर दोनों देश यूएन में एकमत रहे और दोनों फिलिस्तीन का समर्थन किया।

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत, दो राष्ट्र सिद्धांत का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। तभी फिलिस्तीन के लोग सुरक्षित सीमाओं के साथ आजादी से रह सकेंगे। साथ ही इजराइल की सुरक्षा चिंताओं का भी समाधान हो सकेगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिए फिलिस्तीन की मांग का समर्थन किया है। बता दें कि पिछले महीने अमेरिका ने फिलिस्तीन की इस मांग का विरोध किया था। रुचिरा कंबोज ने कहा कि 'हमें उम्मीद है कि संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के फिलिस्तीन के प्रयास को समर्थन मिलेगा।

### पाकिस्तान ने भी किया फिलिस्तीन का समर्थन

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने सुरक्षा परिषद से विश्व की बहुसंख्यक आबादी की राय के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र की पूर्ण सदस्यता के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर पुनर्विचार करने और उसका समर्थन करने की पुरजोर वकालत की है। पाकिस्तानी संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कहा कि यह कदम फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ ऐतिहासिक अन्याय में सुधार करेगा और द्विराष्ट्र समाधान की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## खतरे का निशान पार





**श्रीनगर :** भारी बारिश के चलते जम्मू-कश्मीर की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। श्रीनगर, जम्मू, रामबन और बनिहाल सहित कई स्थानों पर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन के चलते जम्मू को कश्मीर से जोड़ने वाले 270 किमी लंबे ऑल वेदर रोड पर यातायात रोक दिया गया है। श्रीनगर में झेलम नदी का जलस्तर बढ़ने से कई शिकारों को नुकसान पहुंचा है। ● एजेंसी

# यूक्रेन के खिलाफ रासायनिक हथियारों का इस्तेमाल कर रहा है रूस : अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस बीच बुधवार को संयुक्त राज्य अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय रसायनिक हथियार प्रतिबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगया। अमेरिका का कहना है कि रूस ने यूक्रेनी सैनिकों के खिलाफ चोकिंग एजेंट क्लोरोपिक्रिन को तैनात किया है। अमेरिका ने रूस पर यूक्रेन में दंगा नियंत्रण एजेंटों को इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। बता दें, क्लोरोपिक्रिन को रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) ने प्रतिबंधित चोकिंग एजेंट के रूप में सूचीबद्ध किया है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बयान में बताया कि रूसी सेना यूक्रेनी सेनाओं को उनके गढ़ से हटाने के लिए ऐसे रसायनों का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट ने यूक्रेनी सेना के हवाले से कहा था कि रूस ने एजेंटों के अवैध उपयोग को बढ़ा दिया है। यूक्रेनी सेना का कहना है कि रूस क्लोरोपिक्रिन के अलावा, सीएस और सीएन गैसों से भरे ग्रेनेड का भी इस्तेमाल कर रहा है।

# अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम के लिए अब रूस का प्रस्ताव पेश

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- अमेरिकी मसौदा पर वीटो के बाद रूस ने की हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील

अमेरिका और जापान की ओर से लाए गए एक प्रस्ताव को वीटो करने के कुछ दिनों बाद रूस खुद अंतरिक्ष में हथियारों पर लगाम लगाने वाला एक प्रस्ताव लेकर आया है। इस प्रस्ताव में सभी देशों से अंतरिक्ष में हथियारों पर हमेशा के लिए प्रतिबंध लगाने की अपील की गई है।

रूस का मसौदा प्रस्ताव अमेरिका और जापान के प्रस्ताव से कहीं आगे है। इसमें न केवल अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती पर रोक के प्रयास की अपील की गई है, बल्कि हमेशा के लिए अंतरिक्ष में खतरा या बल प्रयोग रोकने की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि अंतरिक्ष से पृथ्वी के खिलाफ और पृथ्वी से अंतरिक्ष में मौजूद उपकरणों के खिलाफ हथियार तैनात न करने की बात भी शामिल होनी चाहिए। यूएन में रूस की राजदूत वासिली नेबेंजिया ने यूएन में वीटो के वक्त कहा था कि प्रस्ताव में केवल परमाणु हथियारों सहित सामूहिक विनाश के हथियारों पर ध्यान केंद्रित किया गया है और अंतरिक्ष में अन्य हथियारों का कोई उल्लेख नहीं है। 24 अप्रैल को अमेरिका और जापान के प्रस्ताव पर मतदान होने से पहले, रूस और चीन ने एक संशोधन का प्रस्ताव रखा था, जिसमें सभी देशों से विशेष रूप से अंतरिक्ष क्षमताओं वाले देशों से, अंतरिक्ष में हथियारों की तैनाती को हमेशा के लिए रोकने का आह्वान किया था।

# जेल जाने की चेतावनी पर ट्रंप ने न्यायाधीश को कहा कुटिल

**वाशिंगटन।** अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। जज ने मंगलवार को ट्रंप को गैग आदेशों पर दोषी ठहराया है और जुर्माना भी लगाया है।

## विज्ञान

हबल व वेब के नए शोध से हुआ रहस्य का खुलासा, वैज्ञानिक कर रहे गहराइयों की खोज

# तेजी से होता था प्रारंभिक आकाशगंगाओं का विकास

नैनीताल कार्यालय



प्राचीन आकाशगंगा की तस्वीर।

**अमृत विचार :** अनंत में फैले ब्रह्मांड की थाह पाना मुमकिन नही तो नामुमकिन भी नही है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का बड़ा वर्ग इसकी गहराइयों की खोज में खोया रहता है। इस कड़ी में आई नई जानकारी के अनुसार प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाओं का विकास आश्चर्यजनक तेजी के साथ हुआ था।

खगोल विज्ञान की बेसिक जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि आकाशगंगाएं आम तौर पर काफी सीमित आकार की होती हैं। जिनमें सर्पिल, अण्डाकार, वर्जित-सर्पिल और अनियमित आकार लिए होती हैं। वर्जित-सर्पिल आकाशगंगा को आधुनिक ब्रह्मांड मे विशेष रूप से जाना जाता है। मगर हबल स्पेस टेलीस्कोप के जरिए खगोलविदों के नए अध्ययन ने पुराने दृष्टिकोण को चुनौती दी है। जिसकी पुष्टि के लिए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप द्वारा अध्ययन किए गए और खुलासा किया गया कि 11 अरब साल पहले प्रारंभिक ब्रह्मांड में आकाशगंगाएं वर्तमान की अपेक्षा तेजी से विकसित हुईं। अपनी आकाशगंगा का जिक्र करें तो मिल्की वे एक सर्पिल आकाशगंगा है। जिसमें एक केंद्रीय नाभिक और केंद्र से निकलने वाली सर्पिल भुजाएं हैं। हमारा सौर मंडल केंद्र से लगभग 25 हजार प्रकाशवर्ष की दूरी पर स्थित है। नेचर में प्रकाशित यह शोध पहली प्रत्यक्ष पुष्टि है कि सुपरमैसिव ब्लैक होल आकाशगंगाओं को बंद करने में सक्षम हो सकता है। हम जानते है कि आकाशगंगाएं स्थिर नहीं हैं। वे चलती हैं और विकसित होती हैं, साथ ही अपना आकार बदलते रहती हैं।

### आकाशगंगाओं के भविष्य के बारे में जानकारी देगी खोज

आकाशगंगा हमारे ब्रह्मांड की सबसे बड़ी वस्तु है। जिनकी संख्या अनगिनत हैं और हमारी पृथ्वी भी मिल्की वे का हिस्सा है, जो ब्रहमांड में एक तिनके जितनी भी हैसियत नही रखती है। मगर ब्रह्मांड का ज्ञान उतना ही जरूरी है, जितना कि हम अपने जीवन से रखते हैं। क्योंकि हमारे जीवन की तरह ब्रह्मांड के हर वस्तु का जीवन है और उसकी एक उम्र सुनिश्चित है। इस उद्देश्य को लेकर ब्रह्मांड के प्राचीन व वर्तमान आकाशगंगाओं की उम्र के ज्ञान को लेकर यह शोध महत्वपूर्ण है।

# अप्रैल में 77 आतंकी हमलों से थर्राया पाकिस्तान, 70 की मौत

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद स्थित एक थिंक टैंक की सुरक्षा आकलन रिपोर्ट में दावा किया गया है मार्च माह की तुलना में अप्रैल में आतंकी हमलों में बढोतरी दर्ज की गई है।

पाकिस्तान में मार्च महीने में 56 आतंकी हमले हुए, जबकि अप्रैल में अलग-अलग स्थानों पर 77 हमले हुए जिनमें 70 लोगों की जान चली गई। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) की रिपोर्ट के अनुसार, हमले में खैबर पख्तूनख्वा में भारी नुकसान हुआ है। इन हमलों में 35 नागरिक और 31 सुरक्षा कर्मियों समेत 70 लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हमलों के दौरान चार आतंकी मारे गए और 32 नागरिक और 35 सुरक्षा कर्मी हमले में घायल हुए हैं। तुलनात्मक रुप से, मार्च में 56 आतंकी हमले हुए जिनमें 77 मौत हुईं और 67 लोग घायल हुए थे।

# 13 साल तक बच्चों को न दें स्मार्टफोन

- फ्रांस के राष्ट्रपति द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति ने तीन माह तक किया शोध

पेरिस, एजेंसी

बच्चों को 13 वर्ष की आयु तक स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। इसके अलावा उनके इंस्टाग्राम, स्नैपचैट आदि जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म - के इस्तेमाल पर पूरी तरह से रोक - लगानी चाहिए।

यह सिफारिश फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों द्वारा गठित विशेषज्ञों की रिपोर्ट में की गई है। समिति ने तीन महीने तक किए गए शोध के आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार की है। इसके अनुसार, तीन साल तक के बच्चों को टेलीविजन - समेत किसी भी तरह की स्क्रीन के संपर्क में नहीं आना चाहिए। वहीं, 11 साल तक के बच्चों को किसी भी तरह का फोन नहीं देना चाहिए। अगर 11 से 13 वर्ष की आयु के बच्चों को फोन देना जरूरी है तो उसमें इंटनेट कनेक्टिविटी नहीं होनी चाहिए।

सिर्फ 13 वर्ष की आयु के बाद ही बच्चों को इंटरनेट से जुड़ा स्मार्टफोन इस्तेमाल करने देना चाहिए। रिपोर्ट में 18 वर्ष की आयु तक बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर रोक लगाने का भी कहा गया है। वहीं, 6 वर्ष की आयु तक बच्चों का हर तरह का स्क्रीन टाइम बहुत सीमित होना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट से जुड़े खिलौनो पर भी प्रतिबंध लगाना चाहिए, अगर संभव नहीं है दूर रखना चाहिए।

### इंटरनेट से जुड़े खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव



न्यूरोलॉजिस्ट, मनोवैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञों की समिति की रपोर्ट में कहा गया है कि नर्सरी स्कूल में स्क्रीन पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए। कहानी सुनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों के अलावा इंटरनेट से जुड़े सभी खिलौनों पर भी प्रतिबंध लगाने का सुझाव है। तकनीक के बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं : रिपोर्ट में कहा गया कि बच्चों को तकनीकी उद्योग के फायदे के लिए वस्तु की तरह इस्तेमाल किए जाने से बचाने की जरूरत हैं। कंपनियां अपने लाभ के लिए बच्चों को इस ओर आकर्षित कर रही हैं, इससे बच्चों को बचाने की जरूरत है। इस नए तकनीकी बाजार में बच्चे वस्तु बन रहे हैं। तकनीकी कंपनियां अपने लाभा के लिए बच्चों को स्क्रीन से जोड़े रखना चाहती हैं और वह अपने अनुसार चीजों को नियंत्रित कर रही हैं।